3 | **बस्तर संभाग** भाजपाइयों ने फूंका सीएम और पीसीसी अध्यक्ष का पुतला...

6 | **अभिमत** गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

10 | **संस्कारधानी** कांग्रेसी विधायकों की चिंता बढ़ी...

11 | **छत्तीसगढ़** कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को...



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 24 नवम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 92 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह 4 विशेष पीठों गठन करेगा



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अगले सप्ताह चार विशेष पीठों का गठन करेगा, जहां आपराधिक अपील, कर, भूमि अधिग्रहण और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को 'विशेष उल्लेख' के दौरान चारों पीठों के गठन की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने मंगलवार को पहली बार कहा था कि कर से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटने के लिए अगले सप्ताह से उच्चतम न्यायालय में एक विशेष पीठ गठित की जाएगी।

### सीवी आनंद बोस ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

**कोलकाता।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पूर्व अधिकारी सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कोलकाता के राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके कुछ कैबिनेट मंत्री और सरकार के शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रुपया 26 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व की बैठक से पहले दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 26 पैसे लुढ़ककर 81.93 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 81.67 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया 14 पैसे की गिरावट लेकर 81.81 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान लिवाली के दबाव में 81.93 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली होने से यह 81.74 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# रमन सिंह ने मुझे प्रताड़ित किया, अब केंद्रीय मंत्रियों को प्रताड़ित करने के लिए उकसाते है : बघेल




पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तीन दफा दौरा टलने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विधानसभा में भेंट-मुलाकात के साथ ही जिले में इस कार्यक्रम का समापन किया। जिले की आखिरी विधानसभा में दौरे के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को निशाने पर भी लिया और चुनौती भी दी।

एक सवाल के जवाब में उन्होने भावुक होते हुए कहा कि, डॉ. रमन सिंह ने मुझे खूब प्रताड़ित किया। मेरी माता को थाने में बिठवाया.. मेरे पूरे परिवार को थाना ले जाया गया..मेरी संपत्ति की जांच कराई..लेकिन मैं किसी से डरने वाला नहीं हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि, अब जब भी रमन सिंह दिल्ली जाते हैं, चाहे कोई केंद्रीय मंत्री यहां आते हैं, तो उन्हें उकसाते हैं कि इसकी भी जांच कराओ, उसकी भी जांच कराओ। उन्होंने कहा कि पहले सत्ता में थे, तो खुद प्रताड़ित किया और अब केंद्र के माध्यम से प्रताड़ित करवा रहे हैं। लेकिन जितना भी कोशिश कर लो, कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने डॉ. रमन सिंह के हालिया बयान पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि रमन सिंह की सोच सामंती है। उनके अंदर की जो घृणा है, वो कहती है कि मैं चूहा हूं। भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने कभी रमन सिंह के बारे में गलत तरीके से बात नहीं की, लेकिन भानुप्रतापपुर में उन्होंने मेरे बारे में साफ कहा कि ये मुसवा है, अब बाघ बन गया है, इसे फिर मुसवा बनाना है।

### राजनांदगांव क्षेत्र के लिए 63 करोड़ 61 लाख 21 हजार रूपए के 22 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 63 करोड़ 61 लाख 21 हजार रूपए के। 22 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिनमें 46 करोड़ 88 लाख 39 हजार रूपए के 17 कार्यों का भूमिपूजन एवं 16 करोड़ 72 लाख 82 हजार रूपए के 5 कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिसमें कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 7 करोड़ 96 लाख 79 हजार रूपए के 3 कार्य, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के अंतर्गत 2 करोड़ 65 लाख रूपए का एक कार्य एवं कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण लोक निर्माण विभाग दुर्ग के अंतर्गत 6 करोड़ 11 लाख 3 हजार रूपए के कार्य का लोकार्पण किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव के अंतर्गत 6 करोड़ 26 लाख 55 हजार रूपए के 7 कार्य, कार्यपालन अभियंताा जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 2 करोड़ 67 लाख 25 हजार रूपए का 1 कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 15 लाख रूपए का 1 कार्य, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 14 करोड़ 4 लाख 59 हजार रूपए के 7 कार्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव के अंतर्गत 23 करोड़ 75 लाख रूपए के एक कार्य का भूमिपूजन किया।



# ईडी ने ग्राउंड को किया और मजबूत, फिलहाल और 14 दिन जेल में रहेंगे चारों आरोपी

## जांच का दायरा बढ़ा, और अधिकारियों की हो सकती है गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



बुधवार को एक बार फिर रिंमाड पूरी होने के बाद मनी लॉड्रिंग-कोल स्कैम मामले के चारों आरोपी आईएएस समीर विश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, कोल व्यवसायी सुनील अग्रवाल एवं लक्ष्मीकांत तिवारी को ईडी की विशेष न्यायालय में पेश किया गया। तकरीबन 2 घंटे तक चली सुनवाई के बाद आरोपियों को फिर से 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल की ओर से जमानत की याचिका लगाई गई थी, जिस पर बहस हुई। सुनील अग्रवाल के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि हमारा पक्षकार एक व्यवसायी है उसने कोई अपराध नहीं किया। वहीं ईडी की ओर से यह जानकारी दी गई कि सुनील अग्रवाल का मामले के प्रमुख आरोपी सूर्यकांत तथा इस केस से ताल्लुकात है। और यह एक मिल-जुलकर किया गया अपराध है। जिसमें लोकसेवक भी शामिल हैं। ईडी के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि यह मामला एकदम अलग तरह का है। यह मिला-जुला अपराध है। जिससे काफी आर्थिक क्षति भी हुई है। यही रुपया विकास में लगता, स्कूलों में लगता, गरीबों के लिए खर्च होता, लेकिन सुनियोजित तरीके से अपराध को अंजाम दिया गया, जिसमें लोकसेवकों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होनें कहा यह कोई 5 रुपये के समोसे का मामला नहीं हैं। गंभीर विषय पर सेंट्रल एजेंसी जांच कर रही है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर एक बार फिर से 14 दिन की रिमांड दे दी गई। अब 6 दिसम्बर को मामले की पुनः सुनवाई होगी।

### अगली सुनवाई से पहले ईडी अपने पक्ष को करेगी और मजबूत, हो सकती है और अफसरों की गिरफ्तारी

अगली सुनवाई यानी कि 6 दिसम्बर से पहले ईडी अपनी जांच का दायरा और बढ़ा सकती है। इस बीच ईडी की टीम ने धमतरी, महासमुंद, कवर्धा, बलरामपुर के खनिज कार्यालय में दबिश दी, वहां से कुछ दस्तावेज साथ ले जाने की खबर मीडिया की सुर्खियां बनी रहीं। वहीं माइनिंग विभाग के कुछ और अफसरों से पूछताछ की गई। जहां और तथ्य भी सामने आने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि पूछताछ कर अफसरों को वापस छोड़ दिया गया है। जांच के आधार पर कुछ और अफसरों को ईडी जल्द गिरफ्तार कर सकती है।

# दिल्ली में युवक ने की परिवार के चार सदस्यों की हत्या

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजधानी के पालम इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में 25 वर्षीय एक युवक ने झगड़े के बाद कथित तौर पर अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान केशव के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी ने बताया कि पुलिस थाना पालम को मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे फोन पर सूचना मिली। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनके घर की ऊपरी मंजिल पर झगड़े और चीख पुकार की आवाज सुनाई दे रही है। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक झगड़े की सूचना देने के लिए थाने में फोन करने वाले व्यक्ति और उसके रिश्तेदारों ने आरोपी को पकड़ रखा था और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि केशव के पास कोई पक्की नौकरी नहीं थी। उसने महीने भर पहले उसने यह नौकरी छोड़ दी थी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी ने परिजनों से झगड़े के बाद उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हर मामले में तत्परता ही मीडिया विभाग की सफलता का मूलमंत्र- ओम माथुर

## भाजपा मीडिया का पुनर्निर्मित विभाग उद्घाटित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश मीडिया के पुनर्निर्मित विभाग का उद्घाटन छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने इस अवसर पर कहा कि प्रथम प्रश्न हमारी तरफ से होना चाहिए। आगे क्या बातें आने वाली हैं, इसका अंदाज भाजपा के मीडिया विभाग को पहले से होना चाहिए और यह तैयारी करनी चाहिए कि इन बातों पर उसका जवाब क्या होगा। सभी विषयों पर जवाब तर्कसंगत तरीके से होना चाहिए और यह जवाब इस तरह होने चाहिए कि प्रति प्रश्न की कोई गुंजाइश ही न रहने पाए। हर व्यक्ति को भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने मीडिया विभाग के नवीनीकरण के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया विभाग व मीडिया के बंधुओं को इस नए स्वरूप में अपने कार्य का निष्पादन करने में काफी सुविधा होगी और मीडिया विभाग की कार्य क्षमता में और अधिक विस्तार होगा।

# हिंदुस्तान में नफरत, डर और हिंसा फैलाई जा रही है : राहुल

वार्ता ‹ बुरहानपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि देश में नफरत, हिंसा और डर फैलाया जा रहा है और भारत जोड़ो यात्रा इसी के खिलाफ है। गांधी ने महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के बोदरेली में प्रवेश किया। इस दौरान मंच पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और अन्य नेताओं ने गांधी का स्वागत किया। राष्ट्रीय ध्वज हस्तांतरण समारोह भी आयोजित किया गया। गांधी ने कहा कि देश में नफरत, हिंसा और डर के माहौल के कारण किसान, श्रमिक और युवा सभी परेशान हैं। इन लोगों के मन में डर फैलाया जा रहा है। इन्हीं बातों के खिलाफ कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकालने का तय किया, जो कन्याकुमारी से प्रारंभ हुयी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जब यात्रा प्रारंभ हुयी थी, तब विपक्ष ने कहा था कि यह यात्रा पैदल नहीं की जा सकती है। लेकिन हम कन्याकुमारी से मध्यप्रदेश तक आ गए हैं और यहां पर 370 किलोमीटर चलेंगे।

### प्रियंका वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने इंदौर पहुंचीं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने मध्यप्रदेश के इंदौर पहुंचीं, जहां विमानतल पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। प्रियंका गांधी वाड्रा यहां से सड़क मार्ग द्वारा बुरहानपुर जाएंगी, जहां वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी। वे 24 और 25 नवंबर को यात्रा में शामिल होने के बाद 26 नवंबर को वापस लौट जाएंगी।

## मोदी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# चुनाव नरेन्द्र, भूपेन्द्र नहीं गुजरात की जनता लड़ रही है : मोदी

वार्ता ‹ मेहसाणा (गुजरात)
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह चुनाव ना नरेन्द्र लड़ रहा है ना भूपेन्द्र लड़ रहा है मंच पर बैठे लोग भी नहीं लड़ रहे इस बार गुजरात का चुनाव गुजरात की जनता लड़ रही है। गुजरात के युवाओ ने यह विजय ध्वज अपने हाथ में ले लिया है। मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गुजराती में कहा 'केम छे आपणुं मेहाणा', 'बधा सुख मां ने', 'रामे राम' (अपना मेहासाण कैसा है, सब सुख में हो, राम राम)। कुछ दिन पहले आप सब के बीच आने का मौका मिला मोढेरा आया था। देश का पहले सूर्य ग्राम मोढेरा का गौरव मेहसाणा जिले को मिला और मोढेरा सूर्य ग्राम का लोकार्पण होने के साथ ही देश का पहला सूर्य ग्राम मोढ़ेरा दुनिया में चमक गया। इसके साथ ही मेहसाणा जिला भी चमक गया। यह आप सब के आशीर्वाद से ही हुआ है। मैं यह सब कर सकता हूं इसका कारण इस मिट्टी ने मुझे बड़ा किया, संस्कारित किया है। यहां के पानी ने मुझे गढ़ा है। मेहसाण जिला राजकीय तरीके से जागृत जिला है जो भविष्य का फैसला करता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव ना नरेन्द्र लड़ रहा है ना भूपेन्द्र लड़ रहा है मंच पर बैठे लोग भी नहीं लड़ रहे इस बार गुजरात का चुनाव गुजरात की जनता लड़ रही है। गुजरात के युवाओने यह विजय ध्वज अपने हाथ में ले लिया है। माताएं बहने मैदान में उतरी हैं। इसलिए जहां भी जा रहा हूं एक ही नारा गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। देश की युवा पीढ़ी आज भाजपा की ओर बढ़ी है वह आंखों पर पट्टी बांधी हुयी पीढ़ी नहीं है। यह एक एक कदम का बारीक निरीक्षण, मूल्यांकन करती है। फिर वह निर्णय करती है कि किस रास्ते जाना है। उनको लगता है कि देश को आगे ले जाना होगा, आने वाले 25 वर्ष में देश को समृद्ध, वैभवी बनाना होगा तो भारतीय जनता पार्टी की नीति, रीति, रणनीति काम आएगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए व्यक्ति से बढ़कर पार्टी और पार्टी से बड़ा देश है। यह हमारे संस्कार हैं और हम इन संस्कार के साथ ही काम करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस भाई-भतीजावाद, परिवारवाद, जातिवाद, संप्रदायवाद और वोट बैंक की राजनीति का मॉडल है और उसने गुजरात और पूरे देश को बर्बाद कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा वीरमगाम से लेकर मेहासाणा तक कारखाने लगे हुए हैं। जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल, बैटरी का निर्माण जो हिन्दुस्तान के जीवन को बदलने का काम यह मेरी मेहसाणा की धरती से होने वाला है। अपना यह क्षेत्र ऑटो हब बन रहा है यहां से गाड़ियां जापान जाती हैं। यहां की बनी गाड़ी जापान में भी बिकती है। यह उत्तर गुजरात की धरती की ताकत है भाईयो। इलेक्ट्रिक वाहन आने पर दुनिया का बाजार कब्जे करने की ताकत इस जिले में आने वाली है।

### बीजेपी का काम केवल विकास करना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा को संबाधित करते हुए साथ ही कहा कि अब से 20 साल पहले यहां सिर्फ 55 लाख बिजली कनेक्शन थे, जो आज बढ़कर 2 करोड़ हो चुके हैं। क्योंकि, अब बिजली कनेक्शन के लिए लोगों को भ्रष्टाचार का सामना नहीं करना पड़ता। इसी तरह यहां के लोग पहले लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते थे। जबकि, आज घरों में रोजाना नर्मदा का पानी आ रहा है। पीएम ने कहा कि बीजेपी सरकार सत्ता में आई ही थी, तो पार्टी का मकसद केवल विकास कार्य करना था। इन सालों में हमने इतने विकास कार्य किए हैं कि विपक्ष भी सवाल पूछने में हमसे हिचकता है।

# इतिहास में कई योग्य लोगों को उचित दर्जा नहीं प्राप्त हुआ : सीतारमण

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को केंद्र में रही कांग्रेस की सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के इतिहास में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को उचित दर्जा नहीं मिला है। सीतारमण ने महान योद्धा लचित बरफुकन की 400वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कहा,÷बीते 70 वर्षों में उल्लेख के पात्र लोगों को इतिहास में उचित दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने बरफुकन को सच्चा देशभक्त बताया जिन्हें अपनी मातृभूमि के संरक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा अहोम सैनिक और प्रमुख कमांडर लचित बरफुकन ने असम की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि असम और उसके लोगों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। इसमें अहोम असाधारण थे। असम और इसके पड़ोसी इलाकों को आक्रमणों से सुरक्षित रखा गया। असम में आक्रमण की 17 कोशिशों को रोकना आसान कार्य नहीं है। सीतारमण ने कहा कि जिस तरह से अहोम वंश ने असम को संरक्षित किया इसने एक बड़ी किलेबंदी के रूप में भी काम किया है। जिसने पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को निर्मम आक्रमणों से बचाया है और आक्रमणकारी इससे आगे नहीं बढ़ पाए। केंद्रीय मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ देशभक्त को याद करने की इस पहल पर असम सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा,÷यह उत्तर पूर्व के कम याद किए जाने वाली हस्तियों को प्रदर्शित करने का एक शानदार प्रयास है। हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा,÷सदियों से इतिहास को अलग-अलग तरीकों से दर्ज करने के लिए मैं असम की संस्कृति से बेहद प्रभावित हूं। इसमें इतिहास को विभिन्न तरीकों से दर्ज किया गया है। उन्होंने इस दौरान सांस्कृतिक मंत्रालय से असम सरकार के साथ हाथ मिलाने का आग्रह किया जिसमें देश के महान योद्धाओं के इतिहास को एकत्रित किया जाए और इसका प्रचार किया जाए। इससे पूर्व असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने अपने संबोधन में कहा कि अगर अहोम मुगल आक्रमण को चकनाचूर नहीं करते तो आज दक्षिण पूर्व एशिया का मानचित्र कुछ अलग ही होता। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास ने मुगल राजाओं के इतिहास को पहचाना है।

# सुहेला तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय प्रारंभ हर मंगलवार को मिलेगी सुविधा : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री के घोषणाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसी के तहत अब सुहेला तहसील में उप पंजीयक कार्यालय की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। अब प्रत्येक मंगलवार को सिमगा उप पंजीयक कार्यालय के समस्त अधिकारी सहित कर्मचारी सुहेला में अपनी सुविधा देगें। उक्त समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही सामने आयी जिसके चलते ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई अशोक देवांगन एवं कसडोल जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा को कलेक्टर ने कड़ी फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही समय सीमा से बाहर सभी कार्यो पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में लम्पी वायरस की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। इसके तहत उप संचालक पशु पालन को टीकाकरण सहित एक हेल्प लाईन नम्बर प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में जिलें में खराब सड़कों के लिए स्वीकृत हुए कार्यो को समय सीमा के भीतर पूर्ण करनें के करनें के निर्देश सभी सम्बंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों दिए है। बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल,कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए है। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने आज विशेषकर धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा की धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई भी समस्या नही होनी चाहिए। इस बात का विशेष ख्याल रखें। नये धान खरीदी केंद्रों में भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। गाँव मे पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान अवश्य चलाएं एवं पैरादान के महत्व एवं उपयोगिता को ग्रामीणो को अवश्य समझाएं। इसके लिए सभी एसडीएम एवं सीईओ अपने-अपने स्तर में बैठक कर क्रियान्वयन के संबंध में योजना बना लेवें। साथ ही श्री धन्वंतरी मेडिकल, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना,राजीव युवा मितान क्लब, सी-मार्ट एवं अन्य निर्माण कार्यो की जानकारी, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण की प्रगति, गौधन न्याय योजना, गौ मूत्र, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय,ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाने वाली जानकारी सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा, डीएफओ मयंक अग्रवाल, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख, सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

## मितानिन दिवस पर नगरपालिका परिषद किरंदुल में मितानिनों का हुआ सम्मान



**किरंदुल।** मितानिन दिवस पर किरंदुल नगर की मितानिनों को श्रीफल व शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यालय नगरपालिका परिषद किरंदुल में आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक मितानिन रजन्ति कश्यप, ब्लॉक कोडिनेटर सविता नाईक, मितानिन प्रशिक्षक प्रभाती दास, सेक्टर डॉ. प्रेमलता साहू भी मौजूद रहें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर,गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना,अस्पताल ले जाना,जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। किरंदुल मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील कुमार जैन एवं पार्षद राजेंद्र मृणाल रॉय ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं, उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, पार्षद- राजू कुंजाम, दिनेश प्रसाद, गायत्री साहू, कीर्ति राणा, भानमती नाग, अशोक कश्यप, सुरेश पात्रे, दंतेश, मिलेन्द्र करकेट्टा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनोरा वन अमला कह रहा हमें जंगल झांकने की फुर्सत ही नहीं, लकड़ी तस्कर कीमती पेड़ों से निकाल रहें चिरान

पायनियर संवाददाता ➤ मनोरा
www.dailypioneer.com





सरकार वनों को बचाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन सारी योजनाएं फेल हो रही हैं। वनों की देख-रेख या वन लगाने का काम कराने के लिए हर क्षेत्र में वन रक्षकों को तैनात किया गया है। लेकिन वन रक्षक के रहते मुख्यालय से चिरान के लिए बड़े-बड़े पेड़ काट दिए जा रहे हैं और वन रक्षक गहरी नींद में सो रहे हैं। विकासखंड मुख्यालय में हाईस्कूल के पीछे की ओर से होते हुए लावा नदी सड़क किनारे लकड़ी तस्करों द्वारा चिरान के लिए बड़े पेड़ को कुल्हाड़ी से काट कर खाई में छुपा दिया गया है। पेड़ की कटाई से लेकर लकड़ी के अवैध चिरान की जानकारी वन रक्षक से लेकर वन विभाग के रेंजर को है लेकिन उनके स्तर से अबतक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे लकड़ी तस्कर निडर होकर इमारती लकड़ी का चिरान काट रहे हैं। वन विभाग से एक किलोमीटर की दूरी पर लकड़ी तस्करों ने रास्ते से ही पेड़ को काट कर खाई में फेंक दिया और धीरे धीरे से चिरान ले जाया जा रहा है।

**मुझे फुर्सत नहीं है** – वनरक्षक भूपेन्द्र पैंकरा से बात करने पर उन्होंने बताया कि अन्य कार्यों से उन्हें फुर्सत नही मिल रही। उन्होंने कहा, मैं जंगल गया पर अंदर नही गया। वनरक्षक का यह भी कहना है कि उस जंगल मे चिरान के लिए एक भी पेड़ नही है जबकि सच्चाई यह है कि उस जंगल मे इमारती पेड़ बहुतायात संख्या में हैं और तैयार भी हो रहे हैं।

**बैठकर ले रहे मोटा वेतन**– वन रक्षकों को बैठे-बैठे वेतन मिल रहा है। सरकार वन रक्षकों को 38 हजार से 60 हजार रुपए महीने की भुगतान कर रही है। और लाखों रुपए के पेड़ चिरान के लिए लकड़ी तस्कर काट कर ले जा रहे हैं। वन विभाग को कानो कान इसकी खबर नहीं मिल रही हैं।

# विकासखंड भाटापारा से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थी चयनित

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




विज्ञान के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं के लिए नवाचारी अवसर और विचारों को प्रोत्साहन देने के लिए भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना 2021-2022 के लिए भाटापारा विकासखंड के विभिन्न शासकीय और अशासकीय शालाओं से 13 बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।समस्त चयनित प्रतिभागी दिनांक 28 नवंबर व 29 नंम्बर को महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तैयार मॉडल का एग्जीबिशन करेंगे। विकासखंड भाटापारा से सर्वाधिक चार प्रतियोगी डीएवी टिकुलिया शाला से हैं जिनमें अभिनव शर्मा, ज्योति साहू, लोकेश साहू एवं शिवम साहू शामिल है। इनके द्वारा वेस्ट प्लास्टिक से रोड बनाना, रेन वाटर टैंक का निर्माण, उच्च क्षमता का सोलर ओवेन का मॉडल एवं वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग से ईट निर्माण संबंधी मॉडल तैयार किया गया है। शंकराचार्य विद्यापीठ ढाबाडीह के चयनित आर्यन वर्मा के द्वारा समुद्री तरंगों से बिजली बनाने, खुशी वर्मा द्वारा ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट सिस्टम, कु.मनीषा वर्मा द्वारा कोरोनावायरस सेफ्टी डिवाइस का मॉडल तैयार किया गया है। सरस्वती शिशु मंदिर कड़ार के छात्र अरुण देवांगन ड्रिप इरिगेशन, देवरी हायर सेकेंडरी शाला से शारदा गोस्वामी और नीलम ने फ्लड इंडिकेटर एवं एंटी थेफ्ट प्रोजेक्टर का मॉडल बनाया है। बिजराढीह माध्यमिक स्कूल की छात्रा गीता ध्रुव एवं निपानिया हायर सेकेंडरी स्कूल से रूपेश ध्रुव करहीबाजार हायर सेकेंडरी शाला से भास्कर सेन द्वारा तैयार मॉडल भी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। समस्त चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी केके यदु, मनोज गुप्ता (संचालक शंकराचार्य विद्यापीठ ढाबडीह), आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य केशव देवांगन, एबीईओ मुन्ना सिंह नेताम, बीआरसीसी लेखराम साहू, चाइनीस स्कूलों के संस्था प्रमुख शुभकामनाएं दी है।

# धान ख़रीदी केंद्रों में किसान धान सुखाकर साफ़ करके लाये : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के निर्देश पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाटापारा व सिमगा ब्लॉक के ग्राम गुर्रा, दामाखेड़ा, तुलसी, मनोहरा में जाकर धान ख़रीदी केंद्रो का निरीक्षण कर धान बेचने आये किसानो से मुलाक़ात कर धान बेचने में आने वाली समस्या की जानकारी लेकर शासन के नीति के तहत निराकरण करने उपस्तिथ अधिकारियों को निर्देश देते हुए किसानो से अपील करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मँशा के अनुरूप आप सभी अपनी ऊपज को सुखाकर साफ़कर केंद्र में विक्रय करने लाये और समर्थन मूल्य पाये। भूपेश बघेल की सरकार किसानो की सरकार है मतलब आपकी अपनी सरकार है भूपेश बघेल किसान है और किसान की तकलीफ़ों को समझते है किसान के हित में सरकार सभी योजनाये लागू कर रही है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को देखकर ही अन्य राज्यों की सरकार अपनी योजनाये बना रहे है, हमारी सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और आपका परिवार सुखी एवं सम्पन्न रहे यही हम सभी का प्रयास लगातार रहता है। सुशील शर्मा ने आपने साथियों सहित अनेक धान ख़रीदी केंद्राओ का निरीक्षण कर कर्मचारियों को और निगरानी समिति के सदस्यों सहित अध्यक्ष गणो को निर्देस दिया कि किसानो के बेठने के लिये पंडाल लगाकर दरी की और साफ़ पानी पीने के लिये आपने आपने धान ख़रीदी केंद्रो में आवश्यक रूप से व्यवस्था करें जिससे धान बेचने आये किसानो को धूप और गर्मी में किसी प्रकार की तकलीफ़ न हो, धान के तोल होने के पूर्व किसान पंडाल में आराम से बेठ सके। शासन ने धान ख़रीदी हेतु नमी की मात्रा 17 प्रतिशत निर्धारित की है जिसका पालन सभी किसान भाई और बहने करें और अपने हितेषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों को मज़बूत करें। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के साथ ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. केके नायक, सोसायटी अध्यक्ष टेक्राम साहू, चंद्रकुमार साहू, भोगसिंग तुरकने, हेमंत उपाध्याय, दिनेश साहू, हेमलाल साहू, हदयराम ध्रुव, रामचरन साहू, पुनाराम साहू, जितेंद्र सेन, गणित वर्मा, चंद्रहास देवाँगन, श्रीराम ध्रुव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने मोहन मरकाम का पुतला दहन किया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भानूप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में अपनी हार मंडराती देख कांग्रेस पार्टी के द्वारा भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मनंद नेताम की चरित्र हत्या किए जाने के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा नगर के प्रवेश द्वार नाका नंबर 1 में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम का पुतला दहन किया गया। बड़ी तादाद में एक रैली के रूप में भाजपा कार्यालय से निकले कार्यकर्ता गण प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दानवीर भामाशाह चौक नाका नंबर 1 पहुंचे जहां कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम का पुतला फूंका किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदू ने कहा कि अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिस तरह से प्रदेश सरकार के द्वारा आदिवासियों का सरकारी नौकरी में आरक्षण घटाया गया है उससे प्रदेश के आदिवासी समाज में प्रदेश सरकार के खिलाफ पनप रहे असंतोष को देखते हुए आगामी दिनों में भानूप्रतापपुर के उपचुनाव में अपनी संभावित करारी हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मनंद नेताम के खिलाफ झारखंड की सरकार से मिलीभगत कर उन पर चरित्र हत्या करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है उसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का पुतला फूंका जा रहा है। यदु ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि भानूप्रतापपुर उपचुनाव में उसकी हार तय है उसी की बौखलाहट में उसने यह कदम उठाया है परंतु भानुप्रतापपुर की जनता सब समझती है और वह चुनाव में प्रदेश कांग्रेस सरकार को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है इस दौरान महामंत्री योगेश अनंत, गोपाल देवांगन, जनपद पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष परस देवांगन, पार्षद दिलीप यादव, विजय यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर, ग्रामीण अध्यक्ष गोलू देवांगन, शुभम राजपूत, अजीत निषाद, नरेश सेन, सूरज मानिकपुरी, जसवंत ओगरे, तारणदास प्रवीण डहरिया, अमिताभ, ठाकुर राम साहू, राजू पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता थे।

## 24 को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं संचनालय आयुष छ.ग. के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा 24 नवम्बर 2022 को द्वितीय ब्लॉक स्तरीय विकासखण्ड बलौदाबाजार द्वारा आयुष स्वास्थ्य मेला ग्राम पंचायत सलौनी (करमदा) में सुबह 10 बजे से शाम 4.00 बजे तक आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतो द्वारा बार-बार सर्दी, खांसी होना, नये पुराने रोग वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाईट झिनझिनी वातरोग गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बिमारियों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी। नेत्र चिकित्सा अधिकारी द्वारा आंख की जांच किया जायेगा। शिविर में भाग लेने के लिए परिचय पत्र,आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड साथ में लेकर आना अनिवार्य है। उक्त जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.एल.एस ध्रुव के द्वारा दी गयी है।

CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कार्पोरेट एवं पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यारानी मार्ग, कलीना सांताक्रूज (ईस्ट), मुंबई–400098,
सीआईएन : U65922MH2016PLC273826

कब्जा सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एक मांग सूचना(एं) जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह– कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की इसमें वर्णित राशि(यों) तथा उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदार(रों) का नाम/ऋण खाता | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना की तिथि एवं कुल बकाया राशि (रू.) | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संख्या/शाखा चंद्रप्रकाश सिंह ठाकुर/साधना ठाकुर/ RPRDU21005452 /रायपुर | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अचल सम्पत्ति खसरा नंबर 827/2, परिमाप 0.11 हेक्टर, पीएच. नंबर 10, मौजा–बिरझापुर, आरएनएम–धामधा, तहसील–धामधा, दुर्ग–491001, छत्तीसगढ़, चौहद्दी : पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : राजाराम की भूमि, उत्तर : रोड, दक्षिण : श्रीराम साहू की भूमि | 15–09–2022 रू. 18,62,482/– (रूपए अठारह लाख बासठ हजार चार सौ बयासी मात्र) | 18–11–2022 |
| 2 | रौशन आरा/मोहम्मद रब्बानी/मोहम्मद फिरोज आलम/मोहम्मद सामरे आलम/ RPRRP18002360 /रायपुर | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अचल सम्पत्ति खसरा नंबर 246/3, परिमाप 566 वर्ग फीट, ग्राम – माटपुरेना, पीएच नंबर 105/61, चंद्रशेखर आजाद वार्ड 52, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, चौहद्दी : पूरब : विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम : राजकुमार का मकान, उत्तर : लक्ष्मीनारायण सिंह का प्लॉट, दक्षिण : 20 फीट रोड | 17–08–2022 रू. 16,66,160/– (रूपए सोलह लाख छियासठ हजार एक सौ साठ मात्र) | 21–11–2022 |

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
स्थान : छत्तीसगढ़
स्थान : 24–11–2022

### जशपुर स्वर्णकार समाज ने सामुदायिक भवन की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** सामुदायिक भवन की माँग को लेकर स्वर्णकार राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार जशपुर मण्डल के पदाधिकारी जशपुर विधायक विनय भगत से समाज के वर्षो पुरानी सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए सौजन्य मुलाक़ात की। विधायक से समाज के विकास के साथ-साथ भवन निर्माण को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विधायक विनय भगत ने जशपुर स्वर्णकार समाज से पुरानी पहचान व जुड़ाव को लेकर बात की और समाज की ओर से विधायक विनय भगत के सरल स्वभाव की प्रशंसा की गई। विधायक द्वारा यह भरोसा दिलाया गया कि अब जल्द से जल्द सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सहायता राशि समाज को आबंटित की जाएगी और प्राथमिकता देते हुए समाज की वर्षों पूरानी माँग को पूरा किया जाएगा।

# पशुओं को लम्पी स्किन बीमारी से बचाने की सलाह, पशुपालक रोग दिखाई देने पर पशु चिकित्सा विभाग से करें तत्काल सपंर्क

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने पशुओं के शरीर में हो रहे अजीब के घाव (लम्पी स्किन डिसीज) संबधी सूचना को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में उन्होंने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। बारिश का मौसम अधिक समय तक एवं जमीन का गीला होने के चलते इस तरह की बीमारी में वृद्धि की संभावना बनी रहती है।पशु पालन विभाग के उपसंचालक डॉ एस पी सिंह ने बताया कि जिले के कुछ ग्रामों के गौवंशी पशुओं में लम्फी स्किन बीमारी के लक्ष्ण मिले है। उन्होंने ने बताया कि इस बीमारी में पशुओ के शरीर की त्वचा पर गठान बन जाती है। पशुओ को बुखार आता है साथ ही दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन में कमी आ जाती है। कुछ गठानो से मवाद भी आता है। इस बीमारी को लम्पी स्किन डिसीज के नाम से जाना जाता है। उन्होंने आगें बताया कि यह एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है। इसके साथ ही यह रोग मच्छर काटने,मक्खी आदि से एक पशु से दूसरे पशुओं में फैलता है। बीमारी हो जाने पर पशुओं की चमड़ी में गठान (लिम्फ नोड्स में सूजन) पैरों में सूजन, दुग्ध उत्पादन में कमी आदि लक्षण पाये जाते हैं। जिले के 21 गांवों में पशु चिकित्सा दल लगातार उपचार और टीकाकरण कार्य में करते हुए अभी तक 613 पशुओं का उपचार एवं 25 हजार 116 पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है। साथ ही 1लाख 44 हजार से अधिक वैक्सीन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। डॉ सिंह ने बताया कि इस रोग के होने पर पशु सुस्त हो जाते हैं तथा बुखार के साथ ही दर्द से परेशान हो सकते हैं।

इस रोग से पशु दो तीन सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। किंतु दुग्ध उत्पादन कई सप्ताह तक कम रह सकता है। नचमड़ी में गठान फूट जाने पर इन फोड़ों में संक्रमण एवं कीड़े पड़ने की संभावना हो सकती है। उन्होंने बताया कि यह रोग विषाणु जनित है अतः इसका वर्तमान में निश्चित उपचार उपलब्ध नहीं है। इस रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय जैसे मच्छर, मक्खी की रोकथाम के लिए संक्रमित क्षेत्र में पशु आवागमन पर प्रतिबंध तथा संक्रमित क्षेत्र की साफ-सफाई की जानी चाहिए। रोग ग्रस्त पशु को स्वस्थ्य पशुओं से अलग कर देना चाहिए तथा लक्ष्ण के आधार पर चिकित्सा की जानी चाहिए।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (RCR) GUDHIYARI, RAIPUR PH.NO. 0771-2574703 & FAX NO.2593403
No. 10-01/Wk-II/Tender No. 11, 12, 13 & 14/3177 Raipur, Date 21.11.2022
NOTICE INVITING FOR e-TENDERING
Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Contractors for the following works:

| Tender No/ Rfx no. | Name of work | Type of Contractor | Total value of tender (in Rs.) | Cost of Tender form(in Rs.) | Date of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No. 11/3177,RFX No 8100028543 | For extension of street light point at kushabhau thakre ward no 07 Raipur under daldal seoni zone of city dn. East Raipur. | Class-I/II/III | 29,16,818.00 | 5000/- (Including GST) | 14.12.2022 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No. 12/3177,RFX No 8100028581 | For underground overhead cabling of 11 kv/LT line at Rajiv gandhi ward near proposed sardar patel Pratima lal chowk under Mukhay Mantri sahari vidyutikaran yojana (020) SCZ, of city Central Dn. Raipur | Class-I/II | 39,60,161.00 | 5000/- (Including GST) | 15.12.2022 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No. 13/3177,RFX No 8100028584 | For shifting of 11kv line and LT line at fafadih chowk Raipur under Mukhay mantri sahari vidyutikaran yojna (020) SCZ, of city central Dn. Raipur | Class- I/II | 41,29,522.00 | 5000/- (Including GST) | 16.12.2022 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No. 14/3177,RFX No 8100028645 | For Street lighting of Urkura turn upto Shani Dev Temple Urkura in MMSVY under (O&M) Dn. CSPDCL, Urla. | Class-I/II/III | 41,77,177.00 | 5000/- (Including GST) | 19.12.2022 02.00 / 02.30 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required tender fees shall be deposited trough demand draft drawn in favor of Sr. A.O.-I CSPDCL Raipur and shall be submitted in hard copy before due date and time, the scanned copy of the DD of Tender fees should be uploaded in the e-bidding portal.

The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

SAVE ELECTRICITY S-34689/2
EXECUTIVE DIRECTOR (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

# भाजपाइयों ने फूंका सीएम और पीसीसी अध्यक्ष का पुतला, पुलिस के साथ हुई झूमाझटकी

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम द्वारा भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर लगाए गए बलात्कार के आरोप से आक्रोशित भाजपाइयों के द्वारा जगह जगह पर सीएम भूपेश बघेल व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भूपेश सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा मंडल केशकाल के कार्यकर्ताओं ने सीएम भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान आग बुझाने आई पुलिस के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की थोड़ी झूमाझटकी भी हुई।

**आदिवासियों को प्रताड़ित कर रही है कांग्रेस सरकार-** मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर उसेंडी ने कहा कि भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर जिस प्रकार से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेबुनियाद आरोप लगाए थे। उस पर भाजपा के विधानसभा प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने पूरे तथ्यों के साथ अपनी बात रखी है। छत्तीसगढ़ सरकार केवल झूठे आरोप लगाकर भाजपा को प्रताड़ित करने व बदनाम करने का प्रयास कर रही है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं।

**कांग्रेस शासन में महिलाएं व बालिकाएं सुरक्षित नहीं-** भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष भूपेश सिन्हा ने कहा कि भुपेश सरकार के राज में प्रदेश की महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, उनका लगातार शोषण हो रहा है। और जिस प्रकार से एनएसयूआई के प्रदेश सचिव बलात्कार जैसे आरोप में जेल जा रहे हैं इससे साफ साबित होता है कि कांग्रेस सरकार कितनी घटिया राजनीति कर रही है। इस दौरान मुख्य रूप से धनराज मालू, नवदीप सोनी, राजकिशोर राठी, भूपेश चंद्राकर, नारायण ठाकुर, अजय मिश्रा, वीरेंद्र बघेल, खेम ठाकुर, जावेद मेमन व महेंद्र रामटेके समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने किया निर्माणाधीन मक्का प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कमिश्नर श्याम धावड़े ने बुधवार को कोंड़ागाँव के ग्राम कोकोड़ी में निर्माणाधीन मक्का प्रोसेसिंग प्लांट के विकास कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्लांट एरिया में मैप के आधार पर निर्माण की जाने वाली प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किए। कमिश्नर ने प्लांट में विद्युत, पानी सहित अन्य आवश्यक संसाधनों के सम्बंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्लाण्ट के प्रबंधक संचालक ने बताया कि वर्तमान में प्लांट में सभी ड्राइंग डिजाइनिंग कार्य पूर्ण कर स्टॉफ तथा कर्मचारियों हेतु शेड एवं रहने हेतु अस्थाई आवास की व्यवस्था की गयी है। बॉयलर, फर्मेंटेशन स्टेशन तथा ड्रायर सेक्शन में नींव खुदाई का कार्य पूर्णकर फुटिंग निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रॉ मटेरियल तथा मशीनों के पार्ट हेतु ऑर्डर कर दिया गया है। जबकि कुछ मशीनों के पार्ट प्लांट में ही फेब्रीकेट किये जायेंगे, जिसके लिए व्यवस्था की जा रही है। सात महीनों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। जिसकी प्रतिमाह समीक्षा भी समिति द्वारा की जा रही है। प्लांट हेतु सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ली गयी हैं। स्थानीय कामगारों को कार्यों में प्राथमिकता दी जा रही है। जिसके तहत् वर्तमान में 25 से 30 लोगों को प्रतिदिन रोजगार प्राप्त हो रहा है। कुछ दिनों में 24 घण्टे दो से तीन शिफ्टों में कार्यों को संचालित करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर आसपास के 150 अधिक लोगों को प्लांट निर्माण कार्यों में शामिल किया जायेगा। जिससे स्थानीय युवाओं को भी रोजगार प्राप्त होगें।

# एमएमडब्ल्यू यूनियन ने किया मुख्य महाप्रबंधक का स्वागत एवं अभिनन्दन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार के शैक्षणिक भ्रमण में रोम, फ्लोरेंस, वेनिस, मिलान, ज्यूरिख, पेरिस एवं एम्स्टर्डम की यात्रा पूर्ण कर वापस किरंदुल आगमन पर मेटल माईन्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए.के. सिंह द्वारा यूनियन की ओर से गाँधी टोपी, गमछा एवं शॉल द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा कम्पनी की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनाएं दी गई।

# किरन्दुल में आयोजित हुई स्काउट-गाइड शिविर



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में स्काउट गाइड प्रवेश और द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन केवीएस किरन्दुल में किया गया।जिसका समापन मंगलवार को किया गया।प्राचार्य डॉ ए. के. पांडेय ने समाज सेवा राष्ट्रीय सेवा के लिए स्काउट और गाइड को प्रेरित किया.शिविर की प्रभारी वि वि नारसामा ने दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रथम, और द्वितीय सोपान स्काउट गाइड उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।स्काउट मास्टर शेखर शर्मा ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया।

# बटराली में हुआ विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक जिले से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बटराली में भी विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 15-40 वर्ष के युवाओं एवं 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों ने भाग लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के सीईओ रामेश्वर महापात्र ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत युवाओं को अपनी सांस्कृतिक व खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए एक सुनहरा मौका दिया गया है। विकासखंड स्तर के विजेता जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होंगे। तथा जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने व अपने विकासखंड का नाम रौशन करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान केशकाल जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान, जनपद सदस्यगण सतीश नाग, रोहित नाग, नरेश नेताम, सरपंचगण माहेश्वरी हिडको, संगीता नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नेताम, यू.कां जिलाध्यक्ष पीताम्बर नाग, जनपद सीईओ रामेश्वर महापात्र, बीइओ पी.एल केमरो, एबीईओ मनोज दुबे, बीआरसी प्रकाश साहू, एसबीएम भूपेंद्र नाग, हरिकेश साहू समेत समस्त संकुल समन्वयक, प्रचार्यगण एवं स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

# रेलवे नोटिस धारी 9 सौ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है भाजपा : रामबाबू



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

रेलवे द्वारा हाल ही में नगर पालिका क्षेत्र एवं पंचायत क्षेत्र सुकरू कैम्प के लगभग 9 सौ परिवारो को रेलवे भूमि खाली करने के लिए नोटिस थमाया है।जिसे लेकर भाजपा मंडल प्रभारी रामबाबू सिंह गौतम की नेतृत्व में सोमवार को पीड़ित परिवार एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त बैठक की गई।इस दौरान उन्हने कहा कि 1962 में किरंदुल से वॉल्टियर तक रेलवे लाइन का विस्तार किया गया था यहां के रहवासी तब से मजदूरी ,व्यापारी ,कर्मचारी के रूप में रेलवे भूमि पर काबिज रह कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं उन्हें हटाना न्याय संगत नहीं है।तत्कालीन समय मे केंद्र व राज्य में कांग्रेस की सरकार थी उन्हने रेलवे को जरूरत से ज्यादा भूमि आवंटन की थी पर स्थानीय लोगों के बारे में कुछ नहीं सोचा जिसका परिणाम आज गरीब परिवार भुगत रहे हैं।वर्तमान में कांग्रेस की राज्य सरकार,नगर पालिका,एनएमडीसी एवं रेलवे सबको मिलकर इन रहवासियों की चिंता करनी होगी। प्रभारी ने आगे कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इन 900 परिवार के साथ खड़ी है इनके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। रेलवे, राज्य सरकार व नगर पालिका इन पीड़ित परिवारों के साथ अगर कोई जोर जबरदस्ती करेगी तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पटरी पर बैठेंगे, रेलवे कि सारे कार्यो को ठप कर देंगे न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और न्याय दिलाकर रहेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा महामंत्री संजीव दास दीनानाथ ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में संभाग प्रभारी सांसद संतोष पांडे को इस बारे में आवेदन लिखकर अवगत कराया गया है उन्होंने इन 9 सौ पीड़ित परिवारों की बात रेलवे मिनिस्टर के पास रखेंगे सबको न्याय जरूर दिलाएंगे।उन्हेंने कहा है कि रेलवे की जमीन पर वर्षो से काबिज रहवासियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए स्टेट ऑफिसर पूर्व तट रेलवे वाल्टेयर कार्यालय में अलग अलग तिथियों में बुलाया है जो गलत है इन पीड़ित परिवारों के बयान के लिए स्थानीय स्तर पर रेलवे को आकर बयान लेना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ आंधप्रदेश तेलंगाना सीमा पर भीषण सड़क दुर्घटना, 9 लोगों की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कल का दिन बस्तर संभाग के लिए बहुत ही दुःख से भरा दिन रहा, छत्तीसगढ़ से लगे हुए राज्य तेलंगाना के भद्राचलम में हुए सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के ग्राम बम्हनी एवं पंडरीपानी के 9 लोगों की दुःखद मृत्यु हो गई, कहते है कि किसी परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूटा है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोंडागांव जिले के ग्राम बम्हनी के एक परिवार में देखने को मिला मिली जानकारी के अनुसार कुछ बीते 14 नवम्बर को कोंडागांव के थाना धनोरा में एक जवान सजेंद्र ठाकुर ने अपने सर्विस राइफल से अपने आप को गोली मार आत्महत्या कर ली थी जिसकी मृत आत्मा की शांति के हेतु परिवार के 10 सदस्य अस्थि विसर्जन करने गोदावरी नदी भद्राचलम गए हुए थे और अस्थि विसर्जन के पश्चात वे सभी कोंडागांव वापस आ रहे थे उसी दौरान सीमावर्ती प्रदेश आंध्रप्रदेश के अल्लूरी जिले के बोडुगुडेम, चिंतूर मंडल में राष्टीय राजमार्ग पर यह भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमे एक लॉरी ने मृतकों की गाड़ी से टकरा गई जिससे यह दुखद हादसा हुआ है वाहन में 10 लोग सवार थे यह दुर्घटना इतना ज्यादा भीषण था की मौके पर ही 6 लोगों की मृत्यु हो गई थी व स्थानीय लोगों की व छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से 4 लोगो को अस्पताल दाखिल किया गया था जिसमे अस्पताल पहुचते ही 3 लोगों की मित्यु हो गई थी व इनमें एक 9 वर्षीय मासूम बच्चा भी है जिसका इलाज जारी है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा हादसा बहुत ही जबरदस्त था-** आपको बता दें कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा बहुत ही जबरदस्त था टक्कर इतनी भीषण थी मृतकों के वाहन बोलेरो के परखच्चे उड़ गए व हादसा होने के तत्काल बाद ही ट्रक चालक फरार हो गया था।



# ग्रामीण सचिवालयों में नियमित तौर पर रहे नोडल अधिकारियों की उपस्थिति

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर चंदन कुमार ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंदन कुमार ने ग्रामीण सचिवालयों में नियमित तौर पर उपस्थित रहने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश सभी नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में अंडा वितरण, रेडी टू ईट तथा गरम भोजन वितरण की निगरानी के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता, शौचालय की स्थिति एवं परिसंपत्तियों के रखरखाव का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी डीपी साहू, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर चंदन कुमार ने फसल कटाई प्रयोग के साथ ही अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित भू-व्यपवर्तन के प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से करने को कहा। उन्होंने अभिलेख शुद्धता के लिए पटवारियों को लक्ष्य प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सामुदायिक वन अधिकार पत्र के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित किया। एयरपोर्ट के समीप अतिक्रमण को रोकने के लिए अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। भू-भाटक की वसूली के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर निगम को भवन अनुज्ञा के आवेदनों का निराकरण त्वरित गति से करने तथा नगर-निगम क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सभी शासकीय कार्यालयों में अधोसंरचना निर्माण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम द्वारा लिए जाने वाले कर के लिए ऑनलाइन व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुसार नए सहकारी बैंकों की स्थापना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। धान खरीदी की समीक्षा के साथ ही उन्होंने धान के उठाव त्वरित गति से करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने नक्सल पीड़ित परिवार एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए भी निर्देशित किया।

# पत्रकार के नाम से की गई फर्जी शिकायत की हो जांच : श्रमजीवी पत्रकार संघ

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा जिले में पत्रकारिता की जटिल चुनौतियों को हर मोर्चे पर झेलकर पत्रकार समाज के बीच आईने की तरह पत्रकारिता करते आये हैं। खबरों को लेकर लगातार राजीनीतिक दबाब, प्रशासनिक दबाव या फिर सीधे कहे नक्सलियों से मिलने वाले दबाव को झेलकर भी पत्रकारिता के मूल्यों को दंतेवाड़ा जिले के पत्रकारों ने बचाकर रखा है। सच का सामना करने का साहस नहीं जुटा पाने वाले लोग अब दंतेवाड़ा के निष्पक्ष पत्रकारों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। पत्रकारों को फंसाने और उनकी छबि धूमिल करने अब फर्जी पत्रों का सहारा लेने से भी षड्यंत्रकारी तत्व चूक नही रहे हैं। ताजा मामला दंतेवाड़ा के एक सरकारी संस्था से जुड़ी अधीक्षिका का है। किसी अज्ञात शिकायत कर्ता ने कंप्यूटर या किसी अन्य डिवाइस से टाइप किए हुए शिकायत पत्र में पत्रकार पंकज भदौरिया और एक अन्य व्यक्ति का नाम लिखकर उनके और उक्त महिला की छबि धूमिल करने का प्रयास किया है। पंकज भदौरिया श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी हैं। श्रमजीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा के पदाधिकारियों को जब इस फर्जी शिकायत पत्र की जानकारी मिली तो उन्होंने घटना की वास्तविकता जानने तत्काल एक बैठक बुलाई। बचेली स्थित इंडियन कॉफी हाउस में संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, महासचिव जितेंद्र चौधरी, संभागीय पदाधिकारी प्रदीप गौतम, संरक्षक वेद प्रकाश संगम और अभिषेक भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में कई महत्तपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दंतेवाड़ा एसपी और क्लेक्टर से मिलकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। वहीं इस पत्र को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म में किसने वायरल किया और यह पत्र एक राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष के पास कैसे पहुँचा बैठक में इसे लेकर भी मंथन हुआ। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एसपी से मिलकर साइबर सेल की सहायता से संबंधित व्यक्ति का पता लगाने की मांग की जायेगी। साथ ही फर्जी पत्र और नेता के कनेक्शन का भी पता लगाने का प्रयास किया जायेगा। ताकि फर्जी शिकायत पत्र के नाम पर पत्रकारों की आवाज़ को दबाने वाले काले चेहरों को समाज के सामने नंगा किया जा सके। आज की बैठक में गीदम, दंतेवाड़ा, नकुलनार, किरन्दुल और बचेली के श्रमजीवी पत्रकार संघ के दर्जनों पत्रकार जमा हुए और सभी ने एक स्वर में इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। आज की इस बैठक में कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# दोरनापाल में मनाया गया मितानिन सम्मान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

दोरनापाल मैं 23 नवंबर को मनाया गया मितानिन सम्मान दिवस इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद राधा नायक एवं वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र मोनू सिंह भदोरिया ने श्रीफल व पुष्पगुच्छ देखकर सभी मितानिन दीदीयों का सम्मान किया। इस अवसर पर मितानिन दीदीयों को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र भदौरिया ने कहा कि समाज एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए मितानिन दीदीयों क़े योगदान के लिए मितानिन दीदीयों का हर दिन सम्मान होना चाहिए।

हर परिस्थिति में मितानिन दीदी बच्चों का गर्भ धारण करने से लेकर बच्चे का जन्म तक गर्भवती माता का सेवा करती है। एवं सुरक्षित प्रसव करवाती है। इस अवसर पर पार्षद राधा नायक ने कहा मितानिन दीदी करोना काल में भी लोगों का मदद कर रही थी मितानिन दीदीयों क़े मदद से हीं करोना काल में भी सुरक्षित प्रसव हो रहा था। मितानिन सम्मान दिवस में मितानिन दीदी वेट्टी जोगी, उकिया छतरिया, पिंकी यादव, संध्या मिस्त्री,



विशाखा राय, राधा बघेल, श्यामबती, माड़वी मुक्के, मड़कम मुक्के, कुंबती यादव, सुशीला सोनी, उर्मिला बिहार, सुनीता नायक, पोडियम विमला, मितानिन प्रशिक्षक जानकी बघेल एवं स्वास्थ्य वर्कर गेंद लाल पटेल शामिल रहे।

# भाजयुमो ने फूंका भूपेश बघेल का पुतला बयान के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मांगे माफी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर कांग्रेस द्वारा लगाए गए चारित्रिक आरोप के विरोध में मंगलवार को भाजयुमो ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का पुतला फूंका। सीएम बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजयुमो ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपचुनाव में हार की डर से कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी पर झूठे बेबुनियाद चारित्रिक आरोप लगाने षडयंत्र किया है। कांग्रेस ने ऐसा करके कांग्रेस ने आदिवासी समाज का मजाक उड़ाया है। इस गंदे मजाक के लिए कांग्रेस और सीएम बघेल को आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए।

इस दौरान भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष मुकेश दासवानी ने कहा कि हार के भय से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार लगातार आदिवासी समुदाय का मजाक बना रही है। पहले सरकार की लापरवाही के कारण 32 प्रतिशत आरक्षण कम हो गया। अब कांग्रेस ने भाजपा के आदिवासी प्रत्याशी की चरित्र हनन करने का प्रयास छत्तीसगढ़ की अस्मिता का मजाक उड़ाने का काम किया है। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भूपेश सरकार के तानाशाही व अराजकता, झूठ, फरेब, वादा खिलाफी और प्रदेश में बढ़ते अपराध के कारण जनता में भूपेश सरकार के प्रति गहरी नाराजगी है। इसे जानते हुए कांग्रेस उपचुनाव में हार के डर से घटिया रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

इस अवसर पर पुतला दहन के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप भोसले, घनश्याम सिन्हा, पुष्पक देवांगन, सलीम चौधरी, विजय देवांगन, परमानंद नेताम, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर, भीम साहू, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राज डे, मनीष यादव, लेखराज नाग, मुकेश सिन्हा, डागेश्वर कश्यप, राकेश शुक्ला, मानव निर्मलकर, शिवांग त्रिपाठी, सागर सिन्हा, कुंदन रामटेके, अनुराग चौधरी, पंकज तिवारी, टोमेश्वर पटेल, प्रथम यादव, हीरालाल गुप्ता, भीम ध्रुव, भानु प्रताप नागेश, नील शर्मा, आदित्य ठाकुर, धीरेंद्र, राघवेंद्र, चंदन रामटेके, सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की पदयात्रा में सीएम बघेल और कांग्रेसी विधायक शामिल होंगे

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित पूरी सरकार, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। पहले यात्रा में 250 लोगों को शामिल करने का निर्देश था, लेकिन पदयात्रा में छत्तीसगढ़ में संयोजक टीएस सिंहदेव की पहल पर प्रदेश में 324 कांग्रेसियों की सूची को कांग्रेस मुख्यालय से स्वीकृति मिल गई है। छत्तीसगढ़ की सात नदियों का पानी लेकर कांग्रेस नेता जाएंगे। प्रदेश महामंत्री संगठन अमरजीत चावला ने बताया कि अरपा, पैरी, सोंढूर, हसदेव, शिवनाथ, इंद्रावती और महानदी का जल और कलश में यहां की मिट्टी लेकर जाएंगे। यात्रा मार्ग पर इस मिट्टी और जल का उपयोग कर राहुल गांधी भारत जोड़ो संकल्प के साथ पौधरोपण करेंगे। ऐसा पूरे यात्रा मार्ग पर जगह-जगह किया जा रहा है। जिन प्रदेशों से पदयात्रा नहीं गुजर रही है, वहां की मिट्टी-पानी से पौधे रोपे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पदयात्रियों का जत्था 26 और 27 नवंबर को खंडवा जिले के मोरटक्का से इंदौर तक की पदयात्रा करेगा। पहले यह पदयात्रा खरगोन जिले के खेरदा गांव से शुरू होनी थी। यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ को 26, 27 और 28 नवंबर का दिन मिला था। अब इंदौर पहुंचने के बाद 28 नवंबर को यात्रा से एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है।

# दिल्ली में आयोजित चाईल्ड वेलफेयर सम्मेलन में शामिल हुई सीडब्लुसी सदस्य शारदा सोनी



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग दिल्ली द्वारा महिलाओ एवं बच्चो के सरंक्षण सुरक्षा एवं विकास के लिए आयोजित कार्यक्रम में बलौदाबाजार की समाजसेवी एवं सीडब्लुसी सदस्य शारदा सोनी सम्मिलित अपने साथियो के साथ शिरकत करी।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं महिला बाल विकास विभाग नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बच्चो के विकास एवं सुरक्षा के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथी केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी थी। मुख्य अतिथी ने अपने उदबोधन में केन्द्र सरकार द्वारा बच्चो के विकास एवं संरक्षण के लिए किये जा रहे योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने की बात कही साथ ही धुमंतु एवं बेसहारा बच्चो को उनके धर पहुचाने एवं सरंक्षण दिलाने की बात पर जोर दिया। केन्द्रीय मंत्री के साथ मंच पर रूपेश बैनर्जी, प्रयंक कांगो, इंदीवर पांडे, इंदिरा मालो , तृप्ति गुहा उपस्थित थी। वही छत्तीसगढ से बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम, कल्पना वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सदस्य, बलौदाबाजार से चेयरपर्सन नोडल अधिकारी के साथ सदस्य शारदा सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

### शारदा सोनी ने इंदिरा गांधी को दिल्ली में दी श्रद्धांजलि

बलौदाबाजार कांग्रेस की वरिष्ठ सदस्य एव पूर्व मंडी उपाध्यक्ष शारदा सोनी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली में आयोजित स्व इंदिरा गांधी जयंती में शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दिन जवाहर लाल नेहरू भवन में आयोजित शान्ति, निरस्त्रीकरण एवं विकास के लिए आयोजित इंदिरा गांधी पुरूस्कार 2021 में भी अपनी उपस्थिति दी। उक्त कार्यक्रम सोनिया गांधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने अध्यक्षता की वही जवाहरलाल नेहरू फांउंडेशन के पदाधिकारीगण अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खाडगे, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, अंबिका सोनी पवन बंसल जी के साथ वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

# दीपक तिवारी को तिल्दा सर्किल का मिला प्रभार

■ तिल्दा नेवरा के लकड़ी तस्करों और दलालों में हड़कंप



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रेंजर दीपक तिवारी ट्रेनिग पूरी करने के बाद फिर से तिल्दा नेवरा के वन विभाग कष्ठागार का प्रभार संभाल लिए है। इसके पूर्व भी तिवारी ने तिल्दा में अवैध रूप से संचालित आरा मिलों व 'कोयला भट्ठी' के अलावा अवैध तरीके से ईमारती लकड़ी के तस्करों पर शिकंजा कसा था तिवारी के मार्गदर्शन में जंगलों में ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई से दलालों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में दीपक तिवारी से बात करने पर बताया कि वे तिल्दा नेवरा सर्किल का प्रभार ले चुके हैं। अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले तस्करों और दलालों के खिलाफ बड़े अधिकारियों के गाइड लाइन में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाल सुरक्षा सप्ताह : बच्चे निस्संकोच बिना भय के पुलिस को अपनी बातें बताएं

■ गुड टच, बैड टच, इंटरनेट मीडिया में बरती जाने वाली सावधानियां, यातायात पाक्सो की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आधुनिक जीवन में बच्चों की सुरक्षा बहुत जरुरी है। और उन्हें इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि क्या चीज सही है और क्या गलत। चाहे वो अपने घर में हो या कहीं बाहर किसी के भी साथ हो। इसी कड़ी राजधानी में बीते दिन बाल सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसके तहत छह हजार बच्चों को गुड और बैड टच सहित अन्य जारी दी गई। बता दें यह कार्यक्रम पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित की गई है। बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रायपुर जिले के सभी पुलिस थानों में संबंधित क्षेत्र में आने वाले स्कूलों के छात्र-छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया गया। उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया, जिससे बच्चों में पुलिस के प्रति डर दूर हो सके।

इस दौरान बच्चों को इस बात की जानकारी दी गई कि बच्चे अपनी समस्याओं को और कभी किसी अपराध के घटित होने और आवश्यकता पड़ने पर वे निस्संकोच बिना भय के पुलिस को अपनी बातें बता सकते हैं। इसके अलावा जिले में गठित आठ टीमों ने अपने क्षेत्र में आने वाले सभी स्कूलों और बाल आश्रमों में जाकर बच्चों को गुड टच, बैड टच, इंटरनेट मीडिया में बरती जाने वाली सावधानियां, यातायात नियमों, पाक्सो एक्ट जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही पुलिस सहायता संपर्क नंबर-1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, डायल 112 के बारे में भी बताया। वहीं बाल सुरक्षा विषय पर बूढ़ातालाब पार्क में रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक माहेश्वरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आइयूसीएडब्ल्यू चंचल तिवारी के नेतृत्व में बाल सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसके लिए रायपुर जिले में अनुभाग अनुसार आठ टीमें गठित की गई थी।

पुलिस लाइन ग्राउंड में छत्तीसगढ़ी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गिल्ली डंडा, फुगड़ी, भौरा, जलेबी दौड़ जैसे खेल हुए, जिनमें शहर के विभिन्ना स्कूलों, आश्रमों और संस्थाओं के लगभग 500 बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। आयोजन में जिले की रक्षा टीम ने भी अहम योगदान दिया। रायपुर जिले के सभी थानों के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक सप्ताह में 6000 से अधिक बच्चों से पुलिस का संपर्क हुआ और उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। उन्हें वह वातावरण दिए जाने का प्रयास किया गया, जिससे पुलिस के प्रति विश्वास बड़े और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो। कार्यक्रम के समापन में विजेता प्रतिभागियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# राज्यपाल उइके से कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसईया उइके से यहां राजभवन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने मुलाकात की। कुलपति डॉ. चंदेल ने राज्यपाल को नई दिल्ली में जनजातीय विषय पर शोध संबंधी कार्यशाला के आयोजन की जानकारी दी। डॉ. चंदेल ने बताया कि आगामी 27 व 28 नवम्बर को यह कार्यशाला संम्पन होगाी। जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय जनजाति आयोग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान पर देश के 125 विश्वविद्यालयों मे आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त रिपोर्ट तथा प्रदर्शनी का संकलन कर पुस्तिका प्रकाशित की जायेगी। राज्यपाल उइके ने राष्ट्रीय जनजाति आयोग द्वारा स्वाधीनता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से प्रारंभ इस पहल की सहारना की। उन्होंने डॉ. चंदेल से कहा की पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने भी इस पहल से जुड़कर अपनी अग्रणी सहभागिता दी है।

# जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला सहित सभी सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जीव जंतु बोर्ड के नये अध्यक्ष एवं बलौदाबाजार निवासी विद्या भूषण शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर समेत सभी सदस्यों करण देव सिंह सुकमा मदन मोहन खंडेलवाल नारायण खंडेलिया धनेश्वर साहू संजय जैन और मदन देवांगन ने भी पदभार ग्रहण किया।

उक्त शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि रविंद्र चौबे थे विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज विकास निगम रामगोपाल अग्रवाल अध्यक्ष नॉन सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष किसान कल्याण बोर्ड शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम महेंद्र छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग ज्ञानेंद्र शर्मा अध्यक्ष योग आयोग राम कुमार यादव विधायक चंद्रपुर श्रीराम गिलानी अध्यक्ष सिंधी अकादमी उपस्थित थे। साथ ही इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के जनप्रतिनिधि गण भी शामिल हुए जिसमें पूर्व विधायक जनक राम वर्मा सुशील शर्मा भाटापारा मंडी अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा बलौदा बाजार मंडी अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा गंभीर सिंह ठाकुर संतोष तिवारी रूपेश ठाकुर, इंद्र शाव ईश्वर सिंह ठाकुर अरुण यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे।

# हाईस्कूल पिपरछेड़ी में नवमीं के 34 नवप्रवेशी बालिकाओं को किया गया साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई सरस्वती साइकिल योजना के तहत बुधवार को शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी मे अध्ययनरत कक्षा नवमी के 34 नवीन छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष अश्वनी वर्मा एवं सांसद प्रतिनिधि दीपेश दीवान एवं सरपंच गैंद लाल दीवान के हाथों बच्चों को साइकिल वितरण किया गया जहां छात्राओं ने साइकिल पाकर खुशी जाहिर की इस दौरान अध्यक्ष के द्वारा कहा गया की बालिका शिक्षा को विशेष प्रोत्साहन दान करते हुए आने जाने में सुविधा ना हो इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत सभी बच्चों को साईकिल वितरण का प्रवधान किया गया है साइकल पाकर बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए उत्साहित किया गया सरपंच दीवान भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत एवं प्रतिदिन स्कूल आने के लिए कहा गया इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी कामता राम साहू दीपक गवली दिनेश निर्मलकर किरण दीवान संस्था के सरस्वती साइकिल योजना के प्रभारी हरिनारायण यादव ओम प्रकाश वर्मा सूरज महाडिक हेमंत दाऊ वीरेंद्र सिन्हा नूतन साहू योगेश्वरी यादव सहित बच्चों की उपस्थिति मैं साइकिल वितरण किया गया।

## बैंकिंग संबंधी कोई भी समस्या हो तुरंत अवगत कराएं : वर्मा

# भारतीय स्टेट बैंक नेवरा शाखा ने किया पेंशनरों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक नीतेश श्रीवास के अभिनव पहल के तहत शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी साथियों का शाल, श्रीफल और गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडे, सचिव सेवादास वैष्णव, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, एस. एन. गुप्ता, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा, संरक्षक लालूराम वर्मा, परसराम वर्मा, तुलसी राम वर्मा, राजूलाल वर्मा, छबीराम वर्मा, मोतीलाल वर्मा, रामकुमार वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, बालाराम वर्मा,लीलाधर वर्मा, शंकरलाल निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित थे। प्रारंभ में छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा ने कहा कि इस सम्मान समारोह में समस्त पेंशनर साथियों की बैंकिंग संबंधी कोई भी समस्या हो वे अवगत करावें और जीवित होने का प्रमाण पत्र जिन्होंने जमा नहीं किया हो वे शीघ्र जमा करें ताकि पेंशन पाने में दिक्कत न हो। इस अवसर पर बोलते हुए शाखा प्रबंधक नीतेश श्रीवास ने कहा कि बैंक सभी पेंशनरों का तहेदिल से सम्मान करता है। उनकी कोई भी छोटी मोटी समस्या को यह शाखा तुरंत हल करने पर विश्वास करता है। पेंशनरों के कोई भी खाते में नामिनेशन की जांच कर लेवें, यदि नामिनेशन छुट गया हो तो शीघ्र ही पूर्ण करें। उनका बैंक अन्य बैंकों की तुलना में अधिक सुविधा और व्याज देती है। एफडी पर कम ब्याज पर 90त्नलोन लेने की भी सुविधा है साथ ही पेंशन एन्युइटी प्लान के तहत 10 लाख जमा करने पर प्रतिमाह 6 हजार रुपये प्राप्त होता है। शाखा के लोन विभाग के अधिकारी वर्षा मैडम ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडे ने उपरोक्त इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए पेंशनर साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक हमेशा पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव पहल करती रहती है जिनका हमारा संगठन भरपूर स्वागत करती है। पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जवाहरलाल सिरमौर ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक नेवरा शाखा का आयोजन पेंशनधारी साथियों के सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। समस्त पेंशनर साथी भारतीय स्टेट बैंक का ह्रदय से आभार प्रकट करता है। कवि एवं साहित्यकार पेंशनर साथी गोपाल प्रसाद वर्मा ने अपने गीत और कविता से सभी को भावविभोर कर दिया।

# बालिका गृह में दुष्कर्म की जांच करने पहुंची राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण टीम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के माना स्थित बालिका गृह में एक नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भवती होने के मामले की जांच करने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम राजधानी पहुंची है। तीन सदस्यीय टीम ने बालिका गृह में पीड़िता समेत वहां निवासरत बालिकाओं एवं अन्य लोगों से पूछताछ की। मामला संवेदनशील होने के कारण जांच के लिए पहुंचे सदस्यों ने कुछ भी बताने से इंकार किया। गौरतलब है कि एनजीओ द्वारा संचालित बालिका गृह में लगभग डेढ़ साल पहले एक नाबालिग से दुष्कर्म किया गया था। इस मामले को दबा दिया गया था। बालिका के गर्भवती होने पर मामला उजागर होने के बाद एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। गत दिनों आरोपित का डीएनए पीड़िता के बच्चे से मेल नहीं खाने के पश्चात यह बात सामने आई कि घटना में कोई और भी शामिल है। हालांकि, बच्चे की जन्म के कुछ दिनों बाद ही मौत हो गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने इस मामले के बारे में संचालनालय को रिपोर्ट भेजी। मामला सामने के बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संज्ञान लेकर तीन सदस्यीय समिति जांच के लिए भेजा है।

# शहर की साफ-सफाई और सुंदरता को लेकर पदभार करते ही एक्शन मोड पर आयुक्त

## व्यवस्था बिगाड़ी तो होगी कार्रवाई जब्ती के साथ 10 हज़ार का होगा जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम में सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी को प्रशिक्षु आयुक्त के रूप में एक महीने के लिए पदस्थ किया गया है।वे 21 नवंबर से 23 दिसम्बर तक यहाँ पदस्थ रहेंगे।इस अवधि में वे निगम के कामकाज सहित अन्य कार्यो को समझेंगे। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर शहर की सुंदरता और साफ-सफाई को लेकर सहायक कलेक्टर निगम में पदस्थ प्रशिक्षु आयुक्त लक्षण तिवारी एक्शन मोड पर आ गए है। उन्होंने अधिकारियों के साथ इंदिरा मार्केट मोती काम्प्लेक्स से निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों ने और फल ठेले वालों ने सड़क पर कचरा बिखरा दिया था जिस पर सहायक कलेक्टर ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि शहर आपका है। शहर की सुंदरता की जिम्मेदारी भी समझिये। इस तरह से कचरा फैलाने से बहुत खराब संदेश जाता है और आपके आसपास का वातावरण भी बहुत प्रदूषित होता है।जिन दुकानदारों ने कचरा फैलाया था, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी समझी और तत्काल कचरा डस्टबिन में डाला। सहायक कलेक्टर ने दुकानदारों को अंतिम बार समझाईश देते हुए कहा कि इसके बाद भी व्यवस्था बिगाड़ी तो होगी कार्रवाही जप्ती के साथ 10 हज़ार का जुर्माना होगा,3 घंटे इंदिरा मार्केट क्षेत्र, मोती काम्प्लेक्स के पश्चात उन्होंने इंदिरा मार्केट पार्किंग, प्रेस काम्प्लेक्स,सदर बाजार, हटरी बाजार, पांच कंडील, सराफा बाजार मोती काम्प्लेक्स साफ सफाई और व्यवस्था का जायजा लिया।सहायक कलेक्टर ने निर्देश दिया कि कुआं चौक के आसपास लगे फल ठेले, चाट ठेले और दुकान के बाहर समान सजाकर रखें गये, साइन बोर्ड को तत्काल हटवाए। सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी ने इंदिरा मार्केट के दुकानदारों को निर्देश दिया कि पार्किंग के बाहर खड़े वाहन के मालिकों को समझाइश दें कि वाहन पार्किंग में ही खड़ी करें। यातायात तथा निगम की टीम लगातार मॉनिटरिंग करें और बेतरतीब वाहनों पर कार्रवाई करें। सहायक कलेक्टर ने सड़क पर टेंट लगाकर और सामान फैला कर व्यवसाय करने वालों को भी समझाइश दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों को यह अंतिम समझाइश दी जा रही है। शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। बाजार की सुंदरता से बाजार में व्यवसाय में भी वृद्धि होती है। बाजार में गंदगी और प्रदूषण होने से बीमारी का खतरा आपके लिए भी बढ़ता है। इसके साथ ही बाहर टेंट लगाकर समान रखने से ट्रैफिक की बड़ी दिक्कत सामने आती है। इससे बाजार अव्यवस्थित हो जाता है और बाजार की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ता है तथा उपभोक्ताओं को भी परेशानी होती है। व्यवस्था का पालन करना सबके हित में होता है और इससे शहर की सुंदरता भी बढ़ती है और बेहतर व्यवस्था का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि निगम का अमला लगातार सक्रिय रहेगा। आप नियमित रूप से कचरा डस्टबिन में डालें। निगम की स्वच्छता दीदी इन्हें एकत्रित करती रहेगी। इस तरह से शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# निगम की कार्रवाई, सड़क किनारे अतिक्रमण ठेलों एवं कंडम गाड़ियों को हटाया

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

चंडी चौक में अवैध रूप से लगे 5 ठेलो को हटाया गया साथ ही चंडी चौक से कंकालिन मंदिर तक रखी गई 10 कंडम गाड़ीयों जिनमे मोटर सायकिल एवं स्कूटर को हटाने की कार्रवाही किया गया।निगम ने कलेक्टर जनचौपाल में लगे आवेदनों का मौके पर जाकर विकास सायकल स्टोर्स एवं वेल्डिंग स्टोर्स वाले के शेड को भी हटाने की कारवाही की। कार्रवाही के दौरान अतिक्रमणकर्ता विकास नरड के द्वारा शाम तक उक्त अतिक्रमण शेड को हटाने की सहमति निगम अधिकारियों को दी।

कार्रवाही के दौरान उन्हें कहा गया कि शाम तक शेड नही हटाने पर उक्त अतिक्रमण शेड को नगर निगम द्वारा हटा दिया जाएगा।कार्रवाही के मौके पर भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा, राजस्व निरीक्षक दुर्गेश गुप्ता एवं उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें।

# सेवा सहकारी समिति प्रतापपुर, नेवसा के कृषक सम्मान समारोह में हुए शामिल

- बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने शाखा किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने दौरा किया। बैंक अध्यक्ष सर्वप्रथम बेमेतरा जिले के शाखा देवकर का आकस्मिक निरीक्षण कर बैंकिंग लेन-देन से संबंधित जानकारी ली शाखा के अमानत एवं ऋणों की समीक्षा करते हुए ऋण वितरण में वृद्धि करने, अमानत के संबंध में खातेदारों की संख्या बढ़ाने तथा कृषि ऋण के अलावा गैर कृषि ऋणों का अधिक से अधिक वितरण करने के. के. नायक शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया। शाखा निरीक्षण के दौरान अमानतदारों एवं कृषकों से उपलब्ध सुविधा, बैंकिंग व्यवहार तथा छ.ग. शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। बैंक के मुखिया को अपने समक्ष पाकर वे सभी खुशी जाहिर करते हुए धान खरीदी / भुगतान प्रक्रिया तथा गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजनाओं के लिए छ.ग.सरकार की जनकल्याण कार्यो की सराहना की। किसानो द्वारा देवकर शाखा की बैंकिंग सुविधाओं से संतुष्टि व्यक्त की गई। सेवा सहकारी समिति प्रतापपुर एवं नेवसा में हो रहे कृषक सम्मान समारोह में शामिल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे अध्यक्षता राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अंजली मारकण्डे अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ, रितेश शर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, सुरेन्द्र तिवारी प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस, रामेश्वर साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़, तिलक घोष अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़, देवेन्द्र साहू विधायक प्रतिनिधि नवागढ़, संतोषी साहू जनपद सदस्य, नैना कुर्रे पार्षद, अरविंद कुर्रे अध्यक्ष सरपंच संघ नवागढ़, सत्य प्रकाश यादव सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित हुये।

# भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री

## निगम प्रतिदिन कर रहा है इस पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। मुख्यतः खुर्सीपार जोन क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्रचार सामग्री हटाए गए। चेतावनी देने के बाद भी अवैध पोस्टर एवं होर्डिंग तथा प्रचार सामग्री लगाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अवैध प्रचार सामग्री एवं बेतरतीब पोस्टर को शासकीय संपत्ति के स्थानों से हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में निगम का अमला सड़क किनारे से तथा विद्युत पोल में लगे अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी के साथ ही डिवाइडर के ऊपर लगे हुए अवैध प्रचार सामग्रियों को भी हटाया जा रहा है, मुख्य सड़कों के किनारे से कई सारे प्रचार सामग्री हटाए गए। कई पोस्टर एवं प्रचार, सामग्री काफी दिनों से पोल पर लगे हुए थे, कई प्रचार सामग्री तो सड़क के लिए बाधक बन रहे थे, इन सभी पोस्टर, होर्डिंग को निकाला जा रहा है। शहर की सुंदरता को खराब करने वाले पोस्टर जो कि बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में लगाए गए थे उन्हें हटाने सभी जोन में कार्रवाई हुई। मुख्य सड़कों के डिवाइडर के ऊपर लगे पोल में अवैध पोस्टर को निकालने ट्रैक्टर एवं जेसीबी की भी सहायता ली गई। जो पोस्टर आसानी से निकाले जा सकते थे उन्हें मानव संसाधन से निकाला गया तथा जिन्हें निकालने में कठिनाइयां हुई उनके लिए उचित वाहनों का उपयोग किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में सिजेरियन ऑपरेशन का 2022 में नया कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



डॉ. डीपी ठाकुर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त चिकित्सा अधिकारी, सुपरवाइजर के द्वारा मैदानी कार्यकर्ताओं का प्रति माह समीक्षा बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत गर्भवती माताओं एवं हाई रिस्क गर्भवती माताओं को चिन्ह अंकित कर सूची बनाकर अवगत कराने हेतु 21 नवंबर 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में पहली बार दुर्ग जिले के तीनों ब्लाकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में एक ही दिन 10 हाई रिस्क गर्भवती माताओं का सिजेरियन ऑपरेशन द्वारा प्रसव कराया गया। सभी जच्चा एवं बच्चा सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। डॉ. जे पी मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के मार्गदर्शन एवं डॉ. डीपी ठाकुर खंड चिकित्सा अधिकारी धमधा .के नेतृत्व में डॉ. रचना अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिशा ठाकुर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीतल यादव एवं मीना पारकर स्टॉप प्रमुख मिथिलेश गौर, अंजू इक्का, आशीष दास, स्टाफ नर्स कविता वर्मा, ओटी अटेंडेंट बिंदा ठाकुर, हीरो दी ठाकुर, मुकेश निर्मलकर, शिव कुमार सिन्हा द्वारा ऑपरेशन कक्ष में विशेष सहयोग कर पद अनुसार सराहनीय कार्य संपादन किया गया। अनुविभागीय विभागीय अधिकारी राजस्व बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा टीम को सुगमता पूर्वक कार्य संपन्न करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# नवागढ़ ब्लॉक के टेमरी में हुआ कृषक सम्मान सम्मेलन एवं रोड निर्माण का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा के अंतर्गत नवागढ़ ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति टेमरी में 17 नवंबर को कृषक सम्मान सम्मेलन एवं सप्ताहिक हाट बाजार रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे, संसदीय सचिव पंचायत व ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग छ.ग. शासन व विधायक नवागढ़, अध्यक्षता राजेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, विशिष्ट अतिथि अंजली सतीश मारकण्डे, अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, रितेश शर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत नवागढ़ एवं अन्य क्षेत्रीय कृषकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुदयाल बंजारे ने बताया कि छ.ग. शासन ने किसानों का कर्जा माफ कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में मदद की। नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत किसानों को सुविधा देने हेतु समितियों का पुनर्गठन कर 22 नवीन समितियां बनाई गई है उन्होने बताया कि आगामी वर्षो में धान को 2800 रु. प्रति क्विंटल तक खरीदी की जायेगी। राजेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गोधन न्याय योजना के द्वारा ग्रामीण रोजगार का सृजन किया जा रहा है। छ.ग. शासन द्वारा छात्रों के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले जा रहे है। साथ ही उन्होंने कृषकों को पैरा दान हेतु प्रोत्साहित किया एवं कृषकों को आश्वस्त किया कि कोई भी परेशानी नहीं आने देंगे।

# 66 बकायेदारों की सूची सार्वजनिक निगम ने शुरू की कुर्की की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कुर्की पर कार्रवाई के लिए भिलाई निगम ने आज से सख्ती दिखाना प्रारंभ कर दिया है। जिसकी कार्रवाई आज नेहरू नगर जोन से प्रारंभ हुई। आज कार्रवाई के पहले दिन बकायेदारों से 6 लाख 82 हजार रुपए टैक्स की वसूली की गई। इसी प्रकार से प्रत्येक जोन क्षेत्र में कुर्की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसके लिए दल का गठन कर दिया है तथा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के मुताबिक कुर्की अधिकारी कुर्की वसूली की कार्रवाई करेंगे। 21 नवंबर से लेकर अलग-अलग दिवस में 23 दिसंबर तक कुर्की वसूली की कार्रवाई होगी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवन/भूमियों पर बकाया राशि की वसूली के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया था, इसके बाद धारा 174 के तहत दूसरी नोटिस जारी की गई थी इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने वालों को धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किया गया है। ऐसे बकायेदारों पर निगम अब सख्ती की मंशा से कार्रवाई कर रही है। कुर्की दल में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा खिरोद्र भोई, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर, अनिल मिश्रा, बालकृष्ण नायडू, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी एवं जे.पी. तिवारी शामिल है। इन अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही कुर्की के माध्यम से की जाएगी। कुर्की दल में शामिल अधिकारी कुर्की की कार्यवाही के दौरान पर्याप्त मात्रा में सुपुर्दगी नामा पत्रक, कुर्की पत्रक एवं सील, मोहर, स्टेशनरी आदि भी साथ में रखेंगे, कुर्की के दौरान स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड ब्रांच भिलाई के कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से इस कार्यवाही में मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि निगम ने कुर्की पर कार्रवाई के लिए सूची तैयार की है, इस सूची के मुताबिक बकाया राशि की वसूली कुर्की के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए आज से ही दल ने कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।

# घर बैठे प्राप्त करें 1 रुपए शुल्क के साथ एक सेकंड में भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं

- भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने अनावश्यक भटकने से मिला छुटकारा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




5000 वर्ग फुट तक के आवासीय प्लाट के लिए भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं है घर बैठे ही ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है और वह भी महज 1 सेकंड में 1 रुपए शुल्क के साथ। माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की यह योजना बेहद लाभकारी है, जिसका लाभ हितग्राही ले पा रहे है। ऐसे हितग्राही जो भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाह रहे हैं वह सीधे निगम के पंजीकृत वास्तुविद के माध्यम से समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दस्तावेज की प्रविष्टि भी ऑनलाइन करनी होगी। भवन मानचित्र का परीक्षण मानव हस्तक्षेप रहित सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों पर विभाग के द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर समस्त दस्तावेज सही पाए जाने पर 14 दिवस के भीतर आवासीय भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु नियम अनुसार राशि की गणना कर ऑनलाइन डिमांड नोट आवेदक को जारी किया जाएगा जिसे वह दिए गए वेबसाइट पर सिटीजन पे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर तुरंत रसीद प्राप्त कर सकते हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिक से अधिक लोगो को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। 3 जनवरी 2022 से योजना की शुरुवात हुई है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि अब तक 809 पात्र सभी आवेदकों को भवन अनुज्ञा प्रणाली के माध्यम से भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। प्रत्यक्ष भवन अनुज्ञा प्रणाली के प्रारंभ होने से निगम दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर काटने एवं भटकने से छुटकारा मिल रहा है। वहीं जहां भवन अनुज्ञा के लिए आवेदन करने के बाद पहले उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता, जोन आयुक्त एवं भवन अनुज्ञा अधिकारी से होकर प्रकिया गुजरती थी।

## पूजा अर्चना की एवं रोहणी कुंड का दर्शन किया

# भगवान के स्वरूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं किंतु तात्विक दृष्टि से वह एक ही है: रत्नेश

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



मठ मंदिर में सुबह श्रीमद्भागवत महापुराण एवं भव्य सन्त सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। श्रीधाम अयोध्यापुरी से पधारे स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने सबसे पहले भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की एवं रोहणी कुंड का दर्शन किया तत्पश्चात जगदीश मंदिर में दर्शन करते हुए मुख्य मंच पर विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात व्यास मंच पर विराजित हुए। यहां श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि जिनकी कृपा से छत्तीसगढ़ के जगन्नाथ पुरी भगवान शिवरीनारायण धाम में भगवान की कथा सुनाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है ऐसे वैष्णव कुलभूषण राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के श्री चरणों में सादर नमन हैं, उन्होंने कहा कि गंगा अपने आप में महत्वपूर्ण हैं किंतु हरिद्वार, प्रयाग और काशी में उनकी महिमा और भी बढ़ जाती है ठीक वैसे ही भागवत महापुराण अपने आप में पूर्ण है इसकी कथा हम अपने -अपने घरों में भी बैठकर सुन सकते हैं किंतु ऐसे दिव्य तीर्थ धाम में महानदी की त्रिवेणी संगम तट पर महापुरुष पूज्य पाद की छत्रछाया में कथा सुनने को मिल जाए तो यह परम सौभाग्य की बात है! उन्होंने कहा कि दुनिया का ऐसा कौन वक्ता होगा जो नहीं चाहेगा कि भगवान शिवरीनारायण की चरणों में बैठकर उनकी ही कथा को उनके चरणों में निवेदित करें! आप लोग बहुत भाग्यशाली हैं जिन्हें ऐसे महनी सन्त की छत्रछाया प्राप्त हुई है। यह कथा धनबल, जनबल, बाहुबल, विद्याबल से प्राप्त नहीं हो सकती! यह तो भगवत कृपा से ही संभव है। आपके जन्म -जन्मांतर के पुण्य का उदय हुआ है इसलिए यहां बैठकर कथा सुनने का सौभाग्य आपको मिल रहा है। श्रीमद् भागवत महापुराण से पहले वेदव्यास जी ने 17 महापुराणों की रचना की लेकिन वे संतुष्ट नहीं हुए जब उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण लिखा तब उनके मन को संतुष्टि मिली, वे परिपूर्ण हुए। भागवत महापुराण की रचना के पूर्व भी इसकी कथा इस संसार में विद्यमान थी, यह सनातन और पुरातन है। भगवान के स्वरूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं किंतु तात्विक दृष्टि से वह एक ही है। हमारे यहां युगल उपासना की जाती है, इसलिए सीताराम, लक्ष्मीनारायण, राधा-कृष्ण और गौरी शंकर की साथ-साथ पूजा करने का विधान है।

### कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए विधानसभा अध्यक्ष

शिवरीनारायण मठ महोत्सव के प्रथम दिवस कथा का रसपान करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत अपने चिरंजीव सूरज के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों के साथ कुछ पल, कुछ क्षण, एक घड़ी, आधी घड़ी जितना भी समय मिल जाता है वही हमारे लिए कल्याण का रास्ता तय करता है। व्यास पीठ पर विराजित स्वामी जी कह रहे थे कि जन्म से ही मृत्यु की रास्ता का शुरुआत हो जाती है, हम लोग भी उसी दौर से गुजर रहे हैं, परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि हमें उस लायक बनाए कि हम उनके चरणों में जा सके, यहां साक्षात भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी एवं शबरी माता विराजमान है। हम आप लोगों को भी उन्हीं के रूप में देखते हैं। मंच पर विशेष रूप से बड़े महाराज संत रामपाल दास जी महाराज सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी गण एवं श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण वितरण समारोह का आयोजन 16 नवंबर को संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण वोरा विधायक दुर्ग, अध्यक्षता राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, विशिष्ट अतिथि धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग एवं राजेश यादव सभापति दुर्ग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वोरा ने समाज में शिक्षकों के योगदान को याद किया साथ ही राजेन्द्र साहू ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा पुरस्कार 2022, धर्मेन्द्र कुमार श्रवण व्याख्याता खल्लारी, संतोष कुमार साहू व्याख्याता सोमनापुर सरोज साहू व्याख्याता कोड़िया दुर्ग को दिया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन के तहत संभाग स्तरीय उत्कृष्ट प्राचार्य आर.के. वर्मा बालोद, आशा टेकाम परपोड़ी, मंजू शुक्ला, उरला, सरोजवाला बनाफर सहसपुर लोहारा, साधना अग्रवाल खैरागढ़ एवं शिक्षा विभाग के अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष ने किया धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

दुर्ग। जिले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू द्वारा समिति जामगांव के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां इस अवसर पर जामगाँव समिति के



अध्यक्ष भेष आढ़े जी, रानीतराई के अध्यक्ष रमन टिकरिया, जय चन्द्राकर, रूपेन्द्र शुक्ला राजेश ठाकुर, चतुर साहू सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे। राजेन्द्र साहू ने किसानों को बताया कि सरकार ने कर्ज माफी कर उनका पहला सम्मान किया। उन्होंने बारदाना एवं टोकन व्यवस्था देखी एवं इस अवसर पर समिति द्वारा किसानों एवं मजदूरों को दी गई निःशुल्क भोजन व्यवस्था की सराहना की।

## संपादकीय

# गुजरात चुनाव कांग्रेस की दशा

**राहुल** गांधी तथा अन्य कांग्रेस नेताओं को चुनावों को गंभीरता से लेते हुए उसी दृष्टिकोण से काम करना चाहिए। आखिरकार राहुल गांधी ने गुजरात के चुनाव संघर्ष में प्रवेश कर सूरत जिले के महुवा में एक रैली को संबोधित किया। हालांकि, यह कदम बहुत देर से उठाया गया है, पर इससे कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित होंगे क्योंकि उनके अभियान में चोटी के नेताओं की संख्या अधिक नहीं है। इसके उलट प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनावी संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी भी कठोर परिश्रम कर रही है और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल व अन्य वरिष्ठ नेता इस पश्चिमी राज्य में वोट मांग रहे हैं। हिमाचल प्रदेश को भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं ने अनदेखा किया। सोनिया गांधी वहां स्वास्थ्य कारणों से नहीं गईं। प्रियंका गांधी ने प्रचार में भाग लिया, पर इससे राज्य के नेता संतुष्ट नहीं थे। कुछ सप्ताह पहले तक पहाड़ी राज्य में भाजपा की संभावनायें कमजोर नजर आती थीं क्योंकि यह राज्य हर पांच साल में सरकार बदलता रहा है। सत्ता-विरोधी लहर के साथ ही विद्रोहियों की समस्या भी थी। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को एक विद्रोही भाजपा नेता से चुनाव में बैठने को कहते दिखाया गया था। इससे भाजपा विरोधी खुश थे और कह रहे थे कि पार्टी इतनी परेशान है कि प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। लेकिन वे भाजपा की लगन पर गौर करने में विफल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह उस समय बहुत बढ़ गया जब उन्होंने देखा कि देश का सबसे बड़ा नेता राज्य के चुनाव में बहुत दिलचस्पी ले रहा है। इसकी तुलना राज्य विधानसभा चुनावों के प्रति देश की सबसे पुरानी पार्टी के सर्वोच्च नेताओं से करें तो तस्वीर एकदम उल्टी नजर आती है। सर्वोच्च नेता राहुल गांधी लगतार 'भारत जोड़ो यात्रा' में व्यस्त हैं। उन्होंने वी.डी. सावरकर पर अनावश्यक विवाद पैदा कर महाराष्ट्र में अपनी सहयोगी शिवसेना-उद्धव को नाराज किया। इसके फौरन बाद मेधा पाटकर के यात्रा में शामिल होने की भाजपा ने आलोचना की। राहुल व पाटकर का नाम लिए बिना मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राहुल से मेधा पाटकर की निकटता पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'वे नर्मदा बांध के खिलाफ थे।' ऐसा लगता है कि राहुल गांधी अपनी समझ से भाजपा के कथित 'उग्र राष्ट्रवाद' व 'हिंदू-केन्द्रीयता' का जवाबी विमर्श तैयार कर रहे हैं। इसीलिए यात्रा का नाम भारत जोड़ो दिया गया है तथा यात्रा में मेधा पाटकर की उपस्थिति को प्रचारित किया जा रहा है। यह जवाबी-विमर्श एक ऐसा आधार हो सकता है जिससे एनजीओ व एक्टिविस्टों के साथ समझदारी बढ़ने पर पार्टी को लाभ मिले जिनमें से अधिकांश वामपंथी झुकाव वाले हैं। यह संकेत करना जरूरी है कि इन एक्टिविस्टों ने 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को बदनाम करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। इसके परिणामस्वरूप आठ साल तक विपक्ष में रहने के बाद कांग्रेस सत्ता में लौटने में सफल हुई थी। इसलिए राहुल गांधी के विचलनों के पीछे कोई विचार या दीर्घकालीन रणनीति हो सकती है। लेकिन कोई राजनीतिक पार्टी तात्कालिक व मझोली अवधि वाले मुद्दों को अनदेखा नहीं कर सकती है। उसे चुनावों को गंभीरता से लड़ना चाहिए, अच्छे इरादों व नैतिक भावनाओं को कभी नजरंदाज़ नहीं करना चाहिए, पर असली राजनीति की भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। इस मामले में राहुल गांधी का नेतृत्व विफल है। पिछले नौ साल में देश ने मोदी की असाधारण प्रगति तथा कांग्रेस की लगातार गिरावट देखी है। राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं को चुनाव लड़ने तथा उसके अनुसार व्यवहार करने में गंभीरता बरतनी चाहिए।

# गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

### यदि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका मिला तो गुजरात जल्द ही दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर जा सकता है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महा्निदेशक हैं।)



**श**हरीकृत, उद्यमिता-समर्थक तथा 90 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या वाला गुजरात लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की सोशल-इंजीनियरिंग रणनीतियों की प्रयोगशाला बना हुआ है। दिसंबर में चुनाव वाले इस राज्य में भाजपा 27 साल से शासन कर रही है और उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 26 सीटों पर विजय पाई थी। हालांकि, उसके दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी सत्ता-विरोधी लहर की उम्मीद लगाए हैं, लेकिन भाजपा के इसे तोड़ कर पुनः सत्ता में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल भ्रष्ट व अक्षम समझी जाने वाली विजय रूपानी सरकार हटाने के बाद भाजपा ने अपनी छवि में काफी सुधार किया है, हालांकि मोरबी कांड ने प्रशासनिक स्तर पर व्याप्त भाई-भतीजावाद तथा भ्रष्टाचार को उजागर किया है और उसका थोड़ा असर हो सकता है। लेकिन इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'करिश्मे' तथा गुजराती मतदाताओं में उनके प्रति व्याप्त असाधारण विश्वास को तोड़ने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। यहां तक कि मुसलमान भी भाजपा के साथ जा सकते हैं और यह नहीं कहा जा सकता है कि इसका कारण केवल भय है। भाजपा ने अपने 'गुजरात माडल' को शानदार आर्थिक वृद्धि, प्रगति व समृद्धि के रूप में पेश किया है। गुजरात ने अनेक अनुकरणीय पहलों में अग्रणी भूमिका अदा की है और उनका सफल क्रियान्वयन किया है। भारत के अनेक राज्यों ने 2003 में लड़कियों की शिक्षा के लिए उसके 'कन्या केलावनी' योजना का अनुसरण किया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों के लिए उसके द्वारा नए उद्योगों के लिए इनोवेशन, स्टार्टअप व इन्सेंटिव ने भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। गुजराती वैसे भी कठोर परिश्रम व बिजनेस योग्यता के लिए जाने जाते हैं। गुजरातियों की कार्य संस्कृति को देखते हुए वे सरकारी 'खैरातों' के बजाय बाजार या कार्यस्थल से मिलने वाले सामाजिक न्याय के प्रति ज्यादा विश्वास करते हैं।

वैसे आप ने अपना घोषणापत्र नहीं जारी किया है, पर उसके द्वारा किए गए वादों को देखते हुए किसी औपचारिक घोषणापत्र की जरूरत नहीं है। वह 'पंजाब माडल' की नकल करते हुए प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, बेरोजगार नौजवानों के लिए 3,000 रुपये तथा प्रत्येक वयस्क महिला के खाते में 1,000 रुपये भेजने के साथ निजी नौकरियों में स्थानीय नौजवानों के लिए 80 प्रतिशत कोटे तथा हर गाय के लिए 40 रुपये प्रति दिन व पुरानी पेंशन योजना बहाली जैसे वादे कर रही है। मोदी ने विकास के बजाय 'रेवड़ी' या खैरात संस्कृति की आलोचना करते हुए कहा था, 'रेवड़ी संस्कृति वाले कभी नए एक्सप्रेसवे, नए हवाईअड्डे या डिफेंस कारीडोर नहीं बनाएंगे।' इसका विरोध करते हुए केजरीवाल ने कहा कि महिला मतदाओं के लिए '1,000 रुपया महीना रेवड़ी नहीं है।

यह आपका अधिकार है। जनता का पैसा जनता के पास जाना चाहिए, स्विस बैंकों में नहीं।' चुनाव निकट आने के साथ निश्चित रूप से और 'खैरातों' का वादा किया जाएगा। सत्ता के लालच में केजरीवाल कहीं भी नहीं रुकेंगे, भले ही इसका अर्थ पूरे गुजरात राज्य को बेचना ही क्यों न हो। 2017 के चुनाव में भाजपा को वोटों में 49 प्रतिशत हिस्से के साथ कुल 182 सीटों में से 99 पर विजय मिली थी, जबकि कांग्रेस को 41 प्रतिशत वोटों के साथ 72 सीटों पर सफलता मिली थी। आप ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था, पर वह एक भी सीट नहीं जीत सकी तथा अधिकांश सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई। उसे नोटा से भी कम वोट मिले थे।

अत्यधिक क्षरण व विचारों के दीवालियापन के स्पष्ट संकेत दे रही कांग्रेस केवल 'खैरातों' के वादे करने में आप से आगे निकलने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने एक रैली में कहा कि उनकी पार्टी आप द्वारा पस्तावित सभी 'खैरातों' के सिवा और अधिक देगी। इस प्रकार कुछ दिन पहले जारी उनके घोषणापत्र में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, 10 लाख सरकारी नौकरियां देने, 10 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा सहायता देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने तथा दिव्यांगों, विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों व जरूरतमंद महिलाओं को 2,000 रुपये की पेंशन देने जैसे वादे किए।

इसके साथ ही उन्होंने 3 लाख तक कर्ज माफी, जरूरतमंद छात्रों को 20,000 रुपये स्कालरशिप देने, गौशालाओं के लिए 1,000 करोड़ रुपये देने जैसे वादे भी किए। इसमें से अनेक वादे 'राजस्थान माडल' से लिए गए हैं, जहां उसने 2018 में भाजपा से सत्ता छीनी थी। इन वादों से गुजराती मतदाताओं को उत्साहित होना चाहिए, लेकिन जनमत सर्वेक्षण कुछ और कहते हैं। शायद आप को कांग्रेस के वोट छीनने से लाभ हो क्योंकि उसने कांग्रेस से सीख कर खैरातें देने का खेल ज्यादा आकर्षक बनाया है। लोकरंजकता की इस राजनीति में कठोर प्रतियोगिता का सामना कर रही भाजपा ने अब तक 'खैरातों' की दौड़ में शामिल न होने तथा मतदाताओं को आप से सतर्क रहने को कहा है। भाजपा के राज्य अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने कहा था, 'गुजरात में एक आगंतुक केजरीवाल के वादे चीनी उत्पादों की तरह हैं। सवाल है कि वे कब तक बने रहेंगे।' भाजपा को अभी अपना चुनाव घोषणापत्र जारी करना है जिसके लिए वह 'अग्रेसर गुजरात' अभियान से मिले जनता के सुझावों पर गौर कर रही है। उम्मीद है कि गुजरात के मतदाता सही फीडबैक देंगे। आप की बेलगाम उदारता ने पंजाब राज्य को पहले ही वेंटीलेटर पर डाल दिया है। वह ऐसी बेहोशी में डूबा है जिससे उसके जल्दी उबरने की उम्मीद कम है। सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि पंजाब सरकार जल्द ही उन विस्फोटक वित्तीय दबावों का शिकार बन जाएगी जिनके गंभीर सामाजिक परिणाम होंगे। वित्त वर्ष 21 में पंजाब का पेंशन, वेतन व ब्याज पर खर्च कुल राजस्व खर्च का 67 प्रतिशत था तथा सब्सिडी पर उसके 9,758 करोड़ के खर्च में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इससे किसी अन्य चीज पर खर्च के लिए बहुत कम पैसा बचता है। वर्तमान वित्त वर्ष में उसका बिजली सब्सिडी पर कुल खर्च 25,000 करोड़ होगा जिसमें जुलाई, 2022 से 300 यूनिट मुफ्त बिजली की 'खैरात' पर ही 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने पुराने कर्जों का ब्याज अदा करने के लिए पिछले दो महीने में 8,000 करोड़ रुपये कर्ज लिया है। उसका कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भारत में सबसे ज्यादा 54 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति एक लाख कर्ज के साथ यह भयानक कर्ज जाल में फंस गया है जहां केवल पुराने कर्ज व उनका ब्याज अदा करने के लिए कर्ज लेना पड़ता है। इसके बावजूद उसने अपनी सत्ता के पहले दो महीने में विज्ञापनों पर 37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस प्रकार पंजाब आज भारत की सबसे खराब प्रबंधन वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

इसके एकदम उलट गुजरात की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी की वृद्धि दर एक साल पहले 9.75 प्रतिशत से गिर कर केवल 0.57 रह गई। वैश्विक महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा में कमियां उजागर हुईं और आप इनका चुनावी लाभ उठाना चाहती है। 2011-12 से गुजरात लगातार राजस्व खाते में अतिरिक्त की स्थिति में रहा, पर वित्त वर्ष 21 में 22,548 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व घाटा हुआ। लेकिन इसके बावजूद उसने राजकोषीय घाटे को 2.44 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा है जो गुजरात राजकोषीय दायित्व कानून-जीएफआरए, 2005 में निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर है। उसने अपना कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भी 18 प्रतिशत पर बनाए रखा है जो जीएफआरए की 27 प्रतिशत सीमा के भीतर है। वित्त वर्ष, 21 में गुजरात ने कुल राजस्व का 63 प्रतिशत अपने संसाधनों से जुटाया, जबकि पंजाब में यह 50 प्रतिशत था। लेकिन वैश्विक महामारी से पहले भी गुजरात का अपना राजस्व गतिरोध का शिकार था। वह 22 प्रतिशत कर्ज ले रहा है तथा उसका लंबित दायित्व चक्रवृद्धि वार्षिक दर पर 10 प्रतिशत है। यदि आप व कांग्रेस को मौका मिल गया तो गुजरात जल्द ही निश्चित रूप से दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर चला जाएगा।

# कौन होगा पाकिस्तान का अगला सेना प्रमुख?

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



**आ**धिकारिक तौर पर, पाकिस्तानी सेना ने तीन बार (1958-71, 1978-88, 1999-2008) पाकिस्तान का नेतृत्व संभाला है। अनौपचारिक रूप से, यह 1958 से खाखी रंग के डॉक मार्टन बूट्स केअधीन है, 1978 में जनरल जिया-उल-हक केसाथ प्रतिष्ठान (पढ़ें, पाकिस्तानी सेना) की वापसी तक पाकिस्तान के सबसे खराब समय के 71 चरण के बाद के चरण को छोड़कर। हर तीन बार जब धूर्त जनरलों ने नेतृत्व संभाला, उन्होंने उसी राजनीतिक शक्ति को डबल-क्रॉस किया था जो जनरलशिप केलिए उनके उत्थान के लिए जिम्मेदार थी। एक ही हाथ जो खिलाता है उसे काटना, लगातार दोहराई जाने वाली घटना है। यह चलन तब शुरू हुआ जब तत्कालीन रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा ने सबसे जूनियर मेजर जनरल अयूब खान को पाकिस्तानी सेना का पहला देशी कमांडर-इन-चीफ बनाने की पैरवी की (अयूब का नाम नामांकन सूची में भी नहीं होने के बावजूद)। बाद में राष्ट्रपति के रूप में, इस्कंदर मिर्जा ने संविधान को निरस्त कर दिया और जनरल अयूब खान केसाथ मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक केरूप में मार्शल लॉ की घोषणा की - इस कदम के20 दिनों के भीतर, जनरल अयूब ने इस्कंदर मिर्जा को टक्कर मार दी और उन्हें इंग्लैंड भेज दिया! दशकों बाद, जुल्फिकार अली भुट्टो ने सात वरिष्ठ जनरलों को हटाकर वरिष्ठता में सबसे जूनियर लेफ्टिनेंट जनरल जिया-उल-हक को सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। अपने कनिष्ठतम दर्जे के बावजूद, ज़िया का ट्रैक रिकॉर्ड, डरावना स्वभाव और सबसे बढ़कर, और अत्यधिक आज्ञाकारी और जुल्फिकार अली भुट्टो के प्रति निष्ठावान होने की प्रतिष्ठा भी थी - सेना प्रमुख बनने के एक साल से भी कम समय में, जनरल ज़िया ने मार्शल लॉ की घोषणा की। और उसके कुछ साल बाद, अपने प्रारंभिक उपकारी को फांसी पर चढ़ा दिया! कुछ दशक बाद, जनरल ज़िया केराजनीतिक नायक नवाज़ शरीफ़ ने भी एक ऐसा ही आश्चर्य प्रकट किया, जब उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ़ में दो वरिष्ठों को हटाते हुए एक प्रत्यक्ष रूप से सुरक्षित पाक सेना प्रमुख नियुक्त किया। तीसरी बार इतिहास को दोहराना था जब जनरल परवेज मुशर्रफ ने उस आदमी को अपदस्थ कर दिया जिसने उन्हें सीओएएस बनाया और असहाय नवाज को सऊदी अरब भगा दिया! दिलचस्प बात यह



है कि तख्तापलट में गद्दी से हटने वाली तीन नागरिक सरकारों में से प्रत्येक पाक राजनीति के 3 अलग-अलग अनुनय का प्रतिनिधित्व करती थी - मुशर्रफ ने पीएमएल-एन की व्यवस्था को हटा दिया था, जिया ने पीपीपी की व्यवस्था को हटा दिया था और अयूब ने एक उदार-सत्तावादी तनाव को हटा दिया था ( इमरान खान की पीटीआई की वृत्ति में) इस्कंदर मिर्जा को टक्कर देने में। इसके अलावा, इन सैन्य हड़पने वालों में से प्रत्येक तथाकथित अल्पसंख्यक/सुरक्षित जातीय संप्रदायों से थे क्योंकि अयूब हरिपुर से एक हजारा थे (और लोकप्रिय रूप से पठान नहीं थे), जबकि जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ दोनों मोहाजिर थे (भारत से अप्रवासी)। ये अति-महत्वाकांक्षी जनरल पारंपरिक पंजाबी (राजपूत / जाट) या पठान जातीयता से नहीं थे, जो पाकिस्तानी सोल्डरिंग स्टॉक का बड़ा हिस्सा बनाता है, फिर भी उनके संस्थागत असर ने उन्हें अच्छी तरह से स्थापित राजनेताओं को रौंदने की अनुमति दी। हालांकि, जब असैन्य राजनेताओं ने स्पष्ट रूप से शासन किया, तब भी राजनेताओं को उखाड़ फेंकने में आर्मी हाउस की निर्णायक छाप, जो वास्तव में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए जिम्मेदार थे, सुसंगत है। नवाज शरीफ के पास चट्टानी संबंध रखने और उन सभी छह प्रमुखों द्वारा पछाड़ने का संदिग्ध रिकॉर्ड है, जिन्हें उन्होंने चुना था - पहले जनरल वहीद काकर ने नवाज को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, अगला जनरल जहांगीर करामत थे जिन्हें समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए मजबूर किया गया था, तीसरे जनरल परवेज मुशर्रफ थे। चौथे जनरल परवेज कयानी थे जिन्होंने एकतरफा खुद को दूसरा कार्यकाल दिया, पांचवें जनरल राहील शरीफ थे जिन्होंने नवाज को अपनी लोकप्रियता और विस्तार की बातों से रातों की नींद हराम कर दी और छठा, है वर्तमान जनरल क़मर बाजवा जो 2018 में नवाज़ को हटाने और इमरान खान को प्रधान मंत्री के रूप में चुनने के लिए अकेले जिम्मेदार थे!

आज, विडंबना यह है कि यह वही जनरल क़मर बाजवा हैं जिन्होंने इमरान की पीटीआई (जब तक इमरान खान का कद बहुत बड़ा नहीं हो गया) के साथ छेड़खानी करके 360 डिग्री मोड़ लिया और फिर पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन में लौट आए। पाकिस्तानी प्रतिष्ठान या सेना हमेशा किसी भी राजनीतिक नेता, पक्षपातपूर्ण ध्वज या विचारधारा केप्रति कोई स्थायी वफादारी के साथ अपनी इकाई नहीं रही है - इसने पीएमएल-एन, पीपीपी या यहां तक कि पीटीआई के साथ चतुराई से पक्ष लिया है क्योंकि यह शीर्ष पर आवश्यक समझा जाता है, लेकिन कभी भी सदस्यता नहीं लेता है या लंबे समय तक किसी भी पक्षपातपूर्ण वरीयता में खुद को निहित किया।

सामयिकता से पता चलता है कि अगला प्रमुख (जैसा कि वाशिंगटन डीसी में जनरल कमर बाजवा द्वारा पुष्टि की गई है, इसलिए विश्वसनीय है) निश्चित रूप से इमरान की पसंद से नहीं होगा, जैसे लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (पिछले डीजी-आईएसआई, जिन्हें इमरान का करीबी माना जाता है)। यह भी स्पष्ट है कि शरीफ बंधुओं, हालांकि पीपीपी के साथ गठबंधन में, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद आमिर (एक बार आसिफ जरदारी के सैन्य सचिव) जैसे कथित पीपीपी वफादार के प्रति दयालु नहीं हो सकते हैं। यह ज्ञात धार्मिक रूढ़िवाद के साथ किसी को भी नियुक्त करने से भी दूर रहेगा क्योंकि प्रतिष्ठान को ज़िया के शरीयाकरण में कमी का डर है। यहां तक कि किसी भी दावेदार को समायोजित करने केलिए प्रणाली में हेरफेर करने के सुझावों से भी बचा जा सकता है, और इससे लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को बाहर रहना पड़ सकता है। उन्मूलन का कानून लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, लेफ्टिनेंट जनरल अजहर अब्बास और लेफ्टिनेंट जनरल नौमान महमूद की पसंद के लिए मैदान छोड़ देता है ताकि थल सेनाध्यक्ष और नाममात्र अधिक वरिष्ठ, चीफ ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के पदों को भरा जा सके। माना जाता है कि तीनों अनुभवी पेशेवर हैं।

## फरमाया



**मैं** सुनिश्चित करना चाहता हूं कि भाजपा यहां हर बूथ पर जीते। क्या आप मेरे लिए यह काम करेंगे?

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** कॉप 27 में हुई प्रगति का स्वागत करता हूं, लेकिन सुस्ती का कोई स्थान नहीं है। अभी बहुत कुछ करना है।

**- ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**लोग** विरोध कर रहे हैं। वे अपनी जमीन व संसाधन देने पर तैयार नहीं हैं। उनको फर्जी वादों पर अब और विश्वास नहीं है।

**- अरुन्धती राय**
लेखिका

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## धर्मांतरण का खतरा

**भय,** प्रलोभन और अंधविश्वास के माध्यम से किसी को अपने धार्मिक पहचान बदलने के लिए बाध्य करना देश के लिए बड़ा और गंभीर संकट बनता जा रहा है। इस तरह के मातंतरण के विरुद्ध याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। न्यायालय का कहना है कि इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे। अनदेखी से स्थिति बिगड़ सकती है। जबरन मतांतरण राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। मतांतरण कराने वालों के निशाने पर प्रायः गरीब तबका होता है, जिसकी विवशता और गरीबी का लाभ उठाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए बाध्य किया जाता है। संविधान में सभी को अपने मत-मजहब के प्रचार की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। प्रचार के नाम पर अन्य को बरगलाने की स्वतंत्रता किसी को नहीं दी जा सकती है। कई राज्यों में गरीब आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लोगों को बहकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश करने के लिए कैसे-कैसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, यह कोई छुपा तथ्य नहीं रहा गया है। इन पर अंकुश लगाना जरूरी है क्योंकि इससे सामाजिक विकृति पैदा हो सकती है।

**-सदन जी,** पटना

## महिला-उत्पीड़न

**मेरा** देश प्राचीनकाल से सुसंस्कृत रहा है। देवियों को पूजा जाता रहा है और आज भी ये विरासत में मिले संस्कार देश में विद्यमान हैं। परन्तु कतिपय राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों ने हमें विरासत में मिली संस्कृति और संस्कार को छिन्न-भिन्न कर दिया है। छोटी-छोटी बालिकाओं के साथ ही युवतियों और महिलाओं तक को राक्षसी प्रवृत्ति के लोग कभी बलात्कार, कभी हत्या, कभी ऑनर कीलिंग, कभी लव-जिहाद तो कभी धर्मान्तरण के नाम पर अपनी हवस का शिकार ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि उनकी नृशंस हत्या तक कर रहे हैं। सोशल मीडिया, इंटरनेट और अन्य संचार साधनों की बढ़ती सुविधाएं तो एक बड़ा कारण हो सकती है साथ ही स्वार्थ की राजनीति, कमजोर कानून-व्यवस्था और सरकारी तंत्र में बढ़ती भ्रष्टता से भी बढ़ती अनैतिक प्रवृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। राजनीति से ऊपर उठकर अगर सरकार सख्त कदम उठाये और फिर अपराधी हो या भ्रष्ट लोग उनसे सख्ती से निपटा जाए तो अवश्य बढ़ती राक्षसी प्रवृत्ति पर काबू पाया जा सकता है। इससे अधिक दुःख-दर्द की बात और क्या हो सकती है?

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## अलविदा तबस्सुम

**तबस्सुम** का अर्थ है-एक प्यारी सी मुस्कान। जबकि वह अपने नाम पर खरी उतरी और अपने साक्षात्कार-फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन, के माध्यम से दो दशकों तक प्रशंसकों के दिलों पर छाई रही। इन सबका सुंदर वर्णन तबस्सुमजी अपने साक्षात्कार में प्रस्तुत करती थीं। इसीलिए उनका साक्षात्कार 1972 से 1993 तक दो दशकों तक दर्शकों के दिलों पर हावी रहा। हमारी पीढ़ी में हमारा बचपन उनके साक्षात्कारों को देखते हुए बीता, खासकर इसलिए क्योंकि उस समय आज के दूरदर्शन जैसे चैनलों की भरमार नहीं थी और वे भी समय पर शुरू होते थे। और समय पर रुक जाते थे। अब हर जगह चैनल्स की सूखी या भरपूर फसल है। लेकिन, वर्तमान गुलशन में, ऐसी तबस्सुम और ऐसी मुस्कान दोबारा नहीं होगीं। तबस्सुम को अलविदा कहने के साथ ही नई पीढ़ी को दूरदर्शन व श्वेत श्याम फिल्मों के उस दौर से परिचित कराना जरूरी है जब जीवन प्राकृतिक रूप से फिल्मों व कलाकारों की कला का हिस्सा बनता था। तबस्सुम उस दुनिया का प्रतीक हैं जो अब हमारे बीच नहीं रही।

**-दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

# जनसामान्य से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनसामान्य के मॉगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले में आयोजित मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सचिवालय सहित मंत्रियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आमजनता के मॉगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। कलेक्टर शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एडीएम योगेन्द्र श्रीवास सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी और विभाग प्रमुखगण उपस्थित थे।

**हितग्राहियों को पेंशन योजना से करे लाभान्वित-** बैठक में कलेक्टर शर्मा ने पेंशन प्रकरणों से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों की निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पात्र आवेदनों का परीक्षण कर सभी पात्र हितग्राहियों को पेंशन योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के कोई भी पात्र व्यक्ति राशन एवं पेंशन योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे, इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित की जाए। शर्मा ने जिले में आयोजित मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाकत कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निराकरण हेतु शेष सभी आवेदनों का शीघ्र समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

**स्कूलों की समुचित साफ-सफाई एवं रंगरोगन कराने के निर्देश-** बैठक में कलेक्टर शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने स्कूली बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु बनाए गए विशेष कार्ययोजना एवं इस संबंध में की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों की समुचित साफ-सफाई एवं रंगरोगन कराने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से सभी स्कूलों में दी जाने वाली विकली आयरन फोलिक एसिड टेबलेट की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए जिले के सभी स्कूलों में शीघ्र ही इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना गोधन न्याय योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। शर्मा ने जिले में चिटफंड कम्पनियों के निवेशकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर अब तक की गई कार्रवाई की प्रगति की भी जानकारी ली तथा इस प्रकरण को विशेष प्राथमिकता के साथ निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर की संवेदनशील पहल से अब फिर से अपने पैरों पर चल सकेगी दिव्यांग शांति

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याओं को सुना। कलेक्टर शर्मा ने जनदर्शन में मदद हेतु फरियाद लेकर पहुॅची जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर निवासी दिव्यांग महिला शांति बाई का एक माह के भीतर कृत्रिम पैर लगाने के निर्देश उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिए। कलेक्टर ने शांति बाई को समझाईश देते हुए बताया कि कृत्रिम पैर लगने से वे दोबारा चल फिर सकेगी। शर्मा ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को तत्काल शांति बाई को जिला मुख्यालय स्थित जिला निःशक्त जन पुनर्वास केन्द्र में ले जाकर उनके कृत्रिम पैर लगाने हेतु शांति बाई के पैर के नापजोख एवं अन्य कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शांति बाई ने बताया कि गांव के गली में निर्मित की जा रही नाली में गिरने से उनके पैर में गंभीर चोट आने के फलस्वरूप उनके एक पैर को काटना पड़ा। जिनके फलस्वरूप अब वे दिव्यांग हो गई हैं। कलेक्टर शर्मा के त्वरित एवं संवेदनशील पहल पर कृत्रिम पैर लगाने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की खबर पाकर श्रीमती शांति बाई एवं उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बागतराई के निःशक्त बालिका कु. चांदनी को मदद दिलाने हेतु उनके परिजन कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने पहुॅचे थे। कलेक्टर शर्मा ने मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र पडौति को दिव्यांग बालिका कु. चांदनी की जरूरी मदद हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने पहुॅचे थे।



# स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिन बहनों का योगदान ईश्वर का वरदान है : छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला में आयोजित मितानीन सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक थ जिन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सभी के परिश्रम से स्वास्थ्य की प्राथमिक सुविधाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को प्राप्त हो रहा है, आप सभी का सम्मान हमारी प्राथमिकता है.मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा है इनकी निस्वार्थ सेवा प्रेरणादायी है ये गांव की प्रथम चिकित्सक के रूप में जानी जाती है,प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की जितनी योजनाएं है उन्हें जन-जन तक पहुंचाकर उसका लाभ दिलाने का कार्य भी मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता करते हैं कोरोना काल मे घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य की जानकारी, लोगो को कोविड के टीकाकरण के लिए भी जागरूक किया गया ऐसे विषम परिस्थितियों में भी मितानिन बहनो ने धैर्य बनाकर कार्य किया और लोगों को जागरूक किया वास्तव में मितानीन बहने एक योद्धा है मितानिन बहनों का कार्य समाज सेवा का सर्वश्रेष्ठ कार्य है,जो दिन-रात सतत सेवा की पहचान बन चुका है.अपने स्वयं की पारिवारिक जिम्मेदारी निर्वहन के बावजूद मानव सेवा का यह भाव निश्चित ही सराहनीय है.मितानीन बहनें 24 घंटे निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करती आ रही है, गावों से लेकर शहरो वार्ड के मोहल्ला में रहकर लोगों को मलेरिया, दस्त, निमोनिया, बीमार नवजात, टीवी, कुष्ठ, पीलिया, कुपोषण, कृमि, गर्भवती, शिशुवती, ऊपरी आहार के घर परिवार भ्रमण, गर्भवती पंजीयन, प्रसव पूर्व चार जांच, संस्थागत प्रसव,गर्भावस्था में देखभाल, प्रसव के बाद माता के देखभाल करती है, वार्डो/पारा में बैठक कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सहित अन्य कार्यो को भी निस्वार्थ भाव से करती है,स्वास्थ्य सेवा हो या फिर शासन के जन कल्याणकारी योजना हर क्षेत्र में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है, विधायक आशीष छाबड़ा ने 450 से अधिक मितानिन बहनों का श्रीफल, साड़ी भेट का सम्मान किए..इस अवसर पर रामेस्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,श्रीमती हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रासबीहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, पी आर सिन्हा, मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, विजय जैन,किशन साहू,राजेश दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेरला, ईश्वर सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सोंढ,युवराज साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति पतोरा, ओनि महीलांग अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मोहरेगा,प्रवीण शर्मा,राजेश चंदेल, मिथेलश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, मनोज शर्मा सभापति, रामखिलावन परगनिया, मन्नू निषाद, भारत पटेल, टिकेंद्र परगनिया, बसंत साहू, नारायण डगरे, नेहा सूराना,सविता हिरवानी, चित्रेखा साहू,रीना बघेल, टिकेंद्र परगनिया, बीरेंद्र पाठक, तुम्मन साहू, मोहन हिरवानी,अनिल वर्मा, रामाकांत साहू,गोपाल साहू, सिद्दीक खान, कविलास साहू,लक्ष्मण साहू, चैतराम साहू, ओमप्रकाश साहू, मनहरण, सत्यभामा परगनिया, करण मल्होत्रा, राजकुमार सेन, गोविंदा राजपुत, गुड्डू सेन, राकेश सोनी, जितेंद्र जोशी, जुगरू सिन्हा, अर्चना परगनिया, आशा ध्रुव, रीना वर्मा, रूखमणी साहू, गायत्री वर्मा, प्रेमलता सिन्हा, निर्मला साहू, नेमिन साहू, सविता वर्मा,गायत्री श्रीवास, सुरेखा निशाद, सुमन पांडे, प्रतिमा महिलांग, कुसुम चौहान, बिमला देवांगन, महेस्वरी पाल, सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहने उपस्थित रहे।

# नीतू और नीलू ने किया मितानिन दिवस पर नगर के मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य मितानिन दिवस के अवसर पर पार्षद नीलू राजपूत एवं पार्षद नीतू कोठारी ने नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड वार समस्त मितानिन बहनों का श्रीफल एवं गिफ्ट देकर उनके कार्य के प्रति निष्ठा एवं लगन का किया सम्मान, कार्यक्रम की संचालक मितानिन मास्टर ट्रेनर उषा साहू ने बताया कि राज्य में मितानिन कार्यक्रम आज से 21 वर्ष पूर्व ग्रामीण अंचलों में मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं महिलाओं को सामाजिक व्यवस्था समझाने एवं जागरूक बनाने के लिए चालू किया गया था,पहले 10 में 10 प्रसव घर पर ही किया जाता था,जिससे अनहोनी होने की संभावना होती थी आज विगत 21 वर्षों में ग्रामीण एवं शहरी गरीबी क्षेत्रों में बहुत समझदारी एवं जागरूकता आई है,आज माताएं एवं बहनों किसी को किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य के लिए जागरूक है आज 100 में 99 प्रतिशत प्रसव शासकीय संस्थाओं या अन्य संस्था में किया जाता है, जिससे मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में बहुत कमी है, मितानिन बहने घर घर जाकर चाहे दिन हो या रात अपने अपने क्षेत्र में बहुत ही निष्ठा से कार्य कर रही हैं आज इन बहनों के कारण ही समाज में सुधार और विचार में क्रांति आई है। इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र पर मितानिन बहने अनेक प्रकार से रोगों से लड़ाई लड़ने के लिए अपनी महती भूमिका निभाई है। महिलाओं के प्रति महिलाओ के द्वारा किया जा रहा यह मितानिन कार्यक्रम श्रेष्ठ है, मुझे खुद जरूरत पड़ने पर मेरी मितानिन बहन दौड़े चली आती है मितानिन के कार्य से छत्तीसगढ़ में मलेरिया दस्त टीवी जैसे रोगों के लड़ पाने में सक्षम बन पाया है इसके लिए सभी मितानिन साधुवाद के पात्र हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोतीलाल वर्मा की 104 वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

ग्राम बटंग में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दाऊ मोतीलाल वर्मा की 104 वी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पदाधिकारी तथा उत्तराधिकारी उपस्थित हुए। सांसद विजय बघेल ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के मध्य अपना अमूल्य समय निकाल कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वर्गीय दाऊ मोतीलाल वर्मा को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि समर्पित कर नमन किया । इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पदाधिकारी एवं उत्तराधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोतीलाल वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया गया आये हुए सभी अतिथियों एवं ग्राम वासियों ने सेनानी मोतीलाल वर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उसे स्मरण किया । आगे कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छत्तीसगढ़ अंचल से आये सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा कविता पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्ते में चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक महेश वर्मा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट किया इस आयोजन में विराट कवि मीर अली मीर, रामेश्वर वैष्णव, संजय कबीर शर्मा, ऋषि वर्मा, कृष्ण भारती भी शामिल हुए । इनके अलावा कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दुर्ग हर्षा लोकमनी चंद्राकर, जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक कृष्ण कुमार गौतम बटंग सरपंच श्रीमती मिथलेश चौबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार प्रधान पाठक ने किया । कवि सम्मेलन कार्यक्रम मां सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया गया ऋषि कुमार वर्मा ने कुशल संचालन किया।



# जिले में एक माह में ही 3249 लोगों को जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आम लोगों व स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु जिले में राजस्व विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप स्कूली छात्र-छात्राओं को संबंधित स्कूलों में तथा आम लोगों को भी आसानी से जाति प्रमाण पत्र मिल रहा है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि जिले में 22 अक्टूबर से 22 नवम्बर 2022 तक 01 माह में ही 3249 लोगों को जाति प्रमाण जारी किया गया है। जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 2127 जाति प्रमाण पत्र और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के कुल 1122 जाति प्रमाण पत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत गुण्डरदेही तहसील में 944, डौण्डीलोहारा तहसील में 248, अर्जुन्दा तहसील में 490, डौण्डी तहसील में 76, बालोद तहसील में 157 और गुरूर तहसील में 212 जाति प्रमाण जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतर्गत गुण्डरदेही तहसील में 131, डौण्डीलोहारा तहसील में 289, अर्जुन्दा तहसील में 66, डौण्डी तहसील में 244, बालोद तहसील में 212 और गुरूर तहसील में 180 जाति प्रमाण जारी किया गया है।

# मंत्री अकबर से मिले बैगा आदिवासी समुदाय के ग्रामीण



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गांगचुवा, ग्राम पंचायत सिंघारी के बैगा आदिवासियों ने रायपुर पहुॅचकर कवर्धा के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री से भेंट की। उन्होंने ग्राम में विकास कार्य कराने को लेकर मंत्री का आभार व्यक्त किया। इन लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस के रीति नीति के अनुरूप कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। कैबिनेट मंत्री के शासकीय निवास कार्यालय पहुॅचकर उनसे भेंट करने वाले में कसेर बैगा, केवल सिंह, थानसिंह, हजारी, रामनाथ, कुंवर सिंह, सोनसिंह, प्रेमसिंह, अनंद राम, बीरसोतीम, जेठिया, दसमी, सोनबाई, मनमत, कुंद बाई, चैनसिंह, प्रेमसिंह, शिवकुमार, हरेसिंग, देवसिंग, दलसिंग, चैतराम, टीकालाल, नैनसिंग, जयसिंग, सुंतीबाई, बुधसिंग, रनमत आदि शामिल थे।

# अनुभाग स्तरीय जनचौपाल शिविर में विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचा, ग्रामीणों से रूबरु होकर सुनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा ब्लाक के ग्राम पंचायत बाबामोहतरा में आयोजित अनुभाग स्तरीय जनचौपाल शिविर में आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुए जहां ग्रामीणों से रूबरु होकर समस्याएं सुने शिवर में विधायक ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारभ किया । इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है,गांव के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें, उनका जीवन सहज तथा सरल हो, शासन की योजनाओं का लाभ सरलता से मिले, समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें, इसी उद्देश्य से कलेक्टर और सीईओ सहित सभी विभाग के अधिकारियो की उपस्थिति में अनुभाग स्तरीय जनचौपाल शिविर के माध्यम से समस्याएं सुन मौके पर निराकरण किया जा रहा है। विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालो का निरीक्षण किए एवं मितान क्लब के सदस्यो को आईकार्ड वितरण सहित मितानिन दिवस पर मितानी बहनों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, पंचराम साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुसमी, सावित्री मोहन साहू सरपंच, सविता पाल सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, नीलेश वैष्णव सरपंच, चित्रेंद्र वर्मा, हरीश साहू, ,कमल साहू,प्रह्लाद साहू,रामू लहरे, रामदास बंजारे, कैलाश साहू,मोहन सिन्हा,सुशील, बिसहत साहू,धन्नू साहू, गणेश्वर लहरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरुचि सिंग, जनपद नंसीईओ पात्रे सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### निजामुद्दीन



**कवर्धा।** कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 21 के वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद चुनाव खान के छोटे सुपुत्र निजामुद्दीन का आकास्मिक निधन हो गया है। स्वर्गीय निजामुद्दीन 39 साल के थे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। 21 नवम्बर को रायपुर की एक अस्पताल में इनका निधन हुआ, जिनकी शहर के छोटे कब्रिस्तान मे सुपुर्दखाक किया गया है। निजामुद्दीन के निधन से उनके परिवार.रिश्तेदार समेत पूरे शहरवासियों को आहत किया शोकाकुल परिवार से मिलने बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ नागरिक पत्रकार समेत अधिकारी व नगरवासी लोग पहुंचे।

# मितानिन दिवस पर जिलाध्यक्ष धुर्वे के नेतृत्व में किया मितानिनों का सम्मान

## शॉल और श्रीफल भेंट कर मितानिनों के योगदान को सराहा

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे के नेतृत्व में नगर पंचायत चिखलाकसा के कार्यालय में मितानिन दिवस 23 नवंबर के अवसर पर मितानिनो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर धुर्वे ने कहा मितानिनें छत्तीसगढ़ का गौरव हैं व विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस साल वैश्विक स्तर पर उनके योगदान को सराहा है। धुर्वे ने आगे कहा की प्रदेश में हर साल 23 नवम्बर का दिन मितानिन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। धुर्वे ने कहा कि मितानिन ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की सबसे निचली लेकिन वहां स्वास्थ्य ढांचा की नींव होती है। सम्मान पाने वाले मितानिन में सोहद्रीबाई, अहिल्याबाई, डीलेश्वरीबाई, लता गोरे व महेश्वरी कोर्राम रहे। इस दौरान नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष भिखी मासिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैयद,विजय डडसेना, तिहारूराम आर्य, लीला डरसेना, सुनीता गुप्ता, विमला जैन व नूतन दास उपस्थित रहे।

# कवर्धा बंद के दौरान कांग्रेस भवन में घुसने की कोशिश से जिले के कांग्रेस जन हुए नाराज

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भाजपा द्वारा कवर्धा नगर बंद कराकर जुलूस निकालकर कांग्रेस भवन में घुसने का प्रयास करने पर कबीरधाम जिले के कांग्रेस जनों ने तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेसी मन्नू चंद्रवंशी,डाकोर चंद्रवंशी एवं सेवा सहकारी समिति प्रभाटोला अध्यक्ष गौतम जांगड़े ने कहा कि भाजपा द्वारा घटिया राजनीति किया जा रहा है दो लोंगो की आपसी विवाद के आड़ में कवर्धा जैसे शांत धर्मनगरी को बदनाम करने पे तुली हुई है यह ओछी राजनीति जनता भली भांति समझती है,दरअसल भाजपा साठ हजार से जो जीत अकबर की हुई थी उसे भुला नही पायी है रह रह के उसका दर्द उन्हें तड़पाता है,और पिछले चार सालों से कवर्धा में हुए विकास कार्य और अकबर के लगातार सक्रिय रहकर कवर्धा जिले के हर गरीब बेसहारा मजदूर ,किसानों के बीच रहकर है। हमेशा उनका सहयोग किया जा रहा है इन चार सालों में अकबर कवर्धा जिले वासियों के दिल मे अपनी और भी गहरी छाप बना चुके है हर वर्ग हर जाति धर्म के लोग उन्हें काबिल और जनप्रिय नेता बताते है वो हर धर्म के लोगों के बीच अपनी गहरी छाप छोड़ चुके है हर कोई से कहता हुआ सुना जा सकता है कि अकबर जैसे नेता इस जिले को मिला ये सौभाग्य है ,अकबर जैसे नेता के खिलाफ पिछले चार सालों से जब कोई मुद्दा हाथ नही लगा तो भाजपा आपसी लड़ाई को जातिगत बनाकर अकबर को बदनाम कर अपनी राजीनीतिक रोटी सेकना चाह रही है लेकिन कवर्धा की जनता समझदार है वो भलीभांति जानती है कि ये सब भाजपा की सत्ता पाने की चाल है , लेकिन राजनीतिक हथकंडे अपनाते अपनाते भाजपा बेशर्मी में उतर आई है वो कवर्धा की शांत फिजा में जहर घोलकर सत्ता पाना चाहती है,उनका यह मंसूबा कभी पूरा नही होगा क्योंकि यहां की जनता ने भाजपा का पंद्रह साल देखा है ,इन पंद्रह सालों में लोकल कवर्धा के मुख्यमंत्री होने के बावजूद विकास से कवर्धा कोसो दूर रहा,उसके अपेछा माननीय अकबर के मात्र चार साल भारी है ,कवर्धा के विकास के लिए लगातार अकबर सक्रिय है और आगे भी रहे रहेंगे।

गौतम जांगड़े ने कहा है कि कवर्धा के विधायक व प्रदेश के मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। आजादी के बाद से विकास का इस तरह का माहौल कभी नहीं रहा। कबीरधाम जिले में एथेनॉल प्लांट, मेडिकल कालेज की स्थापना होने वाली है। कवर्धा में संकरी नदी में अंग्रेजों के जमाने के स्थान पर नया पुल बना लिया गया है। जंगल क्षेत्र तरेगांव, रेंगाखार एवं रवेली में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा प्रारंभ कर दी गई है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी 66 लोगों की समस्याएं निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

■ जनदर्शन में अधिकारियों की अनुपस्थिति कतई बर्दाश्त नहीं: राहुल देव

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 66 आवेदकों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। उन्होंने जनदर्शन के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में नवोदय मछुआ सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 0 पथरिया के हितग्राहियों ने बताया कि शासन द्वारा मत्स्य कृषकों के आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किया जाता है। लेकिन उन्हें शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बैंक के माध्यम से मत्स्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम गंधीरवाडीह के धिरजा बाई ने भी केसीसी के लिए गुहार लगाई। कलेक्टर ने मत्स्य कृषकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक मत्स्य पालक कृषकों को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम जरहागांव के आवेदक थनवार ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बंधवा के आवेदक सुंदरलाल ने वारिसान पंजीयन में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम लिम्हा के आवेदक संदीप कुमार ने पूर्व सैनिक को जमीन आबंटन हेतु ग्रामसभा प्रस्ताव प्रदान करने, ग्राम परसवारा के आवेदक अनंतराम ने अन्य आवेदकों के साथ जलाशय योजना के तहत डुबान क्षेत्र में प्रभावित भूमि का पुनर्वास अनुदान राशि प्रदान करने, ग्राम बघर्रा के कृषकों द्वारा रबी फसल की बुआई हेतु चना के बीज उपलब्ध कराने सहित अन्य आवेदकों ने भी कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे एवं मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह का आयोजन

मुंगेली। प्रदेश स्तरीय भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें जिला मुंगेली से कलेश्वर गर्ग के नेतृत्व में मुंगेली के युवा टीम हजारों की संख्या में शामिल हुऐ। युवा संकल्प समारोह में प्रदेश भर के कोने कोने से



सम्मिलित युवा साथियों को मुख्य अतिथियों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बीवी श्रीनिवास राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा सभी युवा साथियों को भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने, पार्टी के आदर्शों को बनाए रखने और देश को विभाजित करने वाले विचारों, कुरीतियों को दूर करने का संकल्प दिलाया। युवा नेताओं में महितोष बंजारा, भारत रत्न मंडेला बनर्जी, रमेश कुमार, राजेश अंचल, संजय कुमार, करन साहू, जैकीचंद बंजारा, रिंकू यादव, सूरज बंजारे, निर्मल यादव, थानू साहू, बीरेन्द्र यादव,अमित यादव,दीना यादव, कौशल भास्कर।

# पीएमजीएसवाय अंतर्गत सड़क निर्माण संधारण और नवीनीकरण कार्य जारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण, संधारण और नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि योजना के अंतर्गत फेस 03 के तहत जिले में 133.81 किमी लम्बाई के 13 सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें से 127.21 किमी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं कोदवा महंत से कोसाबाड़ी कंचनपुर और लोरमी पंडरिया सड़क से डी-2 नहर तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार जर्जर सड़कों के संधारण के अंतर्गत 257 किमी के 48 सड़कों में से 174.22 किमी के 28 सड़कों में पैच रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं सड़क नवीनीकरण अंतर्गत 84.04 किमी के 26 सड़कों में से 78.85 किमी के 23 सड़कों का डामरीकरण पूर्ण किया जा चुका है। शेष सड़कों के संधारण और नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है।

गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जर्जर सड़कों का दुरूस्ती करण, नवीनी करण और नवीन सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा सड़कों के दुरूस्ती करण, नवीनी करण और नवीन सड़कों का निर्माण कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त कार्य का निरीक्षण कर सड़क का मुआयना करने निर्देश भी दिए गए हैं।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें : गेंदले

मुंगेली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता आर. के. गेंदले ने जिले के प्रवास के दौरान डिवीजन कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन



के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ग्रामवार सोलर और रेट्रोफिटिंग के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और ठेकेदार व अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गति लाने एवं समय-सीमा में प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने भी निर्देश दिए।

# अवैध तरीके से कोयला लेकर जा रहे तीन ट्रकों को जब्त किया गया

पायनियर संवाददाता < शक्ति
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना फास्टरपुर के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अवैध तरीके से कोयला लेकर जा रही तीन ट्रक को जब्त किया गया है। मौके पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवरों के गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना फास्टरपुर प्रभारी सत्यम चैहान ने बताया की 21 नवंबर को रात्रि लगभग 10 बजे फास्टरपुर सेतगंगा चैक के पास तीन ट्रक कोयले से भरी मिला उसके कागजात की जांच की गई उसके पास कोई वैध दस्तावेज नही मिला। तीनों ट्रक में लदे कोयले की अनुमानित लागत लगभग 15 लाख रू. आंकि गई है। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन ट्रक में क्रमशः पहला वाहन क्रमांक जी.जे. 25 यु. 8823 है दुसरा वाहन क्रमांक एम.पी.15 एच.ए. 7592 है वही तीसरी गाड़ी का क्रमांक एम.पी.बी. 20 जी.ए. 5562 है पुलिस थाना प्रभारी ने तीनों ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ पंजीबद्ध कर न्यायालय मुंगेली रिमांड पर भेज दिया गया है यहां यह बताना लाजमी होगा की कोयले से लदे ट्रक ड्राइवरो के पास पुलिस द्वारा सघन पुछताछ के दौरान वाहन चालकों के द्वारा निर्गत चालान समेंत अन्य वैद्य कागजात अधिकारियो को नही दिखाया गया उपरांत पुलिस प्रभारी फास्टरपुर के द्वारा ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ ही अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

फास्टरपुर पुलिस द्वारा सेतगंगा चैक में गस्त की कार्यवाही की गई थी इस दौरान कोयले से भरा 3 ट्रक मिली, पुछताछ के दौरान संतुष्टी जनक जवाब नही मिलने पर ट्रक डाईवरो के विरूद्ध कार्यवाही की गई है, आगे जांच के दौरान और कुछ नाम सामने आ सकते है। आरटीओ को गाडी मालिक के नाम के लिए पत्राचार किया जायेगा।

**-सत्यम चैहान थाना प्रभारी फास्टरपुर**

# अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी शराब एवं तीन पहिया स्कूटी जब्त

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाहियों का दौर जारी है, जिसमें बीते नशे के विरूद्ध मुंगेली पुलिस की कार्यवाही सामने आई है, जिसमें 9.8 लीटर अवैध शराब एवं तीन पहिया स्कूटी जप्त की गई।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जरहागांव पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि ग्राम भठलीखुर्द निवासी थानू साहू अपने तीन पहिया स्कूटी क्रमांक सीजी 28 एल 4821 में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है कि सूचना पर जरहागांव पुलिस ने ग्राम कोना पानी टंकी के पास मुताबिक हुलिया घेराबंदी कर तीन पहिया स्कूटी में जा रहे व्यक्ति को रोककर पूछताछ किये, जिसने अपना नाम थानू साहू निवासी भठलीखुर्द बताया। जिसकी तलाशी करने पर 255 पाव अवैध देशी प्लेन शराब, 06 नग बियर कुल 49.8 लीटर शराब जप्त की गई। जिसके संबंध में आरोपी थानू साहू द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत करने पर थाना जरहागांव में आरोपी के विरूद्ध अपराध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त तीन पहिया स्कूटी डेस्टिनी 125 जप्त कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थान प्रभारी उपनिरीक्षक भूपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक संजय यादव, दुर्गा साहू, आरक्षक नागेश साहू, आमिर चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन 28 नवंबर से, जिले के 1464 खिलाड़ी होंगे शामिल।

# खाटू श्याम मंदिर के पुजारी मोहन दास महाराज का हुआ शक्ति आगमन

■ श्याम प्रेमियों ने पहुंचकर लिया महाराज का आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < शक्ति
www.dailypioneer.com

राजस्थान के खाटू धाम के खाटू श्याम मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी मोहन दास महाराज का 23 नवंबर को सुबह शक्ति आगमन हुआ, इस दौरान शहर के श्याम प्रेमी मानस अग्रवाल शिव बुक सेंटर के निवास पर महाराज ने पहुंचकर आगंतुक श्याम प्रेमियों से मुलाकात की, इस दौरान शिव बुक सेंटर के संचालक मांगेराम अग्रवाल, मानस अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल सहित परिवार जन मौजूद रहे,तथा इस अवसर पर शक्ति शहर के श्याम प्रेमी राहुल अग्रवाल प्रियंका मोबाइल ने भी मानस अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया



तथा उनका चरण स्पर्श किया, इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के श्याम प्रेमी पहुंचे हुए थे एवं खाटू श्याम मंदिर के पुजारी मोहन दास बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित सीए विमल अग्रवाल के निवास पर आयोजित श्याम संकीर्तन में शामिल होने के बाद सराईपाली जाते समय कुछ देर के लिए शक्ति रुके थे तथा महाराज ने सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है,ज्ञात हो कि मोहन दास महाराज खाटू श्याम मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी हैं एवं वे खाटू श्याम जी के सुंदर भजनों की भी अपनी अमृतमय वाणी से प्रस्तुति देते हैं,तथा मोहन दास महाराज का कहना है कि खाटू श्याम की कृपा सब पर बनी हुई है एवं बाबा श्याम हारे का सहारा है, तथा जो भी भक्त उन्हें सच्चे मन से याद करता है।

# सक्ती के स्कूल को भवन की जरूरत-खंडहरों में कैसे गढ़ेंगे नौनिहाल अपना भविष्य

पायनियर संवाददाता < शक्ति
www.dailypioneer.com



शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेर पारा शक्ति जो कि पूर्व में हाईस्कूल कसेरपारा के नाम से संचालित था, वर्तमान में यहां प्राथमिक पूर्व माध्यमिक और हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की कक्षाएं संचालित हो रही है, शासन ने जहां एक तरफ पुराने विद्यालय को स्वामी आत्मानंद विद्यालय में तब्दील तो कर दिया ,परंतु अभी तक शिक्षा सत्र का आधा समय बीत चुका परंतु नवीन शाला भवन के निर्माण के लिए किसी भी प्रकार की कार्यवाही आरंभ नहीं की गई है,स्कूल परिसर से लगा कसेर पारा का पुराना विद्यालय भवन वर्तमान में अत्यंत जीर्ण शीर्ण हालत में है,पिछले 10 वर्षो से सभी संस्था प्रमुखों के द्वारा बिल्डिंग डिस्मेंटल के लिए उच्च अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों से पत्राचार किया गया व शाला प्रबंधन समिति के द्वारा प्रस्ताव भी पारित किया गया, परंतु अभी ठोस पहल नही हो पाई,। साथ ही साथ स्थान की कमी होने से,ना ही एक साथ प्रार्थना हो रहा है,ना ही बच्चे भय मुक्त होकर खेल पा रहे है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलकूद के आयोजन के दौरान नवीन जिला शक्ति की कलेक्टर के संज्ञान में जब यह बातें लाई गई तो कलेक्टर के द्वारा तत्काल उच्च अधिकारियों को बिल्डिंग डिस्मेंटल करने का मौखिक आदेश तो दे दिया गया ,परंतु इस बात को बीते 1 महीने से ऊपर हो गए परंतु अभी भी बिल्डिंग डिस्मेंटल की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी है, जिससे गंभीर दुर्घटना को निमंत्रण देने की स्थिति बनी हुई है।

# इंटैक इंडिया हेरिटेजः कोरिया चैप्टर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, शिप्रा एवं पलक ने जीती

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




भारतीय सांस्कृतिक निधि कोरिया चैप्टर के अंतर्गत 4 सितंबर को जिले स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में किया गया था।

जिसमें विजय इंग्लिश मीडियम की छात्रा शिप्रा तिवारी एवं पलक मिश्रा अव्वल रही द्य इनका चयन राज्य स्तर के लिए हुआ जहां 22 नवंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में आयोजित आयोजित किया गया था ,जहां राज्य के सभी जिलों के चैप्टर के विजेता छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता में सभी जिले के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए कोरिया चैप्टर की शिप्रा एवं पलक ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर में इनका चयन हुआ है यह प्रतियोगिता राजधानी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इसमें संस्था के शिक्षक निशांत मौर्य एवं साक्षी अग्रवाल के दिशा निर्देश से अधिक अंक प्राप्त किया द्य इनकी सफलता से कोरिया चैप्टर के कन्वेनर रमेश चंद्र सिंह, डॉ विनोद पांडे प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल पिपरिया अशोक जयसवाल, राजेश गोयल, शिव गुप्ता, डॉ. एन के चावड़ा, कल्याण केसरवानी, राजेश जायसवाल, रफीक मेमन एवं विजय इंग्लिश मीडियम की प्राचार्य इंदिरा सेंगर एवं संजय सेंगर ने राज्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने की शुभकामनाएं दीं।

## कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के संचालन के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

मुंगेली। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों में ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 28 नवंबर से 30 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें विकासखण्ड और नगरीय निकाय क्षेत्र से चयनित 1464 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें प्रत्येक विकासखण्ड से 366-366 खिलाड़ी और सभी नगरीय निकाय क्षेत्र से 366 खिलाड़ी शामिल हैं। कलेक्टर ने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

उन्होंने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक ग्रामीण के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुंगेली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# कलेक्टर ने ली सक्ती शहर विकास की बैठक लंबित निर्माण कार्यो को शीघ्र पुरा करने दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता < शक्ति
www.dailypioneer.com



नवीन जिला सकती के मुख्यालय जेठा में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने नगर पालिका परिषद सकती की अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी सहित सभी वार्डो के पार्षद एल्डरमैन के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यो को लेकर समुचित विकास के कलेक्टर ने मुख्यालय के सभागार में बैठक आयोजित कर प्रत्येक वार्ड के विकास कार्यों के बारे में जाना तथा नए कार्यो के बारे में पार्षदों से जाना, बैठक में कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने कहा कि लम्बित निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जावे एव नए कार्यो तथा विभिन्न तालाबों का सौन्दर्यीकरण के लिए नगर पालिका परिषद को कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने की निर्देश दिए, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है इसके लिए हम सबकी भागीदारी आवश्यक है इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम जो आवश्यक कार्य है उसे पहले पूरा करें बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, पार्षद चांदनी सहिस, रामसंजीवन देवांगन, गजेंद्र यादव, घनश्याम जायसवाल, रिकी सेवक, गजाधर यादव नान्हू भाचा, निशा महबूब खान, नगर पालिका में प्रतिपक्ष के नेता धनंजय नामदेव, गोविंदा निराला, एल्डरमैन घनश्याम देवांगन, लव सोनी, गोविंद देवांगन, हाजरा बेगम, कमत डेंसिल, सूरज, अनिल राठौर, परमानंद देवांगन, शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष त्रिलोकचन्द्र जायसवाल, सहित नगर पालिका के उपयंत्री शैलेन्द्र पटेल, स्वाति दुबे, शयन शुक्ला,मो. इब्राहिम खान सहित नगर पालिका परिषद सक्ती के विधिक सलाहकार अधिवक्ता गिरधर जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी देवी का राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < शक्ति
www.dailypioneer.com



राठौर क्षत्रिय कल्याण समिति चांपा एवं राठौर क्षत्रिय महिला सभा जांजगीर-चांपा के तत्वाधान में 20 नवंबर 2022 को ग्राम बिरगहनी स्थित शिव धाम परिसर में मातृशक्ति सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायत जांजगीर-चांपा की सभापति जयाकांता हरिशंकर राठौर थी, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता राठौर क्षत्रिय समाज के प्रभारी उपाध्यक्ष केदार सिंह राठौर ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठ डॉ. काशी प्रसाद राठौर एवं नगर पालिका चांपा के अध्यक्ष जय थवाईत सहित अन्य प्रतिष्ठित इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान चिकित्सा, पत्रकारिता, उद्यमिता सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिकजनों की 60 वर्ष की आयु सीमा पूर्ण कर चुकी माताओं का सम्मान किया गया,कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए नवीन क़दम छत्तीसगढ़ के स्थानीय संपादक राजेंद्र सिंह राठौड़ की माता लक्ष्मी देवी राठौर पति कृष्ण चन्द्र राठौर का प्रशस्ति पत्र, कोसे का शॉल, बैज, श्रीमद्भागवत गीता एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल एवं निरोगमय भविष्य की मंगल कामना की। इस दौरान रविन्द्र राठौर, अरविंद राठौर, डॉ. अतुल राठौर, शिव राठौर, ईश्वर राठौर, गंगा प्रसाद राठौर, सुरेंद्र राठौर, भीषम राठौर, गोपी राठौर, महेश राठौर, दिनेश राठौर, अमित राठौर, लक्ष्मी प्रसाद राठौर, दुर्गेश राठौर, प्रीतम सिंह राठौर, हेमलता राठौर, शशि प्रभा राठौर, माधुरी राठौर, निशा राठौर, अनीता राठौर, अंजनी राठौर, हेमलता राठौर।

## सभी वर्ग के हितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित

# चांपा में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com




छ.ग. शासन के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में सभी वर्ग के हितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके साथ ही साथ ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे जनता की परेशानियां दूर हो सके और इसी के तहत् मुख्यमंत्री जी पूरे प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर भेंट मुलाकात के दौरान शासन की योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को किस तरह से मिल रहा है, इसमें क्या-क्या कठिनाईयां हो रही है, ये सभी इस भेंट मुलाकात के दौरान चर्चाएं होती हैं और समस्याओं का निराकरण भी होता है। साथ ही करोड़ों की विकास सौगात मुख्यमंत्री जी क्षेत्र में देते हैं। पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं और इसी के तहत् चाम्पा नगर के वार्ड नंबर 12 व 13 में नाली निर्माण, सी.सी. रोड निर्माण और चबूतरा निर्माण लागत लगभग 18 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन सम्पन्न हो रहा है। वार्ड नंबर 12 में अनिल प्रधान के घर के पास आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जय थवाईत ने अध्यक्षता करते हुए अपनी आसंदी उन्होंने कहा कि प्रदेश में और चाम्पा नगर में कांग्रेस की सत्ता स्थापित करने में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश सरकार और नगर सरकार नगर के विकास के लिए सैदव तत्पर रहेगी और शासन की योजनाओं का लाभ गरीब जनता तक पहुंचे, इसके लिए हम सब जन प्रतिनिधि सदैव आपकी सहायता करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जय थवाईत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चाम्पा उक्त उदगार संबोधित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चाम्पा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, नवागढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी, पार्षद पुसाऊ सिंह सिदार, पार्षद तमीन्द्र देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि दिलेश्वर देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष विपीन देवांगन एवं भारी संख्या में वार्ड के माता बहनें एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अवधेश यादव ने किया और आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पाण्डेय ने किया।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा डिंडौरी का शुभारंभ

मुंगेली। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर कल 23 नवंबर को दोपहर 01 बजे विकासखण्ड लोरमी के ग्राम डिंडौरी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक करेंगे। शुभारंभ के अवसर पर लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, जिला पंचायत सदस्य रानू संजय केशरवानी, जनपद पंचायत लोरमी के अध्यक्ष मीना नरेश पाटले, जनपद पंचायत लोरमी के उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव, कृषि उपज मंडी लोरमी के अध्यक्ष घनश्याम जोशी, गणमान्य नागरिक सागर सिंह बैस।

# 5 साल से कम उम्र के बच्चों में फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती होने का खतरा 7 गुना ज्यादा रहता है: डॉ. अनीस मेमनने

- बच्चों को स्वाइन फ्लू (एच1एन1) और तीन अन्य मौजूदा फ्लू वायरस से बचाने के लिए 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण सर्वाधिक प्रभावी कदमों में से एक है

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 6 महीने से 5 साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता है, विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब 2 हफ्ते का समय लग जाता है , इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के 2 से 4 हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता है, बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं। सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर एकता अस्पतालके कंसल्टिंग पीडियाट्रिशियन डॉ. एम अनीस मेमनने कहा, 'फ्लू पांच साल से कम उम्र के बच्चों में गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। फ्लू टीकाकरण फ्लू के खिलाफबचाव के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। छह महीने से पांच साल की उम्र के बच्चों को सर्दी के मौसम की शुरुआत से ठीक पहले सालाना 4-इन-1 फ्लू टीका लगवाना चाहिए। इस मौसम में अक्सर फ्लू के मामलों में वृद्धि देखी जाती है।' फ्लू इन्फ्लुएंजा वायरस के कारण होता है और यह नाक, गले व फेफड़े पर असर डालता है। इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं खांसी, बुखारी, गले में खराश, थकान, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द। संक्रमित लोगों के बोलने, छींकने या खांसने से वायरस आसानी से दूसरों में पहुंच सकता है। सांसों के साथ बाहर आने वाले ड्रॉपलेट प्रत्यक्ष तौर पर स्वस्थ लोगों तक पहुंच सकते हैं या किसी सतह पर गिरकर वहां से किसी अन्य को संक्रमित कर सकते हैं, जैसे किसी दरवाजे पर वायरस हो सकते हैं, जिसे कोई स्वस्थ व्यक्ति छूकर वायरस के संपर्क में आ सकता है। ज्यादातर लोग कुछ दिन या हफ्ते में ठीक हो जाते हैं, लेकिन 5 साल से कम उम्र के बच्चे, खासकर 2 साल से कम उम्र के बच्चे और जिन बच्चों को पहले से कोई गंभीर बीमारी हो, उनमें फ्लू के कारण बहुत ज्यादा बीमार पड़ने का खतरा रहता है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ सकता है। बच्चों में न्यूमोनिया और ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर परेशानियां का भी खतरा रहता है, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में सांस संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे 5 साल से कम उम्र के 11 प्रतिशत बच्चे फ्लू से संक्रमित होते हैं। भारत में 5 साल से कम उम्र के बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण जान गंवाने की दर भी ज्यादा है। भारत में 1,00,000 में से करीब 10 बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण मौत का खतरा रहता है।

## पखांजूर के विभिन्न दुकानों पर खाद्य सुरक्षा टीम को शिकायत मिलने पर की छापेमारी

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर



पखांजूर में सरसों तेल में मिलावट की शिकायत के आधार पर विमल सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी कांकेर, शैलेन्द्र ध्रुव खाद्य निरीक्षक पखांजूर की संयुक्त टीम द्वारा पखांजूर के किराना दुकानों का निरीक्षण कर राधा गोपीनाथ किराना स्टोर प्रोपराइटर अर्जुन दर्जी पुराना बाजार पखांजूर से नन्हे मुन्ने सरसों तेल का नमूना जांच हेतु लिया गया एवम गुरुदास किराना स्टोर प्रोपराइटर आलोक कुंडू पखांजूर के किराना दुकान का निरीक्षण करने पर मैरी बिस्किट 144 पैकेट, हमतुम बिस्किट 36 पैकेट, जी बाई एम दलिया 14 पैकेट, कसूरी मेथी 16 पैकेट, मिली चाय 12 पैकेट, डबल डायमंड चाय 30 पैकेट, रेड लेबल चाय 5 पैकेट, जैन आचार मसाला 24 पैकेट, गरम मसाला 40 पैकेट एक्सपायरी पाई गई जिसकी कीमत 8364 रुपए थी सभी एक्सपायरी खाद्य सामग्री को मौके पर दुकान संचालक के सामने नष्ट किया गया।

## आईसीआईसीआई डेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया दीर्घकालिक सेविंग प्रोडक्ट : 'आईसीआईसीआई सुख समृद्धि'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर

आईसीआईसीआई डेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने एक नया पार्टिसिपेटिंग सेविंग प्रोडक्ट 'आईसीआईसीआई सुख समृद्धि' लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को बोनस के रूप में गारंटीकृत फायदे और विकास क्षमता के दोहरे लाभ प्रदान करता है। इसके अलावा, परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने वाली आमदनी की अवधि सहित, पॉलिसी की पूरी अवधि के लिए जीवन कवर जारी रहता है। यह प्रोडक्ट महिला ग्राहकों को उनकी बचत संबंधी यात्रा शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिहाज से एक उच्च परिपक्वता लाभ भी प्रदान करता है। ग्राहकों की विभिन्न वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, यह दीर्घकालिक बचत उत्पाद दो प्रकारों में उपलब्ध कराया गया है - ामदनी और एकमुश्त। आईसीआईसीआई सुख समृद्धि - आय-वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कर-मुक्त गारंटीकृत आय के पूरक स्रोत के रूप में बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मार्ग प्रदान करता है, जैसे कि बच्चों की शिक्षा, वार्षिक छुट्टियां, या कोई अन्य अंतरिम आय संबंधी आवश्यकता। यह विकल्प ग्राहकों को खरीद के समय चयनित निर्दिष्ट समय-अवधि के लिए गारंटीकृत नियमित आय प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को एकमुश्त परिपक्वता लाभ भी प्राप्त होता है। 'सेविंग वॉलेट' जैसी अनूठी विशेषता ग्राहकों को भुगतान के रूप में लेने के बजाय आय को जमा करने और बढ़ाने की अनुमति देती है। इस संचित राशि को पॉलिसी अवधि के दौरान किसी भी समय 'सेविंग वॉलेट' से आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से निकाला जा सकता है। इस तरह यह सुविधा ग्राहकों को उनके जीवन स्तर के अनुसार उनकी बदलती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाती है। इसके अलावा, 'सेव द डेट' जैसे अनूठे फीचर के कारण ग्राहक अपनी पसंद की तारीख पर आय प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक विशेष तिथियों जैसे शादी की सालगिरह, पति या पत्नी के जन्मदिन आदि पर आय प्राप्त करना चुन सकते हैं, जिससे ऐसे लम्हे उनकी जिंदगी में यादगार बन जाते हैं। आईसीआईसीआई प्रू सुख समृद्धि - एकमुश्त - यह वेरिएंट उन ग्राहकों के लिए आदर्श है जो लंबी अवधि में एक कोष बनाना चाहते हैं और एकमुश्त परिपक्वता राशि का उपयोग बड़े वित्तीय लक्ष्यों जैसे कि घर खरीदना, बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए धन जुटाना या विरासत योजना को प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।

# गोदावरी ईमोबिलिटी भारत का पहला इलेक्ट्रिक ऑटो एल 5 एम थ्री-व्हीलर लॉन्च करेगी

- दिसंबर के पहले हफ्ते में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर को लॉन्च करने की योजना बनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर




गोदावरी ईमोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड जल्द ही इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के क्षेत्र में कदम रखने की योजना बना रही है। इस वाहन की बॉडी के पूरे पैनल डीसीपीडी मटीरियल से बनाए जाएंगे।

हाल ही में इस कंपनी ने डीसीपीडी मटीरियल के लिए पेटेंट भी हासिल कर लिया है। यह मटीरियल प्रभाव प्रतिरोधक है। इसे वर्चुअली अनब्रेकेबल माना जाता है। यह मटीरियल वाहन को इतना मजबूत बना देता है, जिससे यह प्रतिकूल स्थिति में भी काम करता है। विभिन्न परीक्षण से यह साबित हो चुका है कि भारी या बार-बार पड़ने वाले प्रभाव के बाद अत्यधिक गर्म तापमान या तरह-तरह के केमिकल के संपर्क में आने के बाद यह मटीरियल असाधारण रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करता है। डीसीपीडी एक जंग प्रतिरोधी मटीरियल है, जिससे यह वाहन को कार जैसी पेंट फिनिश देता है। डीसीपीडी का मुख्य लाभ वाहनों की जिंदगी को बढ़ाना है और इसकी बेहतर ढंग से फिनिशिंग कर वाहन को दुरुस्त रखना है। गोदावरी ईमोबिलिटी रायपुर में अपनी आगामी फैक्ट्री। से दिसंबर में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी अपने लाइनअप का भी विस्तादर करने के लिए तत्पथर है और इस वित्त वर्ष के अंत तक ई-साइकिल, ई-स्कूटर और ई-लोडर लॉन्च करेगी।

पिछले साल कंपनी ने घोषणा की थी कि वह रायपुर में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की फैक्ट्रीॉ लगाने के लिए 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन अगली तिमाही में किया जाएगा।

कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन की रिटेल बिक्री के क्षेत्र में भी प्रवेशकरने की योजना बना रही है।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित श्री रावतपुरा सरकार के छात्र करेंगे पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालीन तीरंदाजी प्रतियोगिता का अयोजन श्री रावतपुरा सरकार शारीरिक शिक्षा संस्थान नया रायपुर में 21 नवंबर को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ए.के.श्रीवास्तव निदेशक नया रायपुर, नर्सिंग महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रवि शर्मा, बीपीएड महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ख्याति शर्मा,संयोजक सचिव सुशील कुमार राय,सहायक प्राध्यापक प्रमेश कुमार खरे ,विभिन्न महाविद्यालय से आए स्पोर्ट्स कोच,समस्त प्राध्यापकगण एवं नया रायपुर संस्था के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 23 नवंबर से 28 नवंबर तक भटिंडा (पंजाब) में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया विश्वविद्यालीन तीरंदाजी प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के अंत में संस्था के निदेशक द्वारा खिलाडियों को आशीष वचन देकर आगामी प्रतियोगिता के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। श्रीरावतपुरा लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ जे. के. उपाध्याय ने सभी प्रतिभागिओं के साथ सभी शिक्षकों और आये हुए स्पोर्ट्स कोच को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

# भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री बघेल का पुतला



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर

विधानसभा उपचुनाव के बीजेपी प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर झूठा बेबुनियाद चारित्रिक आरोप लगाकर, प्रदेश में आदिवासी अस्मिता को मजाक बनाकर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया है भारतीय जनता युवा मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करते हुए बुदेश्वर चौक धरना स्थल पर भूपेश बघेल का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ज़िला अध्यक्ष जयंती पटेल, ज़िला प्रभारी राजेश पाण्डे, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता प्रदेश मंत्री अमित मैशरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी उमेश गॉरमोडे , प्रदेश प्रचार प्रसार वैभव सिंह ठाकुर, अजय सोनी, ज़िला अध्यक्ष गिविंदा गुप्ता, ज़िला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, राहुल राव, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू , भरत कुंडे, आकाश शर्मा, नरेश पिल्ले सहित ज़िला के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## सर्व पनिका समाज छत्तीसगढ़ का प्रान्त स्तरीय बैठक जिला गौरैला पेंड्रा मरवाही में सम्पन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ➤ गौरैला पेंड्रा

साकत पनिका समाज छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष बंशधारी सांवरा के आव्हान पर 18 नवंबर 2022 को साकत एवं भगत पनिका समाज के प्रमुख पदाधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित हुआ, बैठक में प्रमुख रूप से मानिकपुरी पनिका समाज प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश मानिकपुरी, प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज प्रदेशाध्यक्ष ललित मानिकपुरी, महासमिति पनिका समाज प्रदेशाध्यक्ष सुमित दास एवं सूरजपुर से रामजीत राम पनिका रायपुर जिला के अध्यक्ष प्रकाश सकत प्रांत उपाध्यक्ष रायपुर-दुर्ग संभाग के घनश्याम दास सोनवानी एवं समस्त पदाधिकारि गान उपस्थित रहे, संगठन में ही शक्ति है की सदभावना से प्रेरित होकर सामाजिक उत्थान और विकास तथा अनुसूचित जनजाति के अधिकार को प्राप्त करने सभी ने संकल्पित व संगठित हो कर एक राह में चलने पर जोर दिया, 8 दिसंबर 1971 को अविभाजित मध्यप्रदेश में पनिका जाति को छल पूर्वक आदिवासी के अधिकार से पृथक किया गया, जिसे पुनः प्राप्त करने के लिए यह अभियान की शुरूवात इस मंच पर सभी पनिका एक जुट होकर किए, इस अधिकार को प्राप्त करने के लिए जैसी जैसी आवश्यकता पड़ेगी पनिका समाज वह सब करने के लिए संकल्पित है, इस बात पर सभी भाई बहनों ने हाथ उठा कर समर्थन किया है हम अपने अधिकार की लड़ाई लडने के लिए तैयार हैं।

# इंडोनेशिया में आयोजित विश्व क्वालिटी कंट्रोल सम्मेलन में जेएसपी ने जीते 5 गोल्ड

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर



जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर ने इंडोनेशिया में आयोजित क्वालिटी कंट्रोल सर्किल 22 में 5 गोल्ड मेडल जीते। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 15 से 18 नवंबर तक जकार्ता में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 14 देशों की 757 संस्थाओं ने भाग लिया और अपने सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कौशल का प्रदर्शन किया। क्वालिटी कंट्रोल सर्किल का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गुणवत्ता अवधारणा और संबंधित विषयों पर मान्यता प्रदान करने वाला विश्व का सर्वोच्च मंच है, जिसमें जेएसपी की टीमों ने 5 गोल्ड मेडल जीतकर मील का पत्थर स्थापित किया है। इनमें से चार टीमें अंगुल स्टील प्लांट और एक टीम टेंसा आयरन ओर माइंस की है। इनके नाम हैं पैंथर, शक्ति, कौशल, डायनामिक और स्पार्टा। इन टीमों से जुड़े 14 इंजीनियरों ने जकार्ता में अपने-अपने क्षेत्र में शानदार कौशल का प्रदर्शन का इस सम्मेलन के सर्वश्रेष्ठ पांच पुरस्कार जीते। जेएसपी के सभी प्लांटों में जापान की जानी-मानी विधि टोटल प्रोडक्टिव मेंटिनेंस कार्य व्यवहार का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसका अनुपालन सभी कर्मचारी निरंतर कर रहे हैं ताकि गुणवत्ता में निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी रहे। यह सम्मेलन इसी विधि के श्रेष्ठ अनुपालन पर अपनी मुहर लगाता है। जेएसपी के भुवन प्रताप बने निर्णायक मंडल के सदस्य- जेएसपी को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। कंपनी में टीपीएम-टीक्यूएम-ऊर्जा प्रबंधन के प्रमुख और एवीपी भुवन प्रताप ने क्वालिटी कंट्रोल सर्किल के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के निर्णायक मंडल में शामिल होने की मान्यता प्राप्त कर ली है और इस सम्मेलन में उन्होंने जेएसपी समूह की कंपनियों को छोड़कर दुनिया भर के उद्योगों द्वारा प्रस्तुत केस स्टडी के मूल्यांकन में बतौर निर्णायक मंडल सदस्य हिस्सा लिया। गौरतलब है कि जेएसपी दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाली इस्पात, खनन और मूलभूत ढांचागत क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है। जेएसपी आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए सदैव तत्पर है, जो निरंतर अपनी क्षमता का विस्तार कर रही है।

## मारुति सुजुकी की नई ईको. ज्यादा ताकत ज्यादा किफायती और ज्यादा स्टाइल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने नई ईको को एक नए और अधिक शक्तिशाली इंजन और बेहतर ईंधन-दक्षता के साथ पेश किया है। देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली वैन, मारुति सुजुकी ईको लगातार अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। अपनी सफलता के आधार पर, न्यू ईको को ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए दोहरे उद्देश्य वाले वाहन के रूप में इनोवेटिव रूप से विकसित किया गया है। आम ग्राहक एक आरामदायक और विशाल फैमिली कार चाहते हैं, वहीं कारोबारी एक फ्लेक्सिबल इंटीरियर स्पेस के साथ एक प्रैक्टिकल वाहन चाहते हैं, नई ईको दोनों तरह के ग्राहकों की जरूरतों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करता है। नए फ्रेश इंटीरियर और नवीनतम तकनीक और फीचर्स के साथ, नई ईको को मालिकों को गर्व करने और उनके परिवारों को भी आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई ईको को #HarSafarBaneKhaas टैगलाइन के साथ लॉन्च किया गया है। आप चाहे परिवार के साथ हो या व्यवसाय के लिए बाहर निकले हों, नई ईको की कोशिश है कि इसके साथ आपका हर सफर बेहद खास बने। गर्व और प्रगति की सोच को ध्यान में रखकर विकसित किया गया, यह एक ऐसा वाहन है जो सफलता पाने में मदद करता है और परिवार एवं व्यवसायों को सफलता के साथ गर्व का अहसास कराता है। अपने 1.2 लीटर एडवांस्ड के-सीरीज़ ड्युअल जेट, ड्युअल वीवीटी इंजन, बेहतर इंटीरियर्स और बेहतर सेफ्टी फीचर्स के साथ, नई ईको लगातार ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों के अनुरूप खुद को ढाल रही है। बेहद सक्षम मारुति सुजुकी न्यू ईको मालिकों को इस बात का गौरव प्रदान करती है कि उन्होंने अविश्वसनीय रूप से एक ऐसे बहुमुखी वाहन में स्मार्ट तरीके निवेश किया है जो आसानी से उनकी सभी जरूरतों को पूरा कर सकता है। नई ईको के लॉन्च पर बात करते हुए शशांक श्रीवास्तव, सीनियर एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, लॉन्च के बाद से, ईको अबतक 9.75 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए एक गौरवशाली और पसंदीदा वाहन रहा है। बीते एक दशक में ईको अपने सेगमेंट में 93त्न बाजार हिस्सेदारी के साथ एक निर्विवाद लीडर बना हुआ है। परिवारों का हिस्सा होने और लाखों उद्यमियों और व्यवसायियों को आजीविका प्रदान करने के कारण, न्यू ईको एक बहुत ही विश्वसनीय और कुशल वाहन बन चुका है।

## जीके जेसीबी ने रायपुर में आयोजित किया ग्राहक दिवस


रायपुर। रायपुर में देश का नंबर वन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माता कंपनी जेसीबी के सानिध्य में साउथ छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ के अधिकृत डीलर जीके जेसीबी में ग्राहक दिवस jcb 225 lcm के लिए




आयोजित किया गया। इसे ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिला और ग्राहकों द्वारा मशीन को काफी सराहा जा रहा है, इस खास मौके पर 8 ग्राहकों ने अग्रिम स्पॉट बुकिंग कराया, इस दौरान जीके जेसीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर पुनीत पारवानी व जेसीबी इंडिया के रीजनल प्रोडक्ट मैनेजर महेद्र भालेराव मौजूद थे और उन्होंने मशीन के बारे में जानकारी दी। यह मशीन आधुनिक तकनीक से निर्मित किया गया है जो IntelliControl द्वारा संचात्रित है और उत्कृष्ट ईंधन क्षमता प्रदान करता है।

## बेलपहाड़ की टीम ने पेनाल्टी शूट कर शानदार जीत दर्ज की

जशपुरनगर। कुनकुरी नॉक आउट फुटबाल टूर्नामेंट में मैच यूनाइटेड स्पॉटिंग क्लब राउरकेला vs टी.आर.एल. फुटबॉल क्लब बेलपहाड़ (ओडिसा) के बीच खेला गया जिसमें बेलपहाड़ की टीम को फाउल के रूप में



पेनाल्टी शूट आउट मिला जिसमे जर्सी नंबर 6 अजय बरला ने गोल किया और सेकेंड हाफमें जर्सी नंबर 9 दिलीप ने शानदार गोल कर अपने टीम को जीत दिलाया इस मैच के मेन रेफ्री स्याम पैकरा एवं असिस्टेंट मुकेश भगत एवं सेकेंड असिस्टेंट रेफरी रविन्द्र राजवाड़े एवं फोर्थ ऑफिसियल रेफरी मुजेश भगत एवं रिज़र्व रेफरी बी.साई ने कराया होने वाला मैच ए. सी.बी.कोरबा टी.आर.एल. फुट बॉल क्लब बेलपहाड़ ओडिसा के बीच खेला जाएगा।

## पोकरबाज़ी ने अपनी टीम प्रो की घोषणा की

# मुस्कान और अभिषेक को गेम एम्बेसडर्स बनाकर पोकर को नए मुकाम पर पहुंचाया

भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ी ने भारत में पोकर के एक मजबूत और विकसित इकोसिस्टम के लिये अपने प्रयास में, भारत की पहली महिला पोकर खिलाड़ी और राष्ट्रपति के फर्स्ट लेडीज' अवार्ड की विजेता मुस्कान सेठी और पोकर के जाने-माने कोच तथा खिलाड़ी अभिषेक गोइंदी को अपना गेम एम्बेसेडर्स बनाया है। यह घोषणा पोकरबाज़ी के लिये गर्व का क्षण है, क्योंकि प्लेटफॉर्म अपनी आठवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस पहल के साथ, पोकरबाज़ी ने ऐसे चेहरों को शामिल कर पोकर की लोकप्रियता बढ़ाई है, जो उस दुनिया के महारथी हैं। पोकरबाज़ी टीम प्रो की भूमिका में मुस्कान और अभिषेक एकदम अलग, नवीन और इंटरैक्टिव कंटेन्ट फॉर्मेट्स में पोकर को बढ़ावा देंगे। वे उभरते पोकर खिलाड़ियों को इसकी शुरूआत और इसमें महारथ हासिल कराने वाली जीवनशैली के बारे में जरूरी मार्गदर्शन भी देंगे। इस गठबंधन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुस्कान सेठी ने कहा, पोकरबाज़ी के गेम एम्बेसड के तौर पर आधिकारिक रूप से शामिल होकर




उत्साहित हूँ। जब मैंने पेशेवर तौर पर पोकर खेलना शुरू किया था, तब वह महिलाओं के बीच लोकप्रिय नहीं था। मेरी अच्छी किस्मत है कि मैंने पोकर पर धीरे-धीरे, लेकिन आखिरकार धारणा को बदलते देखा है। पोकरबाज़ी जैसे बड़े प्लेटफॉर्म का फायदा उठाना और उसके जरिये अपने अनुभव तथा कौशल को जोड़ना रोमांचक होगा, ताकि पोकर के इकोसिस्टम में बदलाव हो और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इससे जुड़ने के लिये प्रोत्साहित हों और यह बदलाव लाने वाली सबसे मजबूत ताकतों में से एक होने के लिये पोकरबाज़ी की तारीफहै। इस साझेदारी के बारे में अभिषेक ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त करते हुए कहा, पोकर विशुद्ध रणनीति और कौशल का खेल है। एक कोच के तौर पर मैंने धीरे-धीरे लोगों को इसमें रूचि लेते और इसकी बारीकियाँ समझते देखा है। किसी भी दूसरे स्किल स्पोर्ट की तुलना में पोकर को सीखना थोड़ा मुश्किल होता है। मैं पोकर खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के साथ अपने ज्ञान को साझा करने के लिये पोकरबाज़ी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूँ। इस खेल के ज्यादा से ज्यादा टूर्नामेंट और कंटेन्ट आने से, मुझे यकीन है कि पोकर के इकोसिस्टम को काफी बढ़ावा मिलेगा। इस गठजोड़ के बारे में बाज़ी गेम्स के सह-संस्थापक एवं चीफ मार्केटिंग ऑफिसर वरूण गंजू ने कहा, मुस्कान सेठी और अभिषेक गोइंदी को लेकर मुझे काफी गर्व और खुशी है, जोकि पोकरबाज़ी परिवार के अभिन्न हिस्से के तौर पर हमारे साथ जुड़े हैं। हर खेल के अपने चैम्पियन होते हैं, जिनकी ओर लोग देखते हैं और खेल तथा ब्राण्ड का चेहरा बनने के लिये यह दोनों ही बढ़िया व्यक्तित्व हैं। पोकर में हमने 8 साल पहले कदम रखा था और तब से ही हम पोकर पर स्वस्थ चर्चाओं को बढ़ावा देने के लिये स्थायी रूप से कोशिशें कर रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2022-23

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सियाराम पिता फागूराम जाति गोंड निवासी सरगीपाल ग्राम पंचायत गढ़धनोरा तहसील केशकाल के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता **फागूराम पिता छत्तरसिंह** का मृत्यु दिनांक 20/10/2009 को अपने निवास स्थान सरगीपाल में हुआ है का मृत्यु संबंधित सूचना ग्राम पंचायत गढ़धनोरा में नहीं दिये जाने से आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 01/12/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

दिनांक 17/11/2022

मुहर

तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............../अ-20(2)/2021-22

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम जुरगुम, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है आवेदकगण इरफान आलम, अमरान आलम, गुफरान आलम, इम्तियाज आलम पिता हाजी उस्मान, निवासी बस स्टैण्ड जशपुरनगर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अंतर्गत मोहल्ला जुरगुम स्थित भू-खण्ड/भूमि प्लॉट नं. 363/2 एवं 363/3 रकबा कमशः 872 एवं 1308 वर्गफुट में से रकबा 2180 वर्गफुट भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के समक्ष आवेदन पत्र दिये जाने पर प्रकरण जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2022 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर काई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2021-22
ग्राम मुंगेली प.ह.न. 29

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामगुलाल पाल पिता/पति यशवंत जाति ...निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 29 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 152/3 रकबा 0.0200 हे. को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25/11/2022 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

# कांग्रेसी विधायकों की चिंता बढ़ी : सीएम ने कहा परफार्मेंस रिपोर्ट गोपनीय, टीम में बने रहेंगे या नहीं.. तो सवाल टाल गए

## अविभाजित राजनांदगांव जिले में कांग्रेस के पास 5 विधायक, नांदगांव पर भी सवाल कायम

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भेंट मुलाकात के तहत जिले आखिरी पड़ाव राजनांदगांव विधानसभा के साथ ही सीएम का दौरा कार्यक्रम समाप्त हो गया। यहां से जाते-जाते सीएम ने मौजूदा विधायकों की चिंता बढ़ा दी। अपने दौरे के बीच अविभाजित राजनांदगांव जिले के पांच कांग्रेसी विधायकों की आगामी चुनाव में भूमिका को लेकर उनकी ओर से आए जवाब के बाद तो यही समझा जा रहा है।

उन्होंने विधायकों के रिपोर्ट कार्ड और परफार्मेंस के साथ ही टीम में चेहरों के रिपिट होने के सवाल पर गोपनीयता का हवाला देते हुए जवाब टाल दिया। जब सीएम ने यह बात कही तब मंच पर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू,डोंगरगढ़ विधायक भुवनेश्वर बघेल,खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा मौजूद थीं।

इससे पहले मंगलवार की रात विश्राम गृह में ठहरने के दौरान सीएम ने संगठन के लोगों से मुलाकात की और बैठकों का दौर भी चला। खबर है कि कुछ पदाधिकारियों से सीएम बेहद खफा रहे। वहीं कुछ नेता जिन्हें बड़ीजिम्मेदारियां मिली हैं उन्हें प्रवेश ही नहीं मिला। इसका कारण भी उनके खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतें और सीएम की नाराजगी ही बताई जा रही है।

**71 सीटों से ज्यादा का लक्ष्य :** यहां सीएम ने अगले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लक्ष्य पर कहा कि, आम चुनावों में हमने 68 सीटें जीतीं... फिर उपचुनाव में तीन.. हमारे पास 71 विधायकों का आंकड़ा है जो कि अब तक किसी राजनीतिक दल को नहीं मिला। हम 2023 के विधानसभा चुनाव में 71 सीटों से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि, हम भाजपा की तरह दूसरे एजेंडों पर नहीं बल्कि हमार कार्यकाल में हुए विकास और योजनाओं से लोगों को मिले लाभ के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस सरार में किसान-मजदूर समेत अन्य वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकार के प्रति निष्ठा का माहौल है।



**नांदगांव पर भी कुछ नहीं कहा :** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस की चुनौती हर दफा कमजोर साबित होती रही है। 3 विधानसभा चुनावों से कांग्रेस यह सीट हार रही है। 2023 के चुनावों में यहां के लिए कांग्रेस ने क्या कुछ तय किया है और क्या स्थानीय चेहरा ही यहां कांग्रेस की चुनौती सामने रखेगा इस सवाल को भी सीएम टाल गए। भले ही सीएम ने कोई इशारा न दिया हो लेकिन उनके राजनांदगांव विस दौरे के बीच महापौर हेमा देशमुख, युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और पर्यटन मंडल सदस्य निखिल द्विवेदी की ओर आंखे जमी रही। इन चारों को ही यहां से विधायक की रेस में देखा जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के पास चेहरे और भी हैं।

### बिजली के बढ़े बिल पर क्या कहा

इन दिनों प्रदेश में बिजली के बढ़े हुए बिलों को लेकर हंगामा बरपा हुआ है। विपक्ष इस मामले में प्रदर्शन कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, उपभोक्ताओं को सुरक्षानिधि के साथ काफी ज्यादा राशि का बिल थमाया गया है। इस पर सीएम ने कहा कि, कोयला मामले में भी केंद्र सरकार की नियत खराब है। देशी कोयला के बजाय विदेशी कोयले की खरीदी पर केंद्र जोर दे रही है। देशी कोयले का भाव 4 हजार टन है। वहीं विदेशी कोयले की कीमत 16 से 18 हजार रुपए है।

# राजगामी के लिए माकूल चेहरे की तलाश, वासनिक से नहीं मिले सीएम

- खुलकर जाहिर हुई नाराजगी, कार्यक्रम से भी नदारद रहे वासनिक

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष विवेक वासनिक से सीएम की नाराजगी खुलकर जाहिर हो गई है। मुख्यमंत्री के राजनांदगांव विधानसभा दौरे के बीच सभी कार्यक्रमों से वासनिक को अलग रखा गया। खबर है कि अब राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद के लिए माकूल चेहरे की तलाश की जा रही है।

दो दिनों के बीच वासनिक को सीएम से मुलाकात के लिए भी समय नहीं दिया गया। उनका नाम सूची में भी बाहर रखा गया। बुधवार को राजगामी संपदा न्यास द्वारा सामग्री वितरण के कार्यक्रम में भी सीएम ने हिस्सा लिया। यहां न्यास के रमेश खंडेलवाल ही मौजूद रहे। इस कार्यक्रम से भी अध्यक्ष वासनिक नदारद रहे।

लगातार विवादों में बने राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष वासनिक के खिलाफ नई-नई शिकायतों ने नाराजगी पैदा कर दी है। राजनांदगांव जिले के विधानसभा क्षेत्रों के दौरे के बीच कांग्रेसियों के



साथ ही कई समाज और अन्य संगठनों ने सीएम से वासनिक की शिकायतें की है। बार-बार सामने आ रहे इस विषय के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अब सख्त तेवर दिखाएं हैं।

**लगातार शिकायत, बढ़ रही नाराजगी :** संगठन के भीतर और बाहर भी वासनिक का भारी विरोध है। उनकी कार्यशैली और संगठन-सत्ता के खिलाफ बयानबाजी जारी रही है। इस बीच हिंदू देवी-देवताओं के अपमान और तिरस्कार के मामले में वे घिरे हुए हैं। सर्व समाज में इसे लेकर आक्रोश है। यह भी कि, राजपरिवार से जुड़े वैष्णव समाज ने उन्हें न्यास के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग कई बार सीएम के सामने रखी है। जानकारी सामने आई है कि मंगलवार को भी एक समुदाय ने वासनिक पर कार्रवाई की मांग की है। वैष्णव समाज ने भी सीएम को एक बार फिर कार्रवाई के लिए पत्र सौंपा है।

**ईओडब्लू से शिकायत, अनियमितता पर भी घिरे :** संगठन के भीतर विवादित वासनिक राजगामी संपदा न्यास में अध्यक्ष बतौर अपने कार्यकाल में भी अनियमितता के आरोपों से घिरे हुए हैं। ऑक्सीजन कांस्ट्रेटर खरीदी, अपनी ही पत्नी की संस्था को अनुदान, निजी सहायक के नियुक्ति सहित अधिकारियों पर दबाव बनाने के कई मामलों में उनके खिलाफ शिकायतें हो चुकी है। खरीदी और अनुदान के मामले में शिकायत तो ईओडब्लू तक पहुंच चुकी है। कई चेतावनियों के बावजूद वासनिक का तौर-तरीका न बदलने से उनके खिलाफ नाराजगी और बढ़ी है।

# तहसील की घोषणा के बाद पहुंची विधायक, स्वागत के बीच जमकर लगे नारे

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा को तहसील बनाए जाने की घोषणा से स्थानीय नागरिकों और आसपास के ग्रामीण उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई इस घोषणा के बाद नागरिकों ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक छन्नी चंदू साहू का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची विधायक का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। पुष्पगुच्छ भेंटकर आतिशबाजी के साथ मुख्यमंत्री व विधायक के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिकों ने उनका मंच पर स्वागत किया। यहां उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ ने बहुप्रतिक्षित मांग के पूरा होने पर तालियों के साथ विधायक का अभिवादन किया।

विधायक ने कहा कि, हमने स्थानीय लोगों की मांग पर शासन के सामने यह विषय रखा था। मुख्यमंत्री जब भेंट मुलाकात कार्यक्रम के लिए खुज्जी विधानसभा पहुंचे तो हमने विशेष रुप से कुमर्दा को तहसील बनाए जाने की मांग रखी थी। उन्होंने विषय की गंभीरता से लिया और सालों पुरानी तहसील की मांग अब पूरी हो चुकी है। यहां तहसील कार्यालय की स्थापना से दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा। कुमर्दा को तहसील बनाने में यहां के संघर्ष समिति का बड़ा योगदान है जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कुमर्दा को आगे ले जाने का काम किया है।

**हमारे मुखिया छग की प्रगति के सूत्रधार :** विधायक ने कहा कि, अब वे जल्द से जल्द यहां तहसील कार्यालय की शुरुआत के प्रयासों में लगी है। साहू ने कहा कि, हमारे मुखिया छत्तीसगढ़ की प्रगति के सूत्रधार हैं।बिहान की महिलाएं की अच्छा काम कर रही है जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने सर्वसुविधायुक्त सेक्टर स्तरीय महिला भवन की स्वीकृति प्रदान की है।छत्तीसगढ़ी परंपरा व खेलो को बढ़ावा देने का काम छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से सरकार ने किया है। शिक्षा के लिए आत्मानंद स्कूल व युवाओं को सामाजिक कार्यो में सहभागी बनाने का काम सरकार राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से कर रही है।

# तकनीकी खामियों और गुणवत्ताहीन निर्माण के भेंट चढ़ रहा जल जीवन मिशन

पायनियर संवाददाता ✓ छुईखदान
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। आरोप लग रहे हैं कि क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है जिसे रोकने की जहमत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी नहीं उठा रहा है।

ग्राम पंचायत श्यामपुर व बुढ़ानभाट में गुणवत्ताहीन काम को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध दर्ज कराया है। अधिकारियों ने इस मामले में किसी तरह का संज्ञान नहीं लिया है। हाल ही में ग्राम बोरई में भी ग्रामीणों ने निर्माधीन पानी टंकी की दुर्दशा को देखते हुए शिकायत की है। आरोप हैं कि ठेकेदार मनमानी किए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीहै। जिस तरह मिशन के अंतर्गत घरों तक पानी पहुंचाने के लिए



दीर्घकालीन समुचित व्यवस्था की जानी है उस पर बट्टा लगने के आसार हैं। कई जगहों पर तकनीकी और गुणवत्ता में बड़ी खामियों के चलते जल्द ही बड़ी दिक्कतें आ सकती है। ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ताहीन प्लेटफार्म को तुड़वा कर नए सिरे से बनवाने की भी मांग उठ रही है। कलेक्टर से भी इस मामले में शिकायत की तैयारी की जा रही है। कहा जा रहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी काम की मॉनिटरिंग भी नहीं कर रहे हैं।

**ठेकेदार से विभागीय लोगों की मिलीभगत :** सहायक अभियंता से की गई एक शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि विभाग के लोग ही ठेका लेकर प्लेटफार्म तैयार कर हैं और इसमें गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। इस शिकायत से ठेकेदार और विभागीय लोगों की मिलीभगत भी साफ हो रही है। जल जीवन मिशन के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग दफ्तर में ही बैठकर की जा रही है। बिना निरीक्षण किए इनका मूल्यांकन हो रहा है और राशि का आहरण ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है।

खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है फिर भी कार्यवाही नहीं होना निंदनीय है। श्यामपुर में बने सभी प्लेटफार्म को तुरंत तोड़वा कर नए सिरे से बनवाना चाहिए।
**-कमलेश साहू,** ग्रामीण, श्यामपुर

गांव में बने पूरे प्लेटफार्म गुणवत्ताहीन है। जानबूझकर ठेकेदारों को मालामाल करने के लिए इस प्रकार से मटेरियल का उपयोग कर रहे हैं और ठेकेदारों को फायदा पहुंचा रहे हैं।
**-मानसिंह धुर्वे,** पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत श्यामपुर

विभाग को अवगत कराने के बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। साफ पता चलता है कि ठेकेदारों को विभाग द्वारा ही फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।
**-किशन सिलोटिया,** महामंत्री, भाजयुमो मंडल छुईखदान

गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर मेरे पास भी शिकायत पहुंची है। अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करना चाहिए नहीं तो पार्टी द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।
**-प्रेमनारायण चंद्राकर,** मंडल भाजपा - अध्यक्ष, छुईखदान

मेरे संज्ञान में अभी इस प्रकार का कोई मामला नहीं आया है। अगर शिकायत मिलती है तो कार्रवाईकी जाएगी।
**-राजेश मडावे,** सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

# मिड-डे मिल न परोसे जाने का ठीकरा शिक्षकों फूटा, विरोध में सामने आया संघ

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मिड डे मील बंद रहने की जानकारी आला अफसरों तक नहीं पहुंचाने के आरोप में खैरागढ़ विकासखंड के दो प्रधानपाठकों के निलंबन के बाद शिक्षकों के विभिन्न संगठनों के मुखर होकर विरोध में आ गए हैं। सहायक शिक्षक फे डरेशन के जिला और ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों के निलंबन आदेश शून्य करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन के निर्णय से अवगत करवाया है।

मिड डे मील की व्यवस्था बनाने ऑनलाइन मॉनिटरिंग और नियंत्रण की गरज से राज्य स्तर पर रोजाना जानकारी मंगाये जाने के बाद भी अफसरों को जमीनी हकीकत का पता



कार्रवाई से शिक्षकों में आक्रोश

नहीं चलने का खामियाजा अब शिक्षकऔर ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है। हर महीने मिड डे मील संचालन की जानकारी चावल के खपत और कुकिंग कास्ट समेत तमाम महत्वपूर्ण जानकारी निर्धारित फार्मेट में बीईओ कार्यालय भेजी जाती है। बावजूद इसके आखिर विकासखंड के जिम्मेदारों की ओर से मासिक जानकारी के साथ वस्तुस्थिति की जानकारी देने में गम्भीर लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। फार्मेट में जानकारी भेजने के बाद ही रसोईयों के मानदेय, चावल के अनुमानित आबंटन और कुकिंग कास्ट की राशि जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। ऐसे हालात में राजनांदगांव,खैरागढ़ छुईखदान गंडई और मोहला मानपुर चौकी जिले के सभी स्कूलों से भेजे मिड डे मील के निर्धारित फार्मेट में प्रेषित मासिक प्रतिवेदन की जांच में चावल आबंटन, कुकिंग कास्ट जैसे मामलों के खुलासे और जिम्मेदारों की भूमिका तय हो सकती है।

- दो महीने तक रसोइयों की हड़ताल के चलते बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं बनने की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने में हुई चूक के मामले में नवगठित खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला के शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है। एक तरफ तमाम स्कूलों और संकुलों से बीईओ कार्यालय तक नियत समय पर जानकारी भेजने की खबर है। वहीं विकासखंड शिक्षा कार्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी तक जानकारी भेजना बताया जा रहा है। जबकि पखवाड़े भर पहले दुर्ग सम्भाग के कमिश्नर और संयुक्त संभागीय शिक्षा संचालक के निरीक्षण में मध्यान्ह भोजन बंद मिलने पर नाराजगी जताते हुए उच्चाधिकारियों को जानकारी नहीं देने का आरोप लगाकर दो प्रधानपाठकों को निलंबित कर सम्बंधित संकुल समन्वयक समेत तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।
- मानदेय बढ़ाने सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के आव्हान पर पूरे प्रदेश में रसोइयों के हड़ताल के चलते मध्यान्ह भोजन संचालन ठप्प हो गया था।खेती किसानी के सीजन में मजदूरों की कमी और अल्प मानदेय पर अस्थायी रसोईयों के नहीं मिलने से परेशान शिक्षकों ने संकुलों के माध्यम से हालात की लिखित जानकारी बीईओ तक पहुंचा दिया। लेकिन कोई दिशा निर्देश तक नहीं मिला। इस बीच अधिकारियों के दौरे में मध्यान्ह भोजन बंद होने का ठीकरा प्रधानपाठकों पर फूटा। जबकि मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था पूरे अविभाजित राजनांदगांव जिला में लड़खड़ा चुकी थी।कार्रवाई से प्रभावित खैरागढ़ छुईखदान गंडई के 229 स्कूलों के अलावा राजनांदगांव के एक हजार से अधिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बंद रहने की खबर है।

# श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव 28 फरवरी से

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी नगरी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा 27 वर्षों से श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुमधुर भजन-सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल की बैठक समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी फागुन महोत्सव 3 मार्च के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों ने सर्वसम्मति से पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई । समिति के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर 21 फरवरी को 110 श्रद्धालु एवं बंधु निशान लेकर खाटु श्याम जी को समर्पित करने राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में खाटू के लिए रवाना होंगे। संस्कारधानी नगरी में 28वां फागुन महोत्सव 28 फरवरी से 4 मार्च 2023 तक पंच दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर निशान यात्रा, बाइक रैली, भव्य भजन संध्या, रानी सती दादीजी मंगल पाठ के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव कृष्णा लोहिया एवं प्रतीक अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिव्यांश अग्रवाल कोषाध्यक्ष हर्ष लोहिया के अनुसार खाटू धाम उदयाचल प्रांगण में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 28 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक,दोपहर 3 बजे बाइक रैली एवं शाम 6 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या होगी। दूसरे दिन 1 मार्च को दोपहर 2 बजे से प्रियंका गुप्ता श्री रानी सती दादी मंगल पाठ, 2 मार्च को प्रवेश शर्मा भजनों की प्रस्तुति, 3 मार्च को श्वेता कौशिक एवं अनिल जानी का भजन एवं पंचम दिवस सुबह 11 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन मेरठ के श्याम सेवक अनिल जानी के मुखारबिंद से होगा। बैठक में गोपाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक लोहिया, संतोष हुंका, राजकुमार अग्रवाल, राजेश शर्मा, बाबूलाल अग्रवाल, जयराज चौथवानी, लक्ष्मण लोहिया, अशोक अग्रवाल, शिवकुमार चौरसिया, महेश अग्रवाल, राजेंद्र महोबिया, श्रीकिशन अग्रवाल, अरुण खंडेलवाल, कृष्णा लोहिया, सूरज गर्ग, हर्ष लोहिया, आशीष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, संतोष महोबिया, राहुल लोहिया, दिव्यांश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित थे।

## गिरफ्तार कर दोपहर तक डोंगरगांव थाने में रखा, मुख्यमंत्री के जाने के बाद हुई रिहाई

# मांग ना सुनने पर मुख्यमंत्री का भाजपा व भाजयुमो ने किया विरोध, पदाधिकारियों सहित तमाम कार्यकर्ताओं को खींचकर ले गई पुलिस

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा के उग्र प्रदर्शन ने पुलिस बल के लिए चुनौती खड़ी कर दी। मंगलवार-बुधवार को मुख्यमंत्री के राजनांदगांव विधानसभा के दौरे के बीच विरोध दर्ज कराने विधायक कार्यालय से निकले भाजपाईयों को रोकने पुलिस बल ने पूरा जोर लगा दिया।

कई युवा नेताओं को 3-4 पुलिसकर्मियों ने उठाकर बस में धकेला और प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव , जिला प्रवक्ता रविंद्र ठाकुर , उत्तर व् दक्षिण मंडल अध्यक्ष अतुल रायज़ादा , तरुण लहरवानी , नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु , भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं को गिरफ्तार कर डोंगरगाँव ले जाया गया । बुधवार की सुबह तक भाजपा का कार्यक्रम कुछ और ही तय था। दरअसल, भाजपा ने मुख्यमंत्री के दौरे के बीच पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात के लिए समय मांगा था। पहले उन्हें 10 बजे का समय दिया भी गया था लेकिन अचानक इसे निरस्त कर दिया गया जिसके वजह से मामला कुछ और ही हो गया और भाजपाई विरोध में उतर गए।

बुधवार की सुबह तकरीबन 10 बजे वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में भाजयुमो ने मार्च शुरु किया। वीआईपी रोड स्थित विधायक डॉ. रमन सिंह के कार्यालय से निकलकर भाजपा नेताओं का



समूह सर्किट हाऊस की तरफ बढ़ रहा था जहां मुख्यमंत्री मौजूद थे। इससे पहले ही कमला कॉलेज चौक में पुलिस बल ने इन्हें घेर लिया।

रास्ता बंद किए जाने के बाद सभी नेता सड़क पर ही नारेबाजी करते बैठ गए। पुलिसबल ने अपना पूरा जोर लगाते हुए नेताओं को बस में बैठाना शुरु किया। प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने के इस क्रम में काफी धक्का-मुक्की भी हुई। जहां पुलिस कर्मी अपना पूरा बल रहे थे तो दूसरी ओर भाजपा

व् भाजयुमो के युवा नेताओं ने भी अपनी ताकत दिखाई। कार्यकर्ता पुलिस की पकड़ से छूटकर नारेबाजी करते रहे। आखिर में सभी को बस में बिठाकर डोंगरगांव थाने ले जाया गया। मुख्यमंत्री के राजनांदगांव में मौजूद रहने तक सभी नेता-कार्यकर्ता हिरासत में रहे। बाद में पुलिस ने उन्हें वापस राजनांदगांव छोड़ा।

### भारी मशक्कत के बाद बस में बिठाया

पुलिस और भाजपाइयों के बीच संघर्ष उस दौरान देखने को मिला जब 4-5 पुलिसकर्मी भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर एवं अन्य को हिरासत में लेने की कोशिश कर रहे थे। अपने पदाधिकारियों के साथ सड़क पर बैठे जिला अध्यक्ष को पुलिसकर्मियों ने उठा लिया और बस की ओर ले जाने लगे। दूसरी ओर भाजयुमो नेताओं ने विरोध में पूरा जोर लगा दिया। काफी देर तक खींचतान के बाद पुलिसकर्मी ने जिला अध्यक्ष मोनू को बस में बिठाया।

### मुलाकात के लिए मांगा था वक्त

भाजपा ने अचानक ही प्रदर्शन की तैयारी की और सर्किट हाऊस की ओर कूच कर दिया। इस स्थिति में पुलिस को अचानक व्यवस्था सम्हालने के लिए सामने आना पड़ा। चौराहे पर बैठे भाजपा कार्यकताओं को पुलिस ने काफी समझाईश दी। इसके बावजूद मुलाकात करने की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने शहर के विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए अनुमति मांगी थी। जिसमें राजनांदगांव को संभाग बनाने, राहुल गांधी द्वारा घोषित बीएनसी मिल चालू करने की मांग, राजनांदगांव में हॉकी एकेडमी की स्थापना, मोतीपुर-तुलसीपुर रेल्वे फाटक पर मिनी अंडरब्रिज निर्माण की मांग समेत कुल 24 मांगे शामिल है।

### चार बसों में ले जाए गए

भाजपा ने इस प्रदर्शन में पूरा जोर लगा दिया। नेताओं को हिरासत में लिए जाने के बाद चार बसों में बैठाकर डोंगरगांव के लिए रवाना किया गया। प्रदर्शन में पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, रामकुमार गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, तरूण लहरवानी, रविन्द्र सिंह समेत समीर श्रीवास्तव, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, विवेक शर्मा, नोमेश वर्मा, आशीष डोंगरे, देवा झा, पिंटू वर्मा, उज्जवल कसेर, पिंटू वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, हेमदीपसाहू, मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जय शर्मा, कमलेश प्रजापति, आशुतोष सिंह, जसमीत भाटिया, सूरज नायक, साकेत वैष्णव, सोहन चौरसिया, पीयूष लुनिया, विवेक वैष्णव, चंदन साहू, भीष्म साह, आशीष जैन, प्रहलाद सिन्हा, साहिल गोलछा, रवि साहू, अभिषेक पांडेय, नितेश नायक, प्रवीण शुक्ला, हिमांशु सोनवानी, सोमेश मानिकपूरी, मनोज साहू, कृष्णा निषाद, अमितेश झा, नीरज शर्मा, अभिषेक सेन, सम्भव बैद, लोकेश यदु, विकास साहू, रोहित सिन्हा, भूपेश साहू, कमलेश लहरे, आदित्य पराठे, अंशुल श्रीवास्तव, आशु कसार, राहुल यादव, आशु डहरिया, पंकज वर्मा, हिमांशु पात्रे, रोहित यादव, सूरज गुप्ता, प्रिंस, प्रशांत हाथीबेड, अशोक सिन्हा, राघव ठक्क र, अनुराग श्रीवास्तव, संस्कार झा, भवेश पराठे, प्रज्वल गुप्ता, नरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

## गोदाम निर्माण के कार्य में तेजी लाने और केसीसी आवेदनों का निराकरण जल्द करने के निर्देश

■ जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने प्रत्येक स्कूलों में नोडल बनाने के भी दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने सरकार की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मंबलवार को आयोजित समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उन्होंने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी, वर्मीकंपोस्ट निर्माण एवं वर्मी टांका निर्माण आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने गौठानो के लिए पैरा दान को लेकर समीक्षा की और जनपद स्तर पर इस कार्य के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों में 100 क्विंटल से अधिक धान का विक्रय करने वाले किसानों को स्वेच्छा पैरा दान के लिए सहमति पत्र भराया जाए। पैरा दान के प्रति किसानों में जागरूकता लाने के लिए जिला पंचायत और जनपद स्तर पर प्रतिनिधियों से सहयोग लिया जाए। बैठक में उपस्थित सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में प्रत्येक गौठानो में पैरादान, पैरा संग्रहण और उसे सुव्यवस्थित ढंग से रखने के लिए मॉनिटरिंग करें। बैठक में कलेक्टर ने गौठानो में गोबर खाद, वर्मी कंपोस्ट निर्माण के साथ ही खाद्य का उठाओ के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। धान खरीदी कार्य की समीक्षा की और अब तक उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी और उठाव के संबंध में जानकारी ली। जिले के लिए स्वीकृत ने धान खरीदी केंद्र बोईदा, लेमरू, पोटापानी, तानाखार और चचिया में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। धान खरीदी की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में 45 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की बोहनी हो चुकी है। उन्होंने इस काम को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटवारी हल्का वार कलस्टर बनाकर उसमें स्कूलों को शामिल किया जाए। इस कार्य की मॉनिटरिंग सीएससी से कराने, जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में बीईओ को संलग्न करते हुए प्रत्येक स्कूलों में एक शिक्षक को नोडल बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस कार्य में राजीव मितान के सदस्यों को वॉलिंटियर्स के रूप में सहयोग लेने के लिए कहा। इस कार्य में तेजी लाने के लिए तहसील स्तर पर, स्कूलों में नोडल व अन्य विभागों में समन्वय के लिए जल्द बैठक के निर्देश भी दिए। इस दौरान जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के तनेरा गोठान में खरीदे गए गोबर की तुलना में वर्मी कंपोस्ट का निर्माण नहीं होने की जानकारी पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने वर्मी कंपोस्ट निर्माण में लापरवाही बरतने एवं गोठान में पर्याप्त संख्या में वर्मी टांका निर्माण नही होने पर जनपद सीईओ आरएस मिर्झा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजीव झा ने समय सीमा की बैठक ली और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर शिव कुमार बैनर्जी, डीएफओ कटघोरा श्रीमती प्रेमलता यादव व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई पॉस और वेइंग मशीन की तकनीकी दिक्कतों को दूर कर हितग्राहियों का राशन आबंटन करे सुलभ: कलेक्टर झा

■ हितग्राहियों की समस्या को दूर करने ई-पॉस मशीन से जुड़ी तकनीकी दिक्कत दूर करने हो रही कोशिश

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में हितग्राहियों को राशन मिलने में आ रही समस्या व शिकायतों को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की और जल्द परेशानी दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से राशन वितरण में ई-पॉस मशीन से संबंधित तकनीकी दिक्कत की भी जानकारी ली और उनका जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खाद्य विभाग को टेक्निकल टीम से इसकी जांच कराने और जहां-जहां ई-पॉस मशीन से संबंधित तकनीकी व अन्य दिक्कतें हैं उसे दूर करने के लिए निर्देशित किया। हितग्राहियों को समय पर और जल्द राशन उपलब्ध हो इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए और इसे गंभीरता से किया जाए। जिला खाद्य अधिकारी जेके सिंह ने बताया कि राशन वितरण में आ रही परेशानी को दूर करने के लिए विभागीय स्तर पर कार्यवाही चल रही है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना



अंतर्गत जिले के सभी 476 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में ई पास और वेइंग मशीन को इंटीग्रशन किया गया है। नवंबर 2022 में कुल 80 हजार 369 राशन कार्ड धारी परिवारों को खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है एवं वितरण कार्य निरंतर जारी है। खाद्य अधिकारी ने बताया की हितग्राहियों के लिए राशन की पर्याप्त उपलब्धता है।

विभागीय स्तर पर किसी तरह की समस्या नहीं है। लेकिन राशन वितरण प्रक्रिया में ई-पॉस मशीन की अनिवार्यता है। हितग्राही को राशन वितरण के दौरान इससे संबंधित प्रक्रिया का पालन करते हुए राशन वितरण किया जाता है। इसके प्रोसेस में आने वाली तकनीकी समस्या के कारण ही समय पर राशन वितरण में दिक्कत आ रही है। इस समस्या के निराकरण के लिए टेक्निकल टीम भी लगी हुई है। इस पर प्रदेश स्तर से मॉनिटरिंग भी कराई जा रही है। राशन वितरण में आ रही समस्या को दूर कर हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। समस्या का जल्द निराकरण कर लिया जाएगा।

## रोजगार मेला: 491 पदों में भर्ती के लिए लगेगा मेला

**कोरबा।** जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने शासकीय मुकुटधर पांडे महाविद्यालय कटघोरा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को अपना भविष्य संवारने का सुनहरा मौका मिलेगा। रोजगार मेले में छह निजी संस्था जिज्ञासा सिक्योरिटी सर्विसेस एण्ड हाउस कीपिंग कोरबा, एसबीआई बैंक, सोनी मल्टी सर्विसेस कोरबा, लर्निंग स्किल लिमिटेड वेदांता स्किल स्कूल कोरबा, एआर इंटरप्राइजेज एवं जिप्सा एजुकेशन एंड टेक्निकल प्राइवेट लिमिटेड कोरबा शामिल होंगी। इन संस्थाओं में सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, होटल मैनेजमेंट एण्ड हाउस कीपिंग, सेल्स आफिसर, अभिकर्ता, लाईफ इंश्योरेंस एडवाईजर, इंश्योरेंस मैनेजर, बीओएम, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि के कुल 491 प्रकार के पदो पर रोजगार मेले के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग, 30 तक किया जा सकता है आवदेन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एसएससी, बैकिंग, रेलवे, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क कोचिंग अनुबंधित निजी कोचिंग संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

पात्र अभ्यर्थी 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते है। आवेदन पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। 6 मई 2022 को आयोजित प्राक्कयन परीक्षा की प्रतीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थियों को पुनः परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है। वे प्रवेश हेतु पात्र है। निःशुल्क परीक्षा पूर्व कोचिंग में प्रतीक्षा सूची के प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शेष रिक्त सीटों पर भर्ती प्राक्कयन परीक्षा से की जाएगी। इसके लिए अनुसूचित जाति के महिला वर्ग, अनुसूचित जनजाति के महिला एवं पुरूष वर्ग और पिछड़ा वर्ग के महिला वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है।

आवेदन पत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र, साईंस कॉलेज के सामने, चांटीडीह रोड बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं विभागीय वेबसाईट www.bilaspur.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

### घटते लिंगानुपात एवं बेटियों के महत्व पर जन-जागरूकता पर दिया गया जोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंग चयन और पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। भारत सरकार एवं विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञों ने कार्यशाला में घटते लिंगानुपात और बेटियों के महत्व पर जन-जागरूकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि घटता लिंगानुपात एक बड़ी चुनौती है। इसे सही स्तर पर रखने के लिए हमें बेटे और बेटियों के भेद को खत्म करते हुए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल जन्म के समय लिंगानुपात को बेहतर करना है, बल्कि शिशु लिंगानुपात में भी सुधार लाना है। कार्यशाला में पी.सी.पी.एन.डी.टी. के





छत्तीसगढ़ के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, भारत सरकार में पी.सी.पी.एन.डी.टी. की लीड कंसल्टेंट इफ्फत हामिद, हरियाणा सरकार की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सरोज अग्रवाल एवं पुणे की अधिवक्ता वर्षा देशपांडे ने पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के क्रियान्वयन पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में एक्ट के विभिन्न प्रावधानों एवं नए दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य स्तरीय कार्यशाला की शुरूआत में पी.सी.पी.एन.डी.टी. के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 के उपयोग, महत्व एवं जरूरत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में नोडल अधिकारियों के लिए डिकॉय ऑपरेशन एवं विधिक कार्यवाही के संबंध में सार्थक विमर्श किया गया। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सलाहकार समिति के सदस्य और जिलों के समुचित प्राधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए।

## मितानिन दिवस पर योग आयोग सदस्य रविंद्र सिंह ने मितानिनों का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य व वरिष्ठ पार्षद रविन्द्र सिंह ने मितानिन दिवस पर मितानिनो को श्रीफल व साल देकर सम्मान किये। मितानिन दिवस पर संबोधित करते हुए । छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव रविन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा की मितानिन सरकार की योजना को जन जन तक पहुंचा कर गरीबो को लाभ पहुंचाने का काम करती है।वही लोगो के बीपी शुगर लकवा जाचँ के साथ गर्भवती महिलाओ को भी लाभान्वित करने का पुनित कार्य करती है। यैसे सभी मितानिनो के सेवा को मै नमन करता हुँ। सम्मान समारोह मे संजु बेगम सावित्री दुबे कल्पना नाईक ज्योति थुल प्रभा चौहान सहीत दर्जनो मितानिनो को सम्मान किया गया।

## चार यात्री ट्रेनें रद्द और पांच परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**बिलासपुर।** मध्य रेलवे के भुसावल रेल मंडल के अंतर्गत जलगांव-भुसावल के बीच जलगांव स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा, इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है 7 इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे भुसावल रेल मंडल के जलगाँव-भुसावल खंड के जलगाँव स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा 7 यह कार्य जलगांव स्टेशन में दिनांक 05 एवं 06 दिसम्बर, 2022 को किया जायेगा । इस कार्य के फ्लस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से शुरू होने वाली कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी 7 इस कार्य के पूरा होते ही गाड़ियों की समयबद्धता व परिचालन में गतिशीलता आएगी। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है :- रदद होने वाली गाडियां- 01. दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापूर से छूटने वाली 11039 छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापूर-गोंदिया महाराष्ट्र एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 02. दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को गोंदिया से छूटने वाली 11040 गोंदिया-श्री छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापूर महाराष्ट्र एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03.दिनांक 04 दिसम्बर, 2022 को मुंबई से छूटने वाली 12105 मुंबई-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 04. दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को गोंदिया से छूटने वाली 12106 गोंदिया-मुंबई विदर्भ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां-दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को बिलासपुर से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बड़नेरा-भुसावल-खंडवा जंक्शन-इटारसी जंक्शन-संत हिरदाराम नगर-रतलाम-छायापुरी होकर चलेगी । 02.दिनांक 04 दिसम्बर, 2022 को हावड़ा से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बड़नेरा-भुसावल-खंडवा जंक्शन-इटारसी जंक्शन-संत हिरदाराम नगर-रतलाम-छायापुरी होकर चलेगी । 03. दिनांक 04 दिसम्बर, 2022 को पूरी से छूटने वाली गाड़ी संख्या 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बड़नेरा-भुसावल-खंडवा जंक्शन-इटारसी जंक्शन-संत हिरदाराम नगर-रतलाम-वडोदरा जंक्शन होकर चलेगी । दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को पुरी से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12994 पुरी-गाधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बड़नेरा-भुसावल-खंडवा जंक्शन-इटारसी जंक्शन-संत हिरदाराम नगर-रतलाम-छायापुरी होकर चलेगी ।

## मरीजों के उपचार में आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता बढ़ाई जाएः संजीव

■ कलेक्टर ने धनवंतरी मेडिकल स्टोर से ही दवाइयों की खरीदी सुनिश्चित करने के भी दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टोरेट सभा कक्ष में मंगलवार को कलेक्टर संजीव झा ने जीवनदीप समिति के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के संचालन के संबंध में भी स्वास्थ्य अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। कलेक्टर संजीव झा लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने और अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता सुनिश्चित करने पर जोर देने के लिए स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिए। कलेक्टर ने दवाइयों की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली और निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में आवश्यकतानुसार दवाइयों की आपूर्ति के लिए धनवंतरी मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां खरीदी की जाए। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों, लैब और मेन पावर की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध हॉस्पिटल में डेली ओपीडी, आईपीडी को लेकर जानकारी ली और अस्पताल में मरीजों के बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. एस एन केशरी, सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अविनाश मेश्राम, मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ गोपाल कंवर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाथी की मौत के आरोपियों की धरपकड़ के लिए ड्यूटी में कार्यरत वन कर्मी की ट्रेलर की ठोकर से हुई मौत

■ सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी ट्रेलर वाहन बना वन आरक्षक के मौत का कारण

■ नवापारा सर्किल के नवागढ़ बीट में कार्यरत था वनकर्मी, घरघोडा पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच में जुटी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





घरघोडा थाना क्षेत्र में सन स्टील के पास सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी ट्रेलर वाहन से टकराकर वन आरक्षक के मौत होने की जानकारी मिल रही है! हांथी की मौत के आरोपियों की धरपकड़ के लिए ड्यूटी के दौरान कार्यरत वन कर्मी की खड़ी ट्रेलर से टक्कर होने पर मौके पर ही घायल होकर बेहोश हो गया जिसे घरघोड़ा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार घरघोडा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उप वनमंडल घरघोडा के नवापारा सर्किल के नवागढ़ सर्किल में तैनात वन रक्षक घन कुमार राठिया उम्र 30 वर्ष मूलतः की कल हांथी की मौत वाले प्रकरण में आरोपियों की धरपकड़ पतासाजी की ड्यूटी पर लगाई गई थी कल रात लगभग 9 बजे वन कर्मी बाइक में सवार होकर आरोपी की पतासाजी के लिए निकला था जहाँ सन स्टील के पास खड़ी ट्रेलर अंधेरे की वजह से नही देख पाने के कारण सीधे ट्रेलर से जा टकराया और टकराने से सिर पर गंभीर चोट लगी , मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 को सूचना दी गई । थाना प्रभारी के दिशानिर्देश पर कुछ ही समय पश्चात112 मौके पर पहुँच गई और घायल वन कर्मी को उपचार के लिए घरघोडा हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था की तभी चोट गंभीर होने के कारण रास्ते मे ही कर्मी के दम तोड़ने की बात कही जा रही है।

घरघोडा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए घरघोडा हॉस्पिटल भेज दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम के विवेचना में लेकर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। वन कर्मी घन कुमार मिलनसार ब्यक्तित्व के होने के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे इनके निधन से क्षेत्र वासियों व वन विभाग कर्मचारियों में शोक की लहर फैल गई है।

### जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं और किया निराकरण

## कलेक्टर की पहल पर भू-विस्थापित को मिलेगा मकान

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जन-चौपाल में आमजनो की समस्याएं सुनी और विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में 132 आवेदन प्राप्त हुए। जन-चौपाल में एसईसीएल कुसमुंडा से संबंधित प्रकरण में भूविस्थापित नरईबोध निवासी राधेश्याम कश्यप ने समस्या बताई कि एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने भू अर्जन के बदले उसको उसको रोजगार तो दिया है। लेकिन बसाहट के नियम के बाद भी अब तक बसाहट नहीं दिया गया है और न ही रहने के लिए आवास उपलब्ध



कराया है। जिसके कारण वह परेशानी के बीच रहने मजबूर है। इस समस्या पर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित एसईसीएल कुसमुंडा जीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित को तत्काल बसाहट या मकान आवंटित करने की कार्यवाही किया जाए। इसी तरह सतरेंगा में जय ठाकुर देव नौका विहार समिति की ओर से लाइफ जैकेट की मांग कलेक्टर से की गई। इस पर कलेक्टर संजीव झा ने समिति की मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द 500 लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने कहा। इस संबंध में जिला नगर सेनानी के कमांडेंड को निर्देशित करने कहा गया। जनचौपाल में करतला तहसील के पठियापाली निवासी भुवन सिंह कंवर ने कहा कि वह 80 प्रतिशत श्रवण बाधित दिव्यांग है। 10 वर्ष से दिव्यांग पेंशन की मांग कर रहा है । लेकिन उसे दिव्यांग पेंशन नहीं दिया जा रहा है। जन चौपाल में कलेक्टर झा ने आवेदक प्रीतम रत्नाकर को को ठीक से सुनाई नही देने की उसकी समस्या को देखते हुए तत्काल उसे श्रवण यंत्र और पेंशन दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जेलपारा नरईबोध निवासी प्रभाकर रत्नाकर ने बीपीएल कार्ड नही बन पाने की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि वह बीपीएल कार्ड बनाने के लिए लंबे समय से चक्कर काट रहा है। इस समस्या पर कलेक्टर संजीव झा ने जिला खाद्य अधिकारी को जल्द राशन कार्ड बनाकर देने के निर्देश दिए। जन चौपाल में राताखार निवासी खिलाड़ी राजेश कुमार ने थाईलैण्ड में होने वाले अंतरराष्ट्रीय अर्बन गेम्स ऑफ इंडिया का अंतर्राष्ट्रीय गेम्स के अंतर्गत ष्उसूष् खेल के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उसने आर्थिक सहायता की जरूरत बताई। जिस पर कलेक्टेट संजीव झा ने अधिकारियों को इसके लिए जरूरी मदद के लिए निर्देशित किया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

Email Id:- birgaonmcp@gmail.com https://www.nagarnigambirgaon.com

क्रमांक/3458 न.पा.नि./DAY-NULM/2022-23 बीरगांव, दिनांक 18/11/2022

**// रूचि की अभिव्यक्ति सूचना//**

भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित ''दीनदायाल अन्त्योदय योजना'' राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल (Shelter For Urban Homeless) योजना अंतर्गत वार्ड क्र. 16 बंजारी मंदिर के पास स्थित शहरी बेघरों के लिए सर्व सुविधा युक्त आश्रय स्थल संचालन हेतु संस्था का चयन किया जाना है। इस हेतु दिनांक 22.12.2022 शाम 05:00 बजे तक आर.एफ.पी./ई.ओ.आई. स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, ई.ओ.आई. खोलने की तिथि 28.12.2022 समय शाम 05:00 बजे है। निर्धारित समयवधि के पश्चात् प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**टीप :-** विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी कार्यालीन अवधि में कार्यालय के सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**

# जांजगीर-चांपा जिले में सघन जांच अभियान, अवैध खनिज परिवहन करते पाए गए 36 वाहन जब्त

## खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले में खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते पाए गए 36 वाहनों को जप्त किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के दिशानिर्देशन में खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जाँच की गई। इस दौरान जांजगीर तहसील क्षेत्र में खनिज का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खनिज रेत के 5 हाईवा एवं 4 ट्रैक्टर, खनिज मिट्टी (ईट) के 1 ट्रैक्टर, खनिज कोयला के 1 ट्रेलर एवं खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 5 ट्रेलर, 1 हाईवा, 1 ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस लाईन जांजगीर में तथा 1 हाईवा रेत को जप्त कर सिटी कोतवाली जांजगीर में सुरक्षार्थ रखा गया है।

इसी प्रकार चांपा तहसील क्षेत्र में महुदा एवं कुदरी बैराज क्षेत्र से 2 ट्रैक्टर रेत एवं 3 ट्रैक्टर निम्न श्रेणी चूनापत्थर (गिट्टी) के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर चांपा थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है। अकलतरा तहसील क्षेत्र में 1 ट्रेलर, 1 हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर (बोल्डर/जीरा/गिट्टी) के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर थाना अकलतरा में, पामगढ़ तहसील क्षेत्र में 1 हाईवा रेत एवं 3 ट्रैक्टर रेत, 01 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट) को जप्त कर थाना पामगढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है। शिवरीनारायण तहसील क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर रेत के वाहन जप्त कर थाना शिवरीनारायण में सुरक्षार्थ रखा गया है। नवाग? तहसील क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट), 1 ट्रैक्टर निम्न श्रेणी चूनापत्थर (गिट्टी) को जप्त कर थाना नवागढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है। 1 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट) को कलेक्टर परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस प्रकार कुल 36 वाहनों पर कार्यवाही की गयी। सभी वाहन मालिकों, वाहनों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015, छत्तीसगढ़ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत् कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि 22 नवम्बर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व). तहसीलदार जांजगीर की टीम द्वारा भी जांजगीर क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन के 4 प्रकरण दर्ज किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर का कार्यवाही में विशेष योगदान रहा। अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही में खनिज निरीक्षक- आदित्य मानकर, प्रभारी खनिज निरीक्षक पीडी जाडे, पुलिस निरीक्षक- विवेक पाण्डेय, रामकुमार जैन, उप-निरीक्षक- सनत मात्रे, अविनीश श्रीवास शामिल रहे।

# टीम वर्क के रूप में कार्य कर सूचना आयोग को सफल बनाएं : अग्रवाल

- राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल को आयोग कार्यालय में आज सेवा निवृत्ति होने पर सादे समारोह में विदाई दी गई। सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सूचना आयोग में टीमवर्क के साथ कर आयोग के कार्यों को सफल बनाएं। आयोग के सभी अधिकारी और कर्मचारी सकारात्मक सोंच से कार्य करते हुए आयोग का नाम रोशन करें। निवृर्तमान राज्य सूचना आयुक्त अगवाल ने कहा कि आयोग में 5 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा है। आयोग में विगत पॉच वर्षो में 8506 प्रकरणों का निराकरण कर एक रिकार्ड कायम किया। उन्होंने कहा कि आयोग में संसाधनों की कमी के बाद भी कुशलता से कार्य सम्पादित किए। आयोग में ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिसके तहत आवेदन अपने घर से ऑनलाईन आवेदन कर जानकारी हासिल कर सकता है। अग्रवाल ने कहा कि आयोग के द्वारा वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2022 तक के महत्वपूर्ण निर्णयों को संकलित कर प्रकाशन कराया गया, जो जनसूचना अधिकारियों, प्रथम अपीलीय अधिकारियों और अपीलार्थियों के लिए मार्गदर्शी साबित हो रहा है। उन्होंने सूचना आयुक्त त्रिवेदी, जायसवाल से कहा कि लंबित प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा निराकरण करने का प्रयास करें। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने कहा कि अग्रवाल सरल, सहज और संवदनशील हैं। उनका ज्ञान और मार्गदर्शन सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में काम आएगा। अग्रवाल आदेशों, निर्देशों का पालन कराने में तत्पर रहते थे और अधिकारी एवं कर्मचारियों को साथ लेकर चलने वाले थे। अग्रवाल में कार्यो के प्रति सजगता और सक्रियता देखी जा सकती थी। त्रिवेदी ने बताया कि कोरोनाकाल में वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोग में अपील और शिकायत के प्रक्ररणों की सुनवाई की जाती रही, जिसके माध्यम से अपीलार्थी, और जनसूचना अधिकारी अपनी बात आसानी से रख सकते थे। राज्य सूचना आयुक्त धनवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि कर्म ही पूजा है, हमेशा अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार रहकर कार्य सम्पादित करते रहे हैं और कानून की परिधि में रहकर कार्य करते रहें। आयोग में भी उनके कार्यशैली की प्रशंसा की जा रही है। आयोग का प्रकाशन वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2022 तक के महत्वपूर्ण निर्णयों में सबसे ज्यादा अग्रवाल के निर्णय है, जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय ओर केन्द्रीय सूचना आयोग के निर्णय को उदाहरण के रूप में शामिल किया है, जो अनुकरणीय है। वे प्रशासनिक क्षेत्र से होने के नाते व्यावहारिक ज्ञान के मामले में सम्पन्न थे। आयोग के सचिव आनंद मसीह ने कहा कि अग्रवाल के संयमित और प्रशासनिक सेवा कार्या का मार्गदर्शन आगे भी आयोग को मिलता रहेगा।

# मिशन अमृत की हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिवअमिताभ जैन की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय महानदी भवन में मिशन अमृत की राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मिशन अमृत दो के अंतर्गत राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 550 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत की जल प्रदाय योजनाओं के विस्तृत प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण दिया गया। मिशन अमृत के अंतर्गत रायपुर जिले के नगर पंचायत माना कैंप, नगर पंचायत समोदा, नगर पंचायत मंदिर हसौद, नगर पंचायत चंदखुरी के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं का परियोजना प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसी तरह से गरियाबंद जिले की नगर पंचायत फिंगेश्वर, दुर्ग जिले की नगर पंचायत कुम्हारी, सूरजपुर जिले की नगर पंचायत प्रेमनगर, बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बोदरी तथा कोरिया जिले की नगर पंचायत झगराखंड, नगर पंचायत खोगपानी और नगर पंचायत लेदरी के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं के निर्माण के लिए मिशन अमृत के अंतर्गत परियोजना प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी., जल संसाधन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौमिल रंजन चौबे और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# पॉवर कंपनी अंतरक्षेत्रीय सुगम संगीत एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता संपन्न, रायपुर क्षेत्र का दबदबा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में आयोजित सुगम अंतरक्षेत्रीय संगीत एवं स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र सबसे अधिक पुरस्कार जीतकर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित हुई। वहीं रायपुर सेन्ट्रल , दुर्ग, मड़वा, राजनांदगाँव ने भी अलग- अलग विधाओं के पुरूष और महिला वर्ग में पुरस्कार अपने खाते में डाले। कंपनी मुख्यालय परिसर डंगनिया में आयोजित समापन अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशकों एन के बिजौरा एवं मनोज खरे ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एम.एस.चौहान , परिषद के रायपुर सेन्ट्रल के अध्यक्ष के.एस.मनोठिया समेत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। समापन अवसर पर एमडी मनोज खरे ने कहा कि व्यस्तताओं के बीच प्रतिभागियों का कला के प्रति अनुराग देखकर लगता है कि हमारे भीतर जीवंतता बाकी है। तमाम नकारात्मकता के बीच यह उजला पक्ष कंपनी में रचनात्मक माहौल निर्माण करने में सहायक है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्पादन एन के बिजौरा ने कहा कि नई पीढ़ी के लोगों का उत्साह कंपनी के हित में है और इसे बेहतर अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403